

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791


वर्ष : 01, अंक : 320 रांची, मंगलवार, 05 नवंबर 2024 (कार्तिक शुक्ल 04, संवत 2081), पृष्ठ : 12, मूल्य : 3 रुपये email: jharkhandwanitaudyog@gmail.com



## नहाय खाय के साथ चार दिनी छठ महापर्व आज से

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** हर साल कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को नहाय-खाय के साथ छठ पूजा की शुरुआत हो जाती है। इस साल 5 नवंबर 2024, मंगलवार यानी आज से छठ महापर्व की शुरुआत हो चुकी है। छठ के पहले दिन नहाय खाय की परंपरा होती है। इस दिन व्रती सुबह नहाकर सात्विक भोजन ग्रहण करते हैं। नहाय खाय के साथ शुरू होकर यह पर्व उषा अर्घ्य के साथ समाप्त होता है। छठ पूजा के इन चार दिनों तक व्रत से जुड़े कई नियमों का पालन किया जाता है। ऐसे में आइए जानते हैं छठ पूजा के पहले दिन नहाय खाय में किन नियमों का पालन करना चाहिए।



**छठ पूजा नहाय खाय का महत्व** : नहाय खाय के दिन व्रती तालाब, नदी या घर पर ही स्नान करते हैं। छठ पूजा में नहाय खाय का विशेष महत्व होता है, इसके साथ ही पर्व की शुरुआत होती है। नहाए खाए के दिन व्रती सात्विक आहार ग्रहण कर खुद को पावन और पवित्र छठ पूजा के लिए तैयार करते हैं। इससे व्रती के अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

**सूर्योदय और सूर्यास्त का समय** : रांची में सात नवंबर को सूर्यास्त समय 5 बजकर 07 मिनट है। इसी वक्त अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। इसी तरह आठ नवंबर को सूर्योदय 5 बजकर 58 मिनट पर है, इसी वक्त उदयकालीन सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा।

### नहाय खाय के नियम

- नहाय खाय के दिन सबसे पहले तो पूरे घर को साफ-सुथरा किया जाता है।
- छठ का व्रत करने वाले व्रती को नहाय खाय के दिन प्रातःकाल उठकर स्नान आदि करना चाहिए।
- संभव हो तो नहाय खाय के दिन नया वस्त्र पहनें। इसके अलावा आप साफ-सुथरा कपड़ा भी पहन सकते हैं।
- इसके बाद भगवान सूर्य को जल अर्पित करना चाहिए।
- नहाय खाय का भोजन पहले सूर्य देव को भोग लगाएं इसके बाद ही इसे ग्रहण करें।
- नहाय खाय के दिन सात्विक भोजन ही बनाएं। इस दिन प्याज-लहसुन भूलकर भी नहीं खाना चाहिए।
- नहाय खाय के दिन कद्दू की सब्जी, लौकी चने की दाल और भात (चावल) खाने की परंपरा है।
- नहाय खाय के दिन तैयार किया गया भोजन सबसे पहले व्रती को ही खाना चाहिए। इसके ही बाद परिवार के अन्य सदस्य खाएं।
- नहाय खाय के दिन परिवार के लोगों को भी सात्विक भोजन करना चाहिए।

## कनाडा में लगे 'बंटोगे तो कटोगे' के नारे

- मंदिर पर खालिस्तानियों के हमले के बाद हिंदुओं की हुंकार
- कनाडा के ब्रैम्पटन में मंदिर के बाहर हिंदुओं ने दिखाई एकजुटता

**नई दिल्ली।** कनाडा में खालिस्तानी समर्थकों की हिमाकत लगातार बढ़ रही है। वो खुलेआम भारत के खिलाफ प्रदर्शन और नारेबाजी कर रहे हैं। यहां तक कि हिंदुओं और मंदिरों पर हमले भी कर रहे हैं। इस बीच, अब हिंदुओं में भी एकजुटता के प्रयास तेज हो गए हैं। यहां हिंदुओं ने कनाडा में 'बंटोगे तो कटोगे' के नारे लगाए हैं और एकता दिखाने की अपील की है। दरअसल, रविवार को खालिस्तानी समर्थकों ने ब्रैम्पटन में हिंदू मंदिर में भक्तों के एक समूह को निशाना बनाया है। इस घटना से हिंदुओं में बड़े स्तर पर आक्रोश फैल गया है। खुद प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो सामने आए और घटना की निंदा की। ट्रूडो ने कहा, मंदिर में हिंसा की घटनाएं अस्वीकार्य हैं। प्रत्येक कनाडाई को



अपने धर्म का स्वतंत्र और सुरक्षित तरीके से पालन करने का अधिकार है। उन्होंने इस घटना की जांच करने के लिए त्वरित एक्शन लेने के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसी को धन्यवाद भी दिया। इस घटना से कनाडा के हिंदुओं के बीच लगातार नाराजगी बढ़ती जा रही है। अब ब्रैम्पटन मंदिर के पुजारी ने एकता का परिचय देने का आग्रह किया और 'बंटोगे तो कटोगे' के नारे लगाए हैं। शेष पेज 08 पर

### संक्षिप्त खबरें

#### शारदा सिन्हा की बिगड़ी तबीयत, वेंटिलेटर पर किया गया है शिफ्ट



**नई दिल्ली।** बिहार की मशहूर लोक गायिका शारदा सिन्हा की 4 नवंबर को अचानक तबीयत बहुत ही ज्यादा खराब हो गई है। जिसके बाद उनको एम्स अस्पताल के वेंटिलेटर पर शिफ्ट किया गया है। इससे पहले वह नॉर्मल वार्ड में थीं। तबीयत में सुधार हो रहा था, लेकिन आज अचानक तबीयत बिगड़ गई है। उनके बेटे अंशुमान सिन्हा ने जानकारी दी है कि उनकी हालत गंभीर होने के बाद डॉक्टरों ने उन्हें वेंटिलेटर पर शिफ्ट कर दिया है। अंशुमान सिन्हा ने शारदा सिन्हा के यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो संदेश में जानकारी दी और प्रशंसकों से प्रार्थना करने की अपील की। उन्होंने कहा, मां की तबीयत अचानक खराब होने के बाद उन्हें दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया है। इस समय मां एक बड़ी लड़ाई में चली गई हैं और यह समय बहुत कठिन है। प्रार्थना करें कि वह लड़ सकें और इससे बाहर आ सकें।

#### आगरा में वायुसेना का मिग-29 विमान क्रैश पायलट सुरक्षित



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में सोमवार शाम वायुसेना का मिग-29 विमान खेतों में क्रैश हो गया। यह विमान थाना कागारौल क्षेत्र में बघा सोनिगा गांव से तीन किलोमीटर दूर खेतों में गिरा। विमान के गिरते ही आग लग गई। विमान के क्रैश होने से उसके पायलट और सह-पायलट पैराशूट की सहायता से विमान से निकल गए। शेष पेज 08 पर

झारखंड में गढ़वा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया चुनावी शंखनाद, कहा

# पर्व-त्योहारों में पथराव से पता चलता है कि खतरा कितना बड़ा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**गढ़वा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को झारखंड में अपने अभियान का आगाज करते हुए पहली ही रैली में जोरदार हुंकार भरी। प्रधानमंत्री ने गढ़वा में चुनावी जनसभा के दौरान सत्ताधारी झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और आरजेडी गठबंधन को जमकर निशाने पर लिया। उन्होंने घुसपैठ के मुद्दे को भी उठाया। पीएम ने त्योहारों के दौरान पथराव की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इससे पता चलता है कि खतरा कितना बड़ा है।

**कांग्रेस जहां भी झूठ बोलकर सत्ता में आई, वह राज्य बर्बाद हो गया** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस और उसके साथी जहां-जहां भी झूठ बोलकर सत्ता में आए हैं, उस राज्य को उन्होंने बर्बाद कर दिया है। कांग्रेस के जो अध्यक्ष हैं, उन्होंने भी मान लिया है कि कांग्रेस झूठी गारंटी देती है। पता नहीं कैसे मल्लिकार्जुन खरगे के मुंह से जाने-अनजाने में सच निकल गया है। कहा कि कांग्रेस की जो ये अनाप-शनाप घोषणाएं हैं, ये राज्यों को दिवालिया कर देंगी। शेष पेज 08 पर




**आने वाला 25 वर्ष देश और झारखंड के लिए बहुत महत्वपूर्ण**

पीएम मोदी ने कहा-' झारखंड में ये चुनाव ऐसे समय हो रहे हैं, जब पूरा देश 'विकसित भारत' के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहा है यानी आने वाले 25 वर्ष देश और झारखंड के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे होंगे और झारखंड भी तब 50 वर्ष का होने वाला होगा।'

**रोटी-बेटी-माटी की पुकार, झारखंड में एनडीए की सरकार**

पीएम मोदी ने कहा- 'मैं आज आप सबका आशीर्वाद मांगने आया हूं। आज झारखंड में हर तरफ एक ही गूंज है, 'रोटी-बेटी-माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा-एनडीए की सरकार। इस समय छठ का उत्साह भी चारों तरफ दिख रहा है। मैं छठी मैया की उपासना करने वालों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं।'

### चाईबासा में बोले: चंपाई सोरेन के अपमान के लिए झामुमो को सजा देने का यही वक्त

- कोल्हान ने अंग्रेजों को खदेड़ा अब जेएमएम-कांग्रेस की बारी

**चाईबासा।** झारखंड में 13 नवंबर को पहले चरण का चुनाव है। इस बीच, गढ़वा के बाद पीएम मोदी चाईबासा पहुंचे। पीएम मोदी ने यहां अपना संबोधन दे रहे हैं। पीएम मोदी ने यहां जेएमएम और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है।

**गरीबों के संघर्षों को मैंने जिया** : पीएम मोदी ने कहा कि गरीबों का संघर्षों को मैने जिया है। 10 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। हमारी सरकार बनी, तो किसान को धान का एमएसपी 3000 रुपये प्रति क्विंटल देगी। कांग्रेस ने आदिवासी को गरीब रखने का काम किया। जिनको कोई नहीं पूछता है उनको मोदी पूजता है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से 60 हजार गांव में आदिवासी का उत्थान किया जाएगा। चाईबासा में मेडिकल कालेज का काम झारखंड सरकार ने लटका कर रखा है। शेष पेज 08 पर



**महिलाओं को गोगो दीदी योजना से बनाना है सशक्त**

मेरा लंबा समय आदिवासी को देख कर गुजरा है। भारत को विकसित करने के लिए महिला को सशक्त बनाना है, ये हमलोगों का वादा है। गोगो दीदी योजना महिलाओं का सम्मान करेगी।

## 21 दिन बाद झारखंड में खिलेगा सुशासन का कमल: शिवराज

प्रातः नागपुरी संवाददाता



- केंद्रीय मंत्री ने खिजरी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में सभा को किया संबोधित

रांची। केन्द्रीय कृषि मंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को झारखंड की खिजरी विधानसभा से भाजपा के उम्मीदवार रामकुमार पाहन के समर्थन में सभा को संबोधित किया। उन्होंने जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि गठबंधन सरकार ने वन संपदा, जल संपदा और खनिज संपदा से भरपूर सुंदर राज्य को तबाह और बर्बाद कर दिया है। यही वजह है कि अब झारखंड की जनता ने जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की सरकार को उखाड़ फैंकने का मन बना लिया है, जिससे झारखंड में सुशासन का कमल खिलना तय है।

**झारखंड में नई क्रांति की जरूरत है** : शिवराज ने कहा कि यदि झारखंड को बचाना है तो एक नई क्रांति करनी पड़ेगी। ये वो धरती है, जहां भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के अत्याचार और अन्याय के खिलाफ क्रांति का बिगुल फूंका था और अंग्रेजों के दांत खट्टे किये थे। आज जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन सरकार में भी शोषण की अति हो गई है। यहां बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। विदेशी घुसपैठिए यहां आ रहे हैं। बेटियों को भ्रम के जाल में फंसाकर उनसे शादी कर रहे हैं और जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। पंचायतों पर कब्जा कर रहे हैं। इतना ही नहीं रूबीका, अंकिता जैसी बेटियों की निर्मम हत्या की जा रही है। झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही इन विदेशी घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर निकाला जाएगा। इसलिए यहां भी अब 'उलगुलान' की जरूरत है। एक नई क्रांति की जरूरत है।

**महिला सशक्तीकरण, हमारा संकल्प** : शिवराज ने कहा कि पांच साल पहले हेमंत सोरेन ने महिलाओं से वादा किया था कि उन्हें प्रति माह 2 हजार रुपये चूल्हा खर्च के लिए दिया जाएगा, नव लेकिन 4 साल 10 महीने बहनों की याद नहीं आई और चुनाव आते ही वोटों की लालच में बहनों के खाते में 1-1 हजार रुपये डाल दिए। झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही बहनों के खाते में हर महीने की 11 तारीख को गोगो दीदी योजना के तहत 2100 रुपये की राशि डाली जाएगी। शेष पेज 08 पर

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तिगरा गरियाटोली की चुनावी सभा में किया दावा, कहा

## झारखंड में फिर बनेगी गठबंधन सरकार

- कार्यकाल की गिनायीं उपलब्धियां
- भाजपा पर लगाया गंभीर आरोप

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**रातू।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार की शाम तिगरा गरियाटोली स्थित पांच पड़हा भवन मैदान पहुंचे। दीदार के लिये लाखों की भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाएं बेहद उत्साहित थीं। श्री सोरेन ने हटिया के कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव के लिये वोट मांगा। जोहार से संबोधन की शुरुआत की और अपने कार्यकाल के दौरान सड़क,



महिला सशक्तीकरण, मंईयां सम्मान, कर्मचारियों की पुरानी पेंशन, बिजली बिल, कृषि ऋण, अबुआ आवास, ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण व मंत्रिमंडल से सरना धर्म कोड स्वीकृत कराकर केंद्र को भेजे जाने जैसी उपलब्धियां गिनायीं।

श्री सोरेन भाजपा पर हमलावर रहे। उन्होंने पार्टी नेताओं पर जाति और धर्म की आड़ में राजनीति करने व फुट डालो और शासन करो की नीति अपनाने का आरोप लगाया। शेष पेज 08 पर

### योगी, राजनाथ और शिवराज आज झारखंड में करेंगे कई सभाएं

**रांची।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय कृषि मंत्री एवं झारखंड के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान 5 नवंबर को कई सभाएं करेंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कोडरमा जिले के डोमचांच के चंद्रावती स्कूल ग्राउंड में सुबह 10:30 बजे से जनसभा को संबोधित करेंगे। हजारीबाग जिले के बड़कागांव के प्लस टू हाई स्कूल मैदान में दोपहर 12:00 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। शेष पेज 08 पर

गांडेय विधायक कल्पना ने भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर बोला हमला, कहा

## झारखंड का पैसा दूसरे राज्यों को भेजती है भाजपा

- चिनियां और मेराल में जनसभा को किया संबोधित

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**गढ़वा।** झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन एवं गढ़वा विधायक व झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश ठाकुर का जलवा सोमवार को दिखा। गढ़वा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के बावजूद कल्पना सोरेन की चिनियां व मेराल की जनसभा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। हजारों की संख्या में ग्रामीण कल्पना सोरेन के कार्यक्रम में शामिल हुए। सोमवार को गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के चिनियां प्रखंड



अंतर्गत चिरका आईटीआई के मैदान और मेराल हाई स्कूल के मैदान में झामुमो प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर के पक्ष में आयोजित चुनावी जनसभा आयोजित की गई।

इस जनसभा में श्रीमती सोरेन ने 13 नवंबर को तीर धनुष छाप पर वोट देकर प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर को भारी बहुमत से जीताने की अपील की। कल्पना सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार महंगाई का उपहार देती है। वह झारखंड का पैसा दूसरे राज्यों को भेजती है। शेष पेज 08 पर

## अल्मोड़ा में खाई में गिरी यात्रियों से भरी बस, अबतक 36 की मौत

**उत्तराखंड।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा में यात्रियों से भरी बस के साथ बड़ा हादसा हो गया है। मार्चुला इलाके के पास यात्रियों से भरी बस खाई में गिर गई। हादसे के बाद अल्मोड़ा के एसएसपी मौके पर पहुंचे। रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए एसडीआरएफ की तीन टीमें हादसे वाली जगह पर पहुंची हैं और बचाव अभियान चल रहा है। अब तक हादसे में 36 लोगों के मारे जाने की खबर है। जानकारी के मुताबिक, यह हादसा अल्मोड़ा के थाना सल्ट मार्चुला क्षेत्र के पास हादसा हुआ है। एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि घटना में जो लोग घायल हुए हैं, उन्हें नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया है। बता दें कि हादसे में घायल 4 यात्रियों को एयरलिफ्ट किया गया है। इसमें से 3 घायलों को एम्स ऋषिकेश और एक घायल को हल्द्वानी इलाज के लिए भेजा गया है। शेष पेज 08 पर

**चार घायल किए गए एयरलिफ्ट**



रिटायरमेंट से पहले बोले देश के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़

## पीएम का मेरे घर आना कुछ भी गलत नहीं

- जस्टिस चंद्रचूड़ 10 नवंबर को होंगे रिटायर
- जस्टिस संजीव खन्ना बनेंगे देश के नए मुख्य न्यायाधीश



**नई दिल्ली।** देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ ने सोमवार को कहा कि गणपति पूजा पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उनके घर आने में कुछ भी गलत नहीं था और ऐसे मुद्दों पर "राजनीतिक हल्कों में परिपक्वता की भावना" की जरूरत है। चंद्रचूड़ ने मीडिया के एक कार्यक्रम में कहा, "प्रधानमंत्री गणपति पूजा के लिए मेरे घर आए। इसमें कुछ भी गलत नहीं है, क्योंकि सामाजिक स्तर पर न्यायपालिका और कार्यपालिका से जुड़े व्यक्तियों के बीच निरंतर बैठकें होती हैं। हम राष्ट्रपति भवन में, गणतंत्र दिवस आदि पर मिलते हैं।'उन्होंने कहा, ''हम प्रधानमंत्री और मंत्रियों से बात करते हैं। बातचीत के दौरान उन मामलों पर बात नहीं होती, जिनपर हमें फैसला लेना होता है, बल्कि सामान्य रूप से जीवन और समाज से जुड़े मामलों पर बात होती है।" सीजेआई ने कहा कि इस बात का सम्मान किया जाना चाहिए था कि एक मजबूत अंतर-संस्थागत तंत्र के तहत बातचीत हुई।

उन्होंने कहा कि न्यायपालिका व कार्यपालिका के बीच शक्तियों के वर्गीकरण का मतलब यह नहीं है कि दोनों की मुलाकात नहीं होनी चाहिए। सीजेआई ने कहा था कि उन्होंने अयोध्या राम मंदिर विवाद के समाधान के लिए भगवान से प्रार्थना की थी। इस बयान के बारे में पूछे जाने पर चंद्रचूड़ ने कहा कि वह एक "आस्थावान व्यक्ति" हैं और सभी धर्मों का समान रूप से सम्मान करते हैं। जस्टिस चंद्रचूड़ ने रिटायरमेंट से पहले ऐसी टिप्पणी की है।

बता दें कि गणपति पूजा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सीजेआई के सरकारी आवास पर गए थे, जहां दोनों ने मिलकर गणेश पूजा की थी। शेष पेज 08 पर

## यूपी, पंजाब और केरल की 14 विस सीटों के उपचुनाव की तारीख बदली

एजेंसियां

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने सोमवार को त्योहारों के मद्देनजर उत्तर प्रदेश, पंजाब और केरल में विधानसभा उपचुनावों की तारीख बदल दी। अब यहां 13 नवंबर की जगह 20 नवंबर को मतदान होगा। उत्तर प्रदेश में नौ, पंजाब में चार और केरल में एक सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान होना है। नतीजे 23 नवंबर को ही आएंगे। जानकारी के मुताबिक, कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) सहित कई दलों ने विभिन्न त्योहारों के मद्देनजर आयोग से चुनावों की तारीख पुनर्निर्धारित करने का आग्रह किया था। उनका कहना था कि 13 नवंबर को चुनाव कराने से मतदान प्रतिशत पर असर पड़ सकता है। शेष पेज 08 पर




- त्योहारों की वजह से लिया गया फैसला, 13 नवंबर की जगह 20 नवंबर को होगा मतदान

## संक्षिप्त

### सिल्ली में जयराम महतो की जनसभा आज

**सिल्ली।** सिल्ली के पतराहातू में मंगलवार 5 नवंबर को झारखंड लोकतांत्रिक मोर्चा के द्वारा चुनावी सभा का आयोजन किया गया है। जहां सिल्ली विधानसभा के पार्टी प्रत्याशी देवेंद्र महतो के पक्ष में झारखंड लोकतांत्रिक मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। सभा को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।रांची जिला संगठन महासचिव विमल महतो ने सभी कार्यकताओं एवं लोगों को सभा में उपस्थित होने का आग्रह किया है ।

### श्री गुरु नानक देवजी के प्रकाशोत्सव को लेकर निकाली गई प्रभातफेरी

**रामगढ़।** सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव को लेकर सोमवार को प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी गुरुद्वारा साहिब से आरंभ होकर शिवाजी रोड, लोहार टोला, पुराना बस स्टैंड होते हुए बिजुलिया स्थित स्व आज्ञाकार सिंह लांबा के आवास पहुंची। जहां लांबा परिवार की ओर से साध-संगत का स्वागत किया गया। वही, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से गुरुचरण सिंह छाबड़ा ने सरदार कंवलजीत सिंह लांबा को सरोपा देकर सम्मानित किया।

### मानव श्रृंखला बनाकर बच्चों ने दिया मतदान का संदेश

**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के बच्चों ने विद्यालय परिसर में सोमवार को मानव श्रृंखला बना कर लोगों को वोट के लिए प्रेरित किया। रामगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। विद्यालयों के लगभग 500 से 600 बच्चों ने मानव शृंखला बनाकर मतदान के लिए सभी को जागरूक कर विशाल मानव श्रृंखला बनाई। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करना था।

# मांडर में 17 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 13 को

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**इटकी।** मांडर विधान सभा (सु) सीट पर कुल 17 प्रत्याशी चुनाव मैदान में ताल ठोक रहे है। आगामी 13 नवम्बर को विधान सभा चुनाव में 2,25,339 लाख मतदाता अपना मताधिकार का प्रयोग कर उक्त प्रत्याशियों के भाग्य की लकीर को गढ़ेंगें। जिसमें 1,08870 लाख पुरुष जबकि 1,16,468 महिला मतदाता अपना बोट डालेंगे।

इसके लिए प्रशासन ने विधान सभा क्षेत्र में 430 मतदान केन्द्र बनाऐं है। चुनाव को लेकर प्रशासन व्यापक तैयारी कर रही है। बुथो में बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त की जा रही है। मतदाता सूची को घर घर वितरण करने का अभियान चला रखें है।जगह जगह स्वीप कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। चुनाव में एक भी मतदाता अपना मत का प्रयोग से वंचित नही रहे इसके लिए संबंधित अधिकार सोशल मीडिया हैण्डल्स पर आइएएम वेरिफाईड वोडर हैशटैग अभियान के तहत मतदान प्रक्रियाओं को मतदाताओं को जानकारी दे रहे है। चुनाव में पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रहेगी।उग्रवाद अपराधी और उपद्रयों से निपटने के लिए सैफ और बीएसएफ के सैकड़ों जवानों की तैनाती हो चुकी है। क्षेत्र के प्रत्येक पंचायतों में प्रति दिन जवानों द्वारा फ्लेग मार्च कर बुथों का निरीक्षण कर रहे है। अनुसूचित जन जाति के लिए सुरक्षित मांडर विधान सभा क्षेत्र के चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों का नाम इस प्रकार है। कांग्रेस निवर्तमान विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, भाजपा से सन्नी टोप्पो , सीपीआईएम से क्रीति सिंह मुण्डा, सम्पूर्ण भारत क्रांति पार्टी से शिव उरांव,भारत आदिवासी पार्टी से जगरे उरांव, जेबीकेएसएस से गुणा भगत, निर्दलीय पूर्व डीडीसी डा. प्रमेश्वर भगत, विश्राम उरांव, सुशील कुजूर, सुखमनी तिग्गा, विमला लोहा, संजय महली, कांता खलखो, रेखा देवी, रामलखन महली, विनोदित तिग्गा और विकाश ज्योति उरांव चुनाव मैदान में ताल ठोक रहे है।




### विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारी जोरों पर

**सिल्ली।** सिल्ली में विधानसभा चुनावों की तैयारी को लेकर तैयारियां जोरों पर है। इसकी जानकारी देते हुए बीडीओ अनिल कुमार ने बताया कि इलाके के सभी 111 मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधाएं बहाल कर दी गई है। मतदानकर्मियों को ठहराने के लिए चार सेक्टर बनाए गए है इनमें पतराहातू, दोबाडू, हलमाद और खलारी शामिल है। इनमें कुछ मतदान केंद्रों के मतदानकर्मियों को ठहराया जाएगा। बाकी के बूथों के मतदान कर्मियों को सीधे मतदान केंद्र पर भेज दिया जायेगा। सुरक्षाकर्मियों को ठहराने के लिए इलाके में चार जगहों पर सीएपीएफ आवासन बनाए गए है। इन आवासन के लिए जरूरी सुविधाएं बहाल की जा रही है। इधर, इलाके में सुरक्षा और शांति व्यवस्था बहाल रखने के लिए इलाके के तीन जगहों पर चेक नाका बनाए गए है। बीडीओ ने सोमवार को सभी चेक नाका की जांच की। उन्होंने बताया कि तीनो चेक नाका पर आवाजाही करने वालों पर पूरी निगरानी रखी जा रही है।

# आजसू पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए कई कार्यकर्ता



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**गोला(रामगढ़)।** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कई कार्यकर्ता आजसू पार्टी को छोड़कर सोमवार को कांग्रेस में शामिल हुए। मगनपुर के पूर्व पंचायत समिति सदस्य रोहित करमाली के नेतृत्व में आजसू कार्यकताओं ने कांग्रेस का दामन थामते हुए ममता देवी को जीताने का संकल्प लिया।

इस दौरान पूर्व विधायक प्रत्याशी बजरंग महतो ने सभी को कांग्रेस पार्टी का पट्टा एवं माला पहनाकर उन्हें कांग्रेस पार्टी में सदस्यता ग्रहण कराया। कांग्रेस पार्टी में उनका स्वागत व अभिनंदन किया। इस सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में अशोक करमाली, सीमा देवी, किरण देवी, जयंती देवी, कुंती देवी, सोनी देवी, सीमा देवी, मालती देवी, सरिता देवी, रीता देवी, रूबी देवी, सोनिया देवी, रमेश मुंडा, धनंजय करमेल, अरमान अंसारी, अमीरुद्दीन, अकबर बादशाह, मजहर अंसारी, रामलाल महतो, शमसुद्दीन, शिवचरण महतो, शेखर कर्मणि, मनोज करमाली, पिंटू करमाली, शिव करमाली, अक्षय करमाली, धर्मदेव करमाली, नीतू करमाली, सीता करमाली, राजदेव करमाली, बृजेश करमाली, जागेश्वर करमाली अन्य शामिल हुए।

# चुनाव को लेकर चेक पोस्ट पर पुलिस ले रही वाहनों की तलाशी



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**गोला (रामगढ़)।** विधानसभा-2024 चुनाव को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड़ पर है। सुरक्षा की दृष्टि से प्रखंड के कई जगह चेक पोस्ट लगाए गए हैं। वहां हर आते-जाते वाहनों की बारीकी से चेकिंग की जा रही है। इस कड़ी में सोमवार को थाना क्षेत्र के एनएच-23 स्थित मगनपुर में लगाए गए पुलिस बेरियर में कई वाहनों की जांच की गई। रास्ते से गुजर रही सभी गाड़ियों को पुलिस बल और जांच टीम द्वारा रोककर पूरी तलाशी ली गई। ज्ञात हो कि विधानसभा चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद नजर आ रहा है। मौके पर एएसआई बहादुर महतो, दो महिला पुलिस कर्मी, दो पुलिस बल के जवान सहित कई अन्य उपस्थित थे।

# चुनाव में अपराधियों पर है कड़ी नजर : एसपी

## केंद्रीय पुलिस फोर्स ले रही बूथों का जायजा, दो लेयर में होगी स्ट्रांग रूम की सुरक्षा

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए रामगढ़ जिला पुलिस की तैयारी पूरी हो चुकी है। 13 नवंबर को बड़कागांव विधानसभा में मतदान होता है। जिसका एक बड़ा क्षेत्र पतरातु प्रखंड रामगढ़ जिले में पड़ता है। इस चुनाव को प्रभावित करने वाले अपराधियों की सूची भी फोटो के साथ तैयार कर ली गई है।

सोमवार को रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने बताया कि अपराधियों पर कड़ी निगाह रखी गई है। चाहे जेल में बंद अपराधी हों या फिर बाहर घूम रहे क्रिमिनल्स, सभी पर कार्रवाई तय है। उन्होंने बताया कि जिले को 6 कंपनी केंद्रीय पुलिस फोर्स की मिल चुकी है। इसके अलावा डीएपी जवान, होमगार्ड और चौकीदारों को भी चुनाव के लिए तैयार कर लिया गया है। इन सब की मदद से 350 से अधिक लोगों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 126 और 107 की कार्रवाई की जा चुकी है। 200 से अधिक लोगों पर बॉन्ड ऑन की कार्रवाई की गई है। 40 अपराधियों पर सर्विलांस के तहत कार्रवाई किया गया है। 12 अपराधियों को जिला बदर कर दिया गया है। 35 से अधिक अपराधियों को हर दिन थाने में हाजिरी लगाने का निर्देश है। जेल में बंद दो ऐसे अपराधी हैं जो चुनाव को प्रभावित करने की मंसा रखते हैं। लेकिन उन लोगों पर भी सीसीए के तहत कार्रवाई की जा रही है।



### बूथ पर घूम रही केंद्रीय पुलिस फोर्स

एसपी ने बताया कि केंद्रीय पुलिस फोर्स रामगढ़ जिले के सभी बूथ पर लगातार जा रही है। इससे जिला पुलिस को भी बल मिल रहा है। साथ ही चुनाव के दिन मतदान करने का कॉन्फिडेंस भी पुलिस फोर्स में जग रहा है। कहीं भी अपराधी किसी प्रकार से चुनाव को प्रभावित न करें, इसके लिए पहले से ही सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। पुलिस फोर्स सभी चेक नाका पर भी मौजूद है ताकि अवैध शराब और अपराधियों पर नकेल कसी जाए।

# समपार फाटक खोलने के लिए सौंपा मांग पत्र



**इटकी।** इटकी स्टेशन के निकट बंद समपार फाटक को खोलने की मांग को लेकर ग्रामीणों की एक सात सदस्यीय टीम ने मंडल रेल प्रबंधक दक्षीण पूर्व रेलवे हटिया,रांची के नाम सीओ मो० अनीश और थाना प्रभारी अभिषेक कुमार को एक पत्र सौंपा है। मांग पत्र में कहा गया है कि जबतक इटकी स्टेशन के निकट फलाई ओवर का निर्माण नही होता है तबतक समपार फाटक खोलने की मांग किया है। आरोप लगाया है कि विभाग द्वारा अंडर पास सुनसान जगह पर बनाया गया है। जहां पर लोग आवागमण में असहज महसूस करते साथ ही लूट छिनतई स्कूली बच्चियों के साथ छेड़ छाड़ का हमेशा भय बना रहता है। सात नवम्बर को विभाग और ग्रामीणों की वर्ता में समपार फाटक खोलने का समाधान नही निकाला गया तो आठ नम्बर से पुनः ग्रामीण उग्र आदोलन करने पर वाध्य हो जायेंगे। मांग पत्र सौपने में आजसू के जिला सचिव मुतेर्जा आलम , पूर्व उप प्रमुख उरूज अंसारी , झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष पम्पू इकबाल , कुदूस अंसारी , फजले अंसारी,हुसैन अंसारी और तसलीम अंसारी शामिल थे।

# सिल्ली में आजसू कार्यकर्ताओं ने जन संपर्क अभियान किया तेज

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**सिल्ली।** सिल्ली विधानसभा में आजसू पार्टी के उम्मीदवार सुदेश कुमार महतो के चुनावी अभियान में आजसू कार्यकताओं ने गांव-गांव में जाकर चुल्हा प्रमुख, ग्राम प्रभारी, युवा क्लब के सदस्यों के साथ बैठक जनसंपर्क तेज कर दिया है। आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो के जीत सुनिश्चित करने को लेकर कार्यकर्ता लगातार बैठक, एवं जन सम्पर्क कर विधायक के द्वारा किए गए विकास कार्यों का चर्चा कर रहे हैं। साथ ही सुदेश महतो को पक्ष में वोट करने की अपील कर रहे हैं।

इसी कार्यक्रम के तहत सोमवार को बुढ़ाआम जोन के बुद्धिजीवी मंच के लम्बोदर महतो, पंचायत प्रभारी डबलु महली, जगदीश चन्द्र महतो, सुनील गोस्वामी, जिला कमिटी के सुभाष महतो, शिव शंकर प्रसाद, सुभाष पांडे, भरत महतो, हुकुमनाथ महतो, शिशुपाल महतो, पुस्तम महतो, महिला प्रभारी पुनीता देवी, आरती देवी, मंजू देवी,आदि ने ब्राम्हणी, लोटा आदि गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाता।

वहीं पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, लक्ष्मी नारायण महतो, जयंत भगत , मुरली धर महतो, तारकेश्वर महतो, चारु बाला देवी, प्रफुल्ल महतो , अलका देवी, महादेव महतो, नोरोत्तम गोरांग, सचचांद महतो , आदि ने कुटकी नवाडी, बासुडीह, बंता, झाबरी, चोकेसेरेंग आदि गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। वहीं केंद्रीय नेता जयपाल सिंह, नगर अध्यक्ष भरत देव साय, लूपूंग पंचायत ग्राम प्रभारी मनोज साव, मनोज सिंह, सविता रानी सिंह, ललित महतो, सीमा महतो,आजनी महतो, पोलिका देवी, सिल्ली के सिल्लीडीह एवं लोवापीड़ी गांव में बैठक के जनसंपर्क अभियान चलाया। केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह ने कहा कि आजसू पार्टी जीत सुनिश्चित है परन्तु यह अभियान पार्टी के वोट प्रतिशत मजबूत करने और समर्थन बढ़ाने के लिए किया जा रहा है ।अभियान के दौरान, कार्यकर्ता ग्रामीणों को पार्टी की नीतियों और योजनाओं के बारे में भी जानकारी दे रहे हैं। अभियान से पार्टी को ग्रामीणों एवं यूवाओं का अप्रत्याशित समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने आजसू की जीत सुनिश्चित करने के लगातार कार्य कर रहे हैं, कार्यकर्ताओं का प्रयास अवश्य रंग लायेगी और विधायक सुदेश कुमार महतो एक बार फिर भारी बहुमतों से विजई होंगे।



## राहे प्रखंड के कई गांवों में आजसू चूल्हा प्रमुख की हुई बैठक

# आजसू प्रत्याशी को जिताने का लिया संकल्प

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**राहे।** प्रखंड के कई गांवों में सोमवार को आजसू चूल्हा प्रमुख की बैठक अयोजित कर एनडीए समर्पित आजसू प्रत्याशी सुदेश कुमार महतो की जीत सुनिश्चित करने को लेकर रणनीति बनाई गई तथा सुदेश महतो को जिताने का संकल्प लिया गया। इस दौरान ग्रामीणों को केला छाप में वोट देने की अपील किया गया।



प्रखंड के इडिसेरेंग गांव में आजसू प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो, पंचायत प्रभारी संतोष दास, पंचायत अध्यक्ष बुधराम मुंडा, ग्राम प्रभारी मनोरंजन भोक्ता के निर्देश में आवश्यक रण नीति बनाई गयी। चैनपुर गांव में महिला अध्यक्ष मीरा महतो,पंचायत प्रभारी वीरेंद्र कुमार महतो,ग्राम प्रभारी राजेश्वर महतो, नावाडीह गांव में गदाधर महतो,मयंक महतो,मोतीराम महतो, पवन महतो, हरीश मुंडा,म्युकभूषण महतो, कनकट्टा गांव में संजय स्वांसी,बिरसा टूटी, आदि के नेतृत्व में बैठक कर जनसंपर्क अभियान चलाया गया और आजसू प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील किया गया।

# छठ घाटों पर बोट, गोताखोर एवं लाइफ जैकेट की होगी व्यवस्था : डीडीसी

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** आस्था के महापर्व छठ को लेकर रामगढ़ जिला प्रशासन सोमवार को अहम बैठक की है। डीडीसी रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में छठ घाटों पर आपातकालीन सेवाएं और नदियों में बोट की व्यवस्था पर जोर दिया गया। डीडीसी ने पुलिस उपाधीक्षक को सुरक्षा के दृष्टिकोण से दामोदर, बिजुलिया तालाब एवं अन्य घाटों पर गोताखोर की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने छठ पर्व के दिन यातायात की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा। वहीं उन्होंने सौहार्द बिगाड़ने के मनसे से घाटों पर आए असामाजिक तत्वों पर भी कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान डीडीसी रोबिन टोप्पो ने जिला मत्स्य पदाधिकारी को बिजुलिया तालाब एवं दामोदर घाटों पर बोट एवं लाइफ जैकेट की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने छावनी परिषद से आये प्रतिनिधि को दामोदर नदी की धारा एवं जलस्तर को देखते हुए घाटों पर उचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

## घाटों पर आपातकालीन सेवाओं से संबंधी सूचना पट्ट लगाएं बीडीओ



### छठ घाटों पर हो रोशनी की व्यवस्था

रात्रि एवं भोर के समय छठ व्रतियों को घाट आने जाने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो इसके लिए डीडीसी ने सभी घाटों का निरीक्षण करते हुए वहाँ के समिति से समन्वय स्थापित कर लाइट की व्यवस्था कराने को कहा। समयानुसार बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश कार्यपालक अभियंता विद्युत बोर्ड को भी दिया। साथ ही घाटों पर आपातकालीन घटनाओं से निपटने के उद्देश्य से घाटों पर मेडिकल टीम व एम्बुलेंस की व्यवस्था रहेगी। सभी एम्बुलेंस ड्राइवर का नाम और मोबाइल नंबर संबंधित बीडीओ एवं सीओ को उपलब्ध कराने का निर्देश सिविल सर्जन रामगढ़ को दिया।

### छठ घाटों का निरीक्षण करें बीडीओ और सीओ

बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों को अपने क्षेत्र के सभी छठ घाटों का निरीक्षण करने को कहा। विधि व्यवस्था, साफ-सफाई, बिजली एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लेने एवं किसी भी प्रकार की कमी होने पर उसे यथाशीघ्र दूर करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने सभी छठ घाटों पर आपातकालीन सेवाओं से संबंधित सूचना पट्ट लगवाने के भी निर्देश दिया।

# रामगढ़ विधानसभा सीट से आजसू उम्मीदवार सुनीता चौधरी पर आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा सीट से आजसू उम्मीदवार सुनीता चौधरी पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है। फ्लाइंग स्क्वायड टीम में ड्यूटी कर रहे पथ निर्माण विभाग के कनीय अभियंता कृष्णा कुजूर के बयान पर रामगढ़ थाने में कांड संख्या 338/24 दर्ज किया गया है। कृष्णा कुजूर ने बताया कि फ्लाइंग स्क्वायड टीम में बतौर दंडाधिकारी वे पुलिस अवर निरीक्षक मंटू शर्मा के साथ ड्यूटी पर थे। इसी दौरान सी विजिल ऐप पर यह सूचना आई कि निवर्तमान विधायक सुनीता चौधरी का बोर्ड पटेल चौक पर सरदार वल्लभभाई पटेल स्मृति के सामने मिनी लाइट के खंभे पर लगा हुआ है। जब वह सूचना का सत्यापन करने पहुंचे तो वहां पहुंचे तो पाया कि झारखंड सरकार विधायक मत से मिनी लाइट अधिष्ठापन का प्रचार बोर्ड खंबे पर लगा हुआ है। बाकायदा इसकी तस्वीर लेकर उस बोर्ड को उतार कर रामगढ़ थाने को सुपुर्द किया गया है।

## संक्षिप्त

### छठ को लेकर स्पेशल मौसम बुलेटिन जारी

रांची। छठ महापर्व में कुछ ही दिन रह गए हैं। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। इस बीच रांची मौसम विभाग ने छठ को लेकर स्पेशल मौसम बुलेटिन जारी किया है। अगले 5 दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। मौसम केंद्र के अनुसार 7 और 8 नवंबर को झारखंड में सुबह में कोहरा या धुंध छाया रहेगा। बाद में आंशिक बादल छाये रहेंगे। मौसम शुष्क रहेगा। इस दौरान अधिकतम तापमान 28 से 32 डिग्री सेल्सियस के बीच होगा। न्यूनतम तापमान 16 से 21 डिग्री सेल्सियस के बीच होगा। मौसम केंद्र के अनुसार 7 और 8 नवंबर को रांची शहर में सुबह में कोहरा या धुंध छाया रहेगा। बाद में आंशिक बादल छाये रहेंगे। मौसम शुष्क रहेगा। इस दौरान अधिकतम तापमान 27 से 29 डिग्री सेल्सियस के बीच होगा। न्यूनतम तापमान 16 से 18 डिग्री सेल्सियस के बीच होगा।

### कांके में इस बार लाल परचम लहरायेगा : पीके पांडेय

रांची : भाकपा के प्रत्याशी संतोष कुमार रजक के समर्थन में सोमवार को रांची जिला सचिव अजय सिंह एवं राष्ट्रीय परिषद सह भाकपा के स्टार प्रचारक पी के पाण्डेय ने कांके के सुदूर गांवों का सघन दौरा किया। अपने प्रत्याशी को वोट देकर जिताने की अपील की। पीके पांडेय ने कहा कि कांके में इस बार लाल परचम लहराएगा। गांव गांव में सीपीआई के प्रत्याशी को अपूर्व समर्थन मिल रहा है। कांके विधानसभा क्षेत्र में अगर जल, जंगल, जमीन और किसानों को उचित सम्मान मिले इसके लिए भाकपा लगातार आपके बीच काम कर रही है। कांके विधानसभा को देश के चुनिंदा स्थानों में शामिल हो। इसके लिए भाकपा को मौका दे। इस दौरान कोनकी, इच्छापीढ़ी, नावाडीह, ऊपर कोनकी, सुकुरहुटू, मनहा सहित कई गांवों का दौरा किया।

### टाटा टी अग्नि लीफ ने छठ पूजा समारोह को दिया अनूठा रंग

रांची : बिहार और झारखंड का प्रमुख चाय ब्रांड, टाटा टी अग्नि अपने नवीनतम ब्रांड अभियान के जरिये इस साल बिहार के सांस्कृतिक इतिहास से गहराई से जुड़ी प्राचीन और जटिल कला, रसिक्की घास शिल्पर को सामने लाकर छठ पूजा मना रहा है। यह प्रचार अभियान, परंपरा तथा कला को जोड़कर क्षेत्रीय गौरव और भावना को जगाने का प्रयास कर रहा है। यह बिहार की संस्कृति के साथ गहरे जुड़ने की कोशिश है। उपभोक्ताओं को बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक झलक देखने का अवसर प्रदान करने के अभियान के अंग के रूप में, टाटा टी अग्नि लीफ ने छठ पूजा उत्सव की शुरूआत का जश्न मनाने के लिए 4 और 5 नवंबर 2024 को पटना के सिटी सेंटर मॉल में 'सिक्की कला महोत्सव' का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था, सिक्की घास से बने एक शानदार आदमकद इंस्टॉलेशन का अनावरण, जो बिहार के पारंपरिक शिल्प रूप को समर्पित था। बिहार के कारीगरों द्वारा हाथ से तैयार इस भव्य इंस्टॉलेशन में सीमित संस्करण के छठ पूजा उत्सव पैक शामिल थे।

### प्रधानमंत्री ने झूठ बोलने के सारे रिकॉर्ड तोड़े : कैलाश यादव

रांची : सोमवार को राजद चुनाव अभियान समिति के सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक राजद कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता राजद चुनाव अभियान समिति प्रभारी कैलाश यादव ने किया। बैठक के दौरान राज्य में चल रहे विधानसभा आम-चुनाव 2024 के संदर्भ में चर्चा कर विचार विमर्श किया गया और सदस्यों की मौजूदगी में कई प्रस्तावों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

1. रांची जिला अंतर्गत इंडिया गठबंधन के सभी विधानसभा प्रत्याशी के साथ राजद सहयोग हेतु अच्छा तालमेल बनाने एवं प्रत्याशियों के साथ राजद नेता और कार्यकर्ता तालमेल के साथ डोर टू डोर प्रचार करेंगे
2. राज्य में 7 जगह चुनाव लड़ रहे राजद प्रत्याशी के पक्ष में रांची राजद के लोग जाकर मदद कर लोगो से अपील करें।

# प्रधानमंत्री आप के मुंह से झूठ निकले यह ठीक नहीं : सुप्रियो

प्रातः नागपुरी संवाददाता

रांची : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो)के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड राज्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घूम रहे हैं। प्रधानमंत्री गढ़वा गये, फिर चाईबासा गये अच्छा है। उन्हें भी एहसास हो गया कि भाजपा इस चुनाव में पराजित है। चाईबासा, गढ़वा में जो रैली हुई। अमित शाह कल झूठ का पुलिंदा जारी किये। उसमें कोई विशेष बात नहीं, वह परिवारवाद पर बोले, भाजपा अब परिवारवाद पर बोलेगी।

भट्टाचार्य सोमवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि पीएम यह कौन सा परिवारवाद जब बोलने के लिये कुछ नहीं आपके पास ऐसी बात क्यों। डबल इंजन की सरकार 2019 में थी, 2014 से थी। इस अवधि में कितने उद्योग लगे, कितने बंद हो गये। प्रधानमंत्री आप के मुंह से झूठ निकले यह ठीक नहीं।



चुनाव से पहले जमशेदपुर गये, वंदे भारत को हरी झंडी दिखाया, आज से शुरू हुई जो गया से चली। 12 वंदे भारत हो गई। गया से रांची, रांची से चाईबासा तक। 9 वंदे भारत रेल मंत्रालय चला रही, 3 पीएम चला दिये। 3 वंदे भारत कहा से आ गये। उन्होंने कहा कि रेलवे से पता किया तो पता चला कि गया से गढ़वा तक आज चलाई गई, गया से रांची, रांची से चाईबासा 3 हो गये। पीएम का इतना हल्का भाषन बोलने के लिये कुछ नहीं।

बस एक बात का अपमान हो रहा, विदेशों में जो भारतीय लोग रहते थे, नागरिकता बताने में शर्म करते थे, पीएम ने कहा मेरे आने के बाद गर्व करते हैं। सुप्रियो ने कहा कि 2.20 लाख भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़ी विदेश के लिये। विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय में पेश हुए हैं, संसद में पेश हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को इतना झूठ नहीं बोलना चाहिए, क्योंकि हरियाणा की जनता भी उन्हें सुन रही थी। अभी तक विज्ञापन भी नहीं निकला तो फिर आवेदन कहां से हो गया और नियुक्ति कहां से हो गई। चाईबासा की सभा में प्रधानमंत्री के पहुंचने से पहले ही मैदान खाली होने लगा। लोगों को ढोकर लाया गया था।

हमारी सरकार ने हो भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए कैबिनेट से निर्णय लिया और मोदी कहते हैं कि यह मोदी की गारंटी है। सरना धर्मकोड की गारंटी क्यों नहीं देते हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह बताना चाहिए।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने श्रम विभाग के पदाधिकारियों के साथ की बैठक, कहा

# सभी कर्मियों को मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश का प्रावधान

प्रातः नागपुरी संवाददाता

रांची : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी औद्योगिक व वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों तथा अन्य सभी संस्थानों के नियोजकों को कहा है कि वे अपने संस्थान में कार्यरत सभी कर्मियों को मतदान के दिन 13 और 20 नवंबर को मतदान करने के लिए सवैतनिक अवकाश दें। उन कर्मियों में दैनिक मजदूर भी शामिल हैं, जो राज्य के पंजीकृत मतदाता हैं।



वह सोमवार को श्रम विभाग के पदाधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन में बैठक कर रहे थे। कुमार ने कहा है कि श्रम विभाग द्वारा इस बात का वृहत प्रचार-प्रसार किया जाए। साथ ही उन्हें मतदान के लिए जागरूक एवं प्रेरित भी करें ताकि ऐसे मतदाताओं का उनके मतदान के अधिकार का स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

उल्लेखनीय है कि निर्वाचन लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135-ख के प्रावधानानुसार निर्वाचन के दौरान मतदान दिवस को किसी भी करोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम अथवा अन्य किसी संस्थान में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश प्रदान करने का प्रावधान है। इस प्रावधान के अंतर्गत दैनिक श्रमिक भी मतदान दिवस पर मजदूरी सहित अवकाश के हकदार होंगे। इस प्रावधान का उल्लंघन करने वाले नियोजकों के विरुद्ध दण्ड का भी प्रावधान है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इसके लिए राज्य अंतर्गत समस्त कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या अन्य किसी संस्थान में कार्यरत कामगारों को मतदान के लिए सुविधा देने की दृष्टि से नियोजकों, प्रबंधकों से आग्रह किया है कि एक भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित नहीं रहे, इसके लिए इस प्रावधान का समुचित पालन करना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर श्रम आयुक्त संजीव कुमार बेसरा, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, संदीप सिंह, संयुक्त श्रम आयुक्त राजेश प्रसाद, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय एवं श्रम विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा राज्य में विधानसभा चुनाव प्रचार

*आदर्श आचार संहिता उल्लंघन में 31 प्राथमिकी दर्ज*

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि राज्य में विधानसभा चुनाव प्रचार शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा है। आदर्श आचार संहिता की छिटपुट घटनाएं भी सामने आ रही हैं। अभी तक आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में 31 प्राथमिकी दर्ज की गईं हैं। इनमें सर्वाधिक 18 मामले गढ़वा जिले में दर्ज हुईं हैं। रांची, सिमडेगा और रामगढ़ जिले में दो-दो मामले दर्ज हुए हैं। सरायकेला, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, देवघर, जामताड़ा, हजारीबाग और पलामू जिले में एक-एक मामले दर्ज हुए हैं। कुमार सोमवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सूचना प्राप्त हो रही है कि त्योहार और फसल कटाई को लेकर राज्य से बाहर गये श्रमिक अपने घर लौट रहे हैं। चुनाव के समय उनकी घर वापसी से उम्मीद जगी है कि वे इस दौरान मतदान में भी हिस्सा लेंगे। इससे मतदान प्रतिशत में बढ़ोत्तरी संभावित है। मतदाता जागरुकता अभियान के दौरान ऐसे लोगों तक पहुंचने की कोशिश भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग का फोकस हर तरह के संस्थानों में कार्यरत लोगों को मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश सुनिश्चित कराने पर है। पिछले चुनाव में कतिपय लोक उपक्रमों में इसे लेकर थोड़ी उहापोह की स्थिति देखी गयी थी लेकिन इस बार अनिवार्य रूप से कर्मियों को मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश देना सुनिश्चित किया जा रहा है।

## विभिन्न क्षेत्रों में चला डोर-टू-डोर जनसम्पर्क अभियान



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : सोमवार को रातू रोड, रानी सती मंदिर लेन, जयप्रकाश नगर, अमरूद बागान चुटिया के विभिन्न क्षेत्रों में डोर-टू-डोर जनसम्पर्क अभियान चलाया गया। रांची विधानसभा के सम्मानित मतदाता भाई एवं बहनों का पूरी विधानसभा में लोगों का समर्थन मिल रहा है । सबका बस एक ही कहना इस बार होगा रांची में परिवर्तन।

विभिन्न जगहों में संबोधन करते हुए निर्दलीय प्रत्याशी उत्तम यादव ने कहा यह चुनाव परिवर्तन का चुनाव है। आज राजधानी मूलभूत सुविधा के लिए मछली की तरह तड़प रही है, 29 वर्षों से एक व्यक्ति विधायक हैं एवं रनर के रूप में पिछले 10 वर्षों से महुआ मांझी जी कभी भी रांची की जन्म मुद्दों को लेकर विधायक सिंह के खिलाफ में कहीं पर भी आवाज नहीं उठाई। यह दोनों विनर एवं नरेंद्र प्रत्याशी 20-20 मैच पिछले 10 वर्षों से खेल रहे हैं और इस बार भी फिर उसी की तैयारी है।

इसलिए राजधानी की सम्मानित मतदाता बहनों से अनुरोध करते हैं, इस बार परिवर्तन कर विधानसभा में एक युवा नौजवान को मौका दें, ताकि रांची की सारी समस्याओं को समाधान कराया जा सके।

## डायन-बिसाही की घटना रोकना ही डालसा का लक्ष्य : शिवानी सिंह

प्रातः नागपुरी संवाददाता

रांची : झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त के मार्गदर्शन में सोमवार को नामकुम प्रखण्ड के बेड़ोटोली पंचायत भवन में डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी अधिवक्ता शिवानी सिंह, पीएलवी निमा लकड़ा, प्रीति कुमारी, युधिष्ठिर महतो एवं राजा वर्मा एवं समेत अन्य लोग उपस्थित थे। एलएडीसी अधिवक्ता शिवानी सिंह ने कहा कि बाल श्रम, बाल विवाह तथा डायन बिसाही पर फोकस किया और कहा कि बच्चे-बच्चियों का विवाह 18 वर्ष के बाद ही करें। विवाह से पूर्व अपने बच्चों को समुचित शिक्षा दे, ताकि वे अपने पैरों पर खड़ा हो सके। बाल श्रम अपराध है। बच्चों से काम कराने या काम में लगवाने के बजाय उन्हें शिक्षित करें। डायन बिसाही पर प्रकाश डालते हुए बोली कि दिन-ब-दिन डायन-बिसाही के नाम पर आम लोगों को प्रताड़ित कर उन्हें मार दिया जाता है, जो कि अपराध है। यह एक ऐसी अंधविश्वास है, जो ग्रामीण लोगों के बीच फैला हुआ है, जागरूकता के माध्यम से इसे जड़ से हटना ही हमलोगों का उद्देश्य है। पीएलवी प्रीति कुमारी ने प्री-लिटिगेशन मुकदमा दर्ज कराने, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, असंगठित मजदूरों का निबंधन, आयुश्मान भारत योजना के गोल्डन कार्ड, बाल श्रम एवं बाल अधिकार के बारे में जानकारी दी। युधिष्ठिर महतो व नीमा लकड़ा ने मोटर वाहन दुर्घटना में मिलनेवाली मुआवजा के बारे में जानकारी दी। प्रीति कुमारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना, विधवा पेंशन एवं वृद्धा पेंशन के बारे में प्रकाश डाला।




## सीएमपीडीआई ने कॉरपोरेट श्रेणी में जीते तीन पुरस्कार

रांची। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने कोलकाता में आयोजित 50वें सीआईएल स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर कोल इंडिया की सहायक कंपनियों को 3 नवंबर, 2024 को कॉर्पोरेट पुरस्कार प्रदान किए। सीएमपीडीआई ने कॉर्पोरेट श्रेणी में 3 पुरस्कार जीते। इस अवसर पर केंद्रीय कोयला सचिव विक्रम देव दत्त, कोल इंडिया अध्यईक्ष पी.एम. प्रसाद और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। सीएमपीडीआई के सीएमडी मनोज कुमार ने अपनी टीम के साथ सीएमपीडीआई द्वारा प्राप्त कॉर्पोरेट पुरस्कार ग्रहण किया।

सीएमपीडीआई ने कॉर्पोरेट श्रेणी में, क्षेत्रीय संस्थान-श, बिलासपुर के कोरबा ड्रिलिंग कैंप ने सर्वश्रेष्ठ ड्रिलिंग कैंप पुरस्कार (गवेषण पुरस्कार) : सीएसआर व्यय में प्रथम पुरस्कार (एमसीएल के साथ संयुक्त रूप से) और स्वच्छता पखवाड़ा में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।




## महिला कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के लिए मांगे वोट



प्रातः नागपुरी संवाददाता

कांके : विधानसभ चुनाव को लेकर दावेदारों ने भ्रमण करना शुरू कर दिया है। कांग्रेस, भाजपा के साथ ही निर्दलीय प्रत्याशी गांव गांव जाकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील लोगों से कर रहे हैं। झामुमो प्रखंड समिति के सरस्वती उरांव के नेतृत्व में हुसीर, एकम्बा, रोल, मुरुम, सतकनादू, कोल्हेया कनादू, बालू, कोकदोरो, बाढ़ू आदि गांवों में जाकर ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने इंडी गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश कुमार बैठा के पक्ष में मतदान करने की अपील लोगों से की। कहा कि गठबंधन की सरकार दोबारा आने पर युवाओं को रोजगार देने के साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जाएगा। मौके पर पिंकी देवी, करीयों लकड़ा, सरिता देवी, बसीरन खातून, सीता देवी आदि शामिल थे।

# सभी मतदाताओं को मतदाता पर्ची बांटने के साथ उन्हें मतदान करने के लिए करें प्रेरित : डीसी

प्रातः नागपुरी संवाददाता

रांची : उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, वरुण रंजन द्वारा सोमवार को आगामी विधानसभा सभा 2024 को लेकर 64- हटिया के विभिन्न मतदान बूथ यथा- लोयला स्कूल बूथ संख्या- 446, 447, 449, लोरेटो स्कूल नार्थ ऑफिस पाड़ा बूथ संख्या-385 से 394, रा. म. विद्यालय बीएमपी -1 डोरंडा बूथ संख्या-370, 371, 372, मॉडल उच्च विद्यालय डोरंडा बूथ संख्या- 373, 374 एवं शांति देवी मध्य विद्यालय डोरंडा बूथ संख्या-356 से 359, राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय नया लटमा बूथ संख्या-431 से 433, आंगनबाड़ी केंद्र चोरया बूथ संख्या-430 का निरीक्षण किया। सभी मतदान केंद्रों पर सभी व्यवस्था का जायजा लेते हुए सम्बंधित पदाधिकारी को ससमय मतदान बूथों पर सभी व्यवस्था पूरा कराने का निर्देश दिया ताकि मतदाताओं को मतदान के समय किसी प्रकार की समस्या नही हो। इस दौरान 64- हटिया निवार्ची पदाधिकारी सह अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था रांची, राजेश्वर नाथ आलोक एवं अंचल अधिकारी अरगोड़ा, सम्बंधित बीएलओ मौजूद थे।



**सभी मतदान बूथों का भौतिक निरीक्षण**

**उपायुक्त** सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, वरुण रंजन द्वारा 64- हटिया के विभिन्न मतदान बूथों का भौतिक निरीक्षण करते हुए मतदान में अटक्र सुविधा का अवलोकन किया। उन्होंने सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की मतदान बूथों में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश का पालन सुनिश्चित रूप से हो यह सभी सम्बंधित अधिकारी पहले से सुनिश्चित कर ले।

**मौके पर उपस्थित बीएलओ से मतदाता पर्ची बांटने की ली जानकारी**

**उपायुक्त** सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, वरुण रंजन द्वारा मतदान बूथों पर उपस्थित बीएलओ से जानकारी लेते हुए पूछा की सभी मतदाताओं को उनके घर में मतदाता सूची का वितरण किया जा रहा है ना साथ ही उन्होंने निर्देश देते हुए कहा की सभी मतदाताओं को पर्ची बांटने के साथ उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित करने को कहा ताकि मतदान का प्रतिशत बढ़े। उन्होंने सम्बंधित बीएलओ से अरऊमार्किंग के बारे में, वोटर टर्न आउट की जानकारी लिया।

**मतदाताओं को मतदान केन्द्र में लाने के लिए बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाये**

**उपायुक्त** सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, वरुण रंजन द्वारा सम्बंधित सभी अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की आगामी विधानसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर विशेष जोर दे, इसके लिए मतदाताओं को मतदान केंद्र में लाने के लिए बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाए। उन्हें प्रोत्साहित करें उन्हें बताए उनका मतदान कितना अहम है। जागरूकता से ही मतदान को बढ़ाया जा सकता है।

## संक्षिप्त

### सेल ने अकादमिक सहयोग के लिए एएससीआई से किया समझौता

**बोकारो ।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया (एएससीआई), हैदराबाद के बीच सोमवार को को कंपनी के नई दिल्ली स्थित कॉर्पोरेट ऑफिस में अकादमिक सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। यह समझौता ज्ञापन सेल के नव-पदोन्नत अधिकारियों सहित दूसरे कार्मिकों के लिए अनुकूलित प्रबंधन विकास कार्यक्रमों के संचालन की सुविधा प्रदान करेगा। इस तरह के प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ साझेदारी सेल की समग्र शिक्षा और विकास रणनीति का हिस्सा है, जिससे कंपनी के अधिकारियों को और अधिक अकादमिक अनुभव मिल सकेगा और उन्हें नेतृत्व की भूमिकाओं के लिए तैयार किया जा सकेगा। इस समझौता ज्ञापन पर सेल के निदेशक (कार्मिक) के के सिंह और एएससीआई, हैदराबाद के निदेशक डॉ. निर्मल्या बागची की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए

### डीवीसी पेंशनर समाज के पूर्व अध्यक्ष के निधन पर शोकसभा आयोजित

**बोकारो थर्मल ।** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी पेंशनर समाज के पूर्व अध्यक्ष तथा क्षेत्र के प्रसिद्ध एमडी डॉ. हेमंत कुमार के आकस्मिक निधन पर सोमवार को पेंशनर समाज के कार्यालय में एक शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा की अध्यक्षता आरएस पांडेय ने की। शोकसभा में डीवीसी के पेंशनरों ने कहा कि डॉ. कुमार का निधन पेंशनर समाज, डीवीसी और बोकारो थर्मल एवं इसके आसपास के क्षेत्रों के लिए एक अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती है। कहा कि उनका मार्गदर्शन पेंशनर समाज को हमेशा मिलता रहता था। शोकसभा में डीवीसी के सभी पेंशनरों ने दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर रमाकांत सिंह, महेंद्र सिंह, आनंद प्रकाश मेहता, शैलेंद्र सिंह, सुरेश प्रसाद, बीबी पांडेय, सुभाष चैधरी सहित कई पेंशनर मौजूद थे।

# भाजपा सरकार बनाने का मन बना चुकी है जनताःबिरंची

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** जनसंपर्क अभियान के दौरान एनडीए प्रत्याशी बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने चास नगर निगम के विभिन्न वार्डों में चेक पोस्ट, मेन रोड, इस्पात कॉलोनी, कुंवर सिंह कॉलोनी में संपर्क अभियान चलाकर वार्डवासियों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार व पूर्व की भाजपा सरकार की योजना से हर शहर, गांव, टोला लाभान्वित है। हर घर नल योजना के तहत चास नगर निगम के वासियों को जल उपलब्ध कराया जा रहा है। पूर्व में रघुवर दास की सरकार में कई योजनाएं चास नगर निगम को मिलीं।

हेमंत सरकार की वादाखिलाफी, झूठे वादे, लूट, भय, अत्याचार से आम जनता में रोष है। प्रखंड हो या जिला या प्रदेश, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। संतरी से मंत्री तक जेल जा चुके हैं। कुछ मंत्री और आईएएस अधिकारी अभी भी जेल में हैं। झारखंड की खनिजों की लूट मची, जिसमें मुख्यमंत्री के परिवार के लोग भी शामिल हैं। बोकारो विधानसभा



की जनता अपना मन बना चुकी है कि राज्य में फिर से भाजपा की सरकार आए और जनहित के कार्य पुनः शुरू हों। दौरे में उनके साथ जिला महामंत्री संजय त्यागी, मंडल अध्यक्ष अमर स्वर्णकार, निवर्तमान अध्यक्ष पन्नालाल कान्दु, अर्चना सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे।

# आदिवासी विरोधी है झारखंड की हेमंत सरकारःअमर बाउरी



**चंदनकियारी ।** झारखंड विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता और चंदनकियारी से भारतीय जनता पार्टी (एनडीए) के उम्मीदवार अमर कुमार बाउरी ने सोमवार को चंदनकियारी के फुसरो (लंका) सहित कुर्रा मंडल क्षेत्र के पुंडरू, पुरनाडीह सहित कई अन्य गांवों में जनसंपर्क अभियान के तहत लोगों से भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने झारखंड में झामुमो-कांग्रेस व राजद गठजोड़ की वर्तमान हेमंत सोरेन को आदिवासियों का विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि यहां झूठ और लूट के सहारे चलने वाली सरकार है। यह चुनाव उसे उखाड़ कर सत्ता से बाहर करने के लिए है। श्री बाउरी ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने झारखंड की खनिज सम्पदा को जमकर लूटा है और सरकार के नुमाइंदों ने अपनी तिजोरी भरी है। यहां आदिवासियों का अस्तित्व खतरे में है। लेकिन, तुष्टीकरण और वोटबैंक की राजनीति करने वाली राज्य की हेमंत सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं है। इस जन-विरोधी सरकार का जाना तय है। भाजपा की सरकार बनी तो कानून बनाकर घुसपैठियों को बाहर निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव झारखंड को लुटेरों से बचाने और राज्य की तकदीर व तस्वीर बदलने का चुनाव है। जनसंपर्क अभियान के तहत उनके साथ भाजपा के कई प्रमुख नेता व कार्यकर्ता शामिल थे।

# आजसू की बैठक में यशोदा देवी को जीत दिलाने की बनी रणनीति

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो थर्मल।** डुमरी विधानसभा अंतर्गत नावाडीह प्रखंड की ऊपरघाट स्थित नौ पंचायतों में सोमवार को आजसू पार्टी के सभी पंचायत अध्यक्ष, पंचायत प्रभारी एवं ग्राम प्रभारियों की बैठक गोनियाटो फुटबॉल मैदान में की गई। बैठक में डुमरी से एनडीए उम्मीदवार यशोदा देवी की जीत को सुनिश्चित करने हेतु रणनीति तैयार की गई। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के बोकारो जिलाध्यक्ष सचिन कुमार महतो एवं युवा आजसू राज्य संयोजक टिकैत कुमार महतो शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मिश्रीलाल महतो ने की तथा संचालन प्रखंड कार्यकारिणी अध्यक्ष रामकुमार मरांडी ने किया। बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा कि राज्य में एनडीए की सरकार बनेगी और



जनता खुलकर एनडीए को समर्थन करे। टिकैत महतो ने कहा कि यशोदा देवी संघर्षशील महिला हैं और वे चुनाव में डुमरी की विधायक बनकर जनता एवं क्षेत्र का चौतरफा विकास कार्यों को करने का काम करेंगी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि दीपू अग्रवाल, सीताराम महतो, नागेश्वर सिंह, जगरनाथ महतो, सीताराम सोरेन, जलेश्वर महतो, बासुदेव महतो, दिनेश मरांडी, महिला प्रखंड अध्यक्ष साजिया अंजुम, उर्मिला कुमारी, जितेंद्र महतो, चिंतामन महतो, गणपत महतो, विश्वनाथ महतो, विनोद महतो, सुनील मरांडी, राजेश मुर्मू, वीरेंद्र महतो, संतोष उजागर, दयाल महतो, विनोद मुर्मू, शैलेश कुमार, मुकेश नायक, दिनेश नायक, ऋतिक नायक, रामू तुरी, महेंद्र महतो, संतोष महतो, विजय महतो, परमेश्वर महतो, मीना देवी, अनीता, गुड़िया देवी आदि लोग थे।

# हाईकोर्ट से कमेटी भंग कर रिसीवर नियुक्त करने का आग्रह

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय सनातन सिख सभा के राष्ट्रीय संयोजक अधिवक्ता कुलविंदर सिंह ने माननीय पटना हाई कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजीव राय को पत्र लिखकर तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब प्रबंधन कमेटी की निवर्तमान कमेटी को भंग कर रिसीवर नियुक्त करने का आग्रह किया है।

कुलविंदर सिंह के अनुसार माननीय हाईकोर्ट में दो मामले सिविल रिट पिटीशन 15387/2023 और सिविल रिट पिटीशन 10393/2023 की सुनवाई चल रही है और 20 जनवरी को अगली सुनवाई निर्धारित है। माननीय कोर्ट को पक्षकार हरगोविंद सिंह बनाम बिहार राज्य तथा महेंद्र पाल सिंह बनाम महासचिव, बिहार राज्य चुनाव प्राधिकार की ओर से 23 सितंबर को हुई सुनवाई में आश्वस्त किया गया था कि 3 महीने में चुनाव प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। एक महीने से ज्यादा समय हो गया है और चुनावी प्रक्रिया तथा तिथि तय करने के लिए बैठक की औपचारिकता भी नहीं हुई है। अब तक सभी पक्षकार और निवर्तमान कार्यकारिणी के पदधारी सिख संगत और मतदाताओं को गुमराह



करते रहे हैं। इस बार माननीय उच्च न्यायालय को भी गुमराह कर रहे हैं और माननीय न्यायालय का समय बर्बाद कर रहे हैं। यह अपने पद पर बने रहना चाहते हैं। ये पदधारी चुनाव प्रक्रिया को लेकर पूरी तरह से गंभीर नहीं हैं।

ऐसे में माननीय हाई कोर्ट को चाहिए कि बिहार राज्य में पद स्थापित किसी पूर्ण गुरसिख आईएएस, आईपीएस अथवा दानापुर कैंट के कर्नल रैंक के सैन्य पदाधिकारी को रिसीवर नियुक्त कर दिया जाए। इस स्तर के पदाधिकारी का नाम भेजने की जिम्मेदारी बिहार सरकार को दे दी जाए। इस स्तर के पदाधिकारी किसी प्रभाव दबाव में नहीं आएंगे और निर्धारित कालखंड के भीतर चुनावी प्रक्रिया निर्बाध रूप से संपन्न कर लेंगे। इन्हें सहयोग देने के लिए पटना हाई कोर्ट अथवा बिहार के किसी सिविल कोर्ट में प्रैक्टिस कर रहे सिख वकीलों का पैनल तैयार कर दिया जाए।

# बेरमो बीडीओ ने छठ घाटों का निरीक्षण कर जताया संतोष



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो थर्मल ।** बोकारो थर्मल स्थित कोनार नदी के दोनों छठ घाटों का सोमवार की शाम को बेरमो बीडीओ मुकेश कुमार ने निरीक्षण किया। बेरमो बीडीओ के साथ गोविंदपुर सी पंचायत के मुखिया विकास सिंह, पंचायत सेवक मिथिलेश पांडेय भी थे। बेरमो बीडीओ ने रेलवे गेट स्थित छठ पूजा कमेटी के सदस्यों एवं मुखिया के द्वारा कोनार नदी छठ घाट पर की जा रही साफ-सफाई, वाहनों के लिए पार्किंग, व्रतियों के कपड़े आदि बदलने के लिए टेंट, पुलिस एवं मेडिकल सहायता आदि केंद्र को देखा तथा की गई तैयारियों पर संतोष प्रकट किया। बेरमो बीडीओ ने पूछे जाने पर कहा कि बोकारो थर्मल के छठ घाट पर काफी अच्छी व्यवस्था कमेटी, डीवीसी प्रबंधन एवं भरत जी पटेल कंपनी के द्वारा की जा रही है। कहा कि छठ के दिन दोनों ही समय घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम डीवीसी प्रबंधन को करने होंगे, जिसमें लाइट, गोताखोर, मेडिकल चिकित्सा एवं दमकल वाहन शामिल होंगे।

# इंडिया गठबंधन प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**


**गोमिया।** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद ने सोमवार को जनसंपर्क किया। इस दौरान स्वांग उत्तरी पंचायत में झामुमो नेता मुमताज आलम के नेतृत्व में ग्रामीणों ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया।

उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि इस बार झारखंड में पुनः इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार द्वारा राज्य के लोगों के हित में काफी कार्य किया गया है और माताओं एवं बहनों को सम्मान दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मईया सम्मान योजना के तहत प्रत्येक बहनों को प्रतिमाह एक हजार रुपए उनके अकाउंट में



भेजा जा रहा है और दिसंबर माह से बहनों के खाते में पच्चीस सौ रुपए भेजा जाएगा। इसी प्रकार राज्य में गरीबों के लिए दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त दी जा रही है। इसके बाद उन्होंने स्वांग मार्केट में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन भी किया। मौके पर मुखिया धनंजय सिंह, झामुमो प्रखंड सचिव सह-मुखिया बंटी उरांव, प्रखंड उपाध्यक्ष अमित पासवान, मो सफदर, ललन केवट, कृष्ण दयाल सिंह, विशाल कुमार, कोपेश्वर यादव, मंजूर इलाही सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# छापेमारी के दौरान अवैध विदेशी शराब की मिनी फैक्ट्री का खुलासा



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह- उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के निदेशानुसार एवं सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन में विधानसभा चुनाव के आलोक में जिला उत्पाद बल के सहयोग से दुग्दा थाना अंतर्गत बूढ़ीडीह क्षेत्र में छापेमारी के दौरान अवैध विदेशी शराब की मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन कर वहां से भारी मात्रा में शराब निर्माण की सामग्री के साथ तैयार शराब बरामद किया गया।

मामले में संलिप्त अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज किया जा रहा है। छापामारी दल में निरीक्षक उत्पाद विजय कुमार पाल, अवर निरीक्षक सदर-सह-तेनुघाट, सन्नी विवेक तिर्की, अवर निरीक्षक बेरमो-सह-चंदपुरा महेश दास शामिल थे। मौके से टीम ने कुल 05 लाख 08 हजार 470 रुपये मूल्य के सामान जब्त किए हैं, जिसमें विदेशी शराब- 6 पेटी में 72 पीस कुल 54 लीटर, स्पिरिट पांच जरकिन में 225 लीटर, तैयार विदेशी शराब- 10 जरकिन में 450 लीटर, ब्लैक टाइगर व्हिस्की के लेबल का एक रोल, 111 व्हिस्की के लेबल का एक रोल, नंबर एक व्हिस्की, बी सेवन व्हिस्की, आरसी व्हिस्की एवं आइकोनिग वाइट व्हिस्की के लेबल का बंडल, झारखंड सरकार का नकली ईएएल, विभिन्न ब्रांड के ढक्कन, खाली बोतल एवं पेट बोतल इत्यादि शामिल हैं।

# मतदान दिवस पर कामगारों को मिलेगा सवैतनिक अवकाश : डीडीसी

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**


**बोकारो ।** बोकारो समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह-उपायुक्त के निदेशानुसार सोमवार को उप विकास आयुक्त गिरिजा शंकर प्रसाद ने जिले के निजी एवं सार्वजनिक उपक्रमों/कंपनियों के प्रबंधकों/प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

बैठक में उप विकास आयुक्त ने सभी उपक्रमों/कंपनियों के प्रतिनिधियों को बताया कि कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग झारखंड द्वारा जारी अधिसूचना के आलोक में विधानसभा आम चुनाव 2024 में मतदान की तिथि को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1961 की



धारा-135 ख के तहत किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को, जो लोकसभा या किसी राज्य की विधानसभा के लिए निर्वाचन में मतदान करने का हकदार हैं, मतदान के दिन अवकाश मंजूर किया जाएगा। उप विकास आयुक्त ने कहा कि उपधारा (1) के अनुसार अवकाश मंजूर किये जाने के कारण किसी व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या उसमें कोई कमी नहीं की जाएगी। यदि कोई नियोजक उपधारा (1) और उपधारा (2) के उपबंधों का उल्लंघन करेगा, वो ऐसा नियोजक दंडित होगा। उक्त प्रावधानों के अनुसार सभी निर्वाचक, जो प्रतिष्ठानों और दुकानों के कर्मचारी हैं, जिनमें शिफ्ट के आधार पर काम करने वाले लोग भी शामिल हैं, उन्हें उस निर्वाचन क्षेत्र में मतदान के दिन सवेतन अवकाश दिया जाएगा। दैनिक वेतनभोगी/अनौपचारिक कर्मचारी भी मतदान के दिन अवकाश और वेतन के हकदार होंगे। उप विकास आयुक्त ने कहा कि सभी निजी औद्योगिक संस्थानों एवं सार्वजनिक उपक्रमों के मतदाताओं को मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से अवगत करा दिया गया है। राज्य में 13 एवं 20 नवंबर को मतदान दिवस है। सभी इसका शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। बैठक में बोकारो स्टील लिमिटेड, सीसीएल, आईओसीएल, बीपीसीएल, सीटीपीएस, ओएनजीसी, डीवीसी आदि कंपनियों के प्रतिनिधि, जिला उद्योग केंद्र के प्रबंधक व मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

# हैरिस हों या ट्रंप, भारत-अमेरिका संबंध होते रहेंगे सशक्त



आर.के. सिन्हा

**प्रवासी भारतीयों का अमेरिका में राजनीति पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव है। वे विभिन्न राजनीतिक दलों में सक्रिय हैं और उच्च पदों पर पहुंचते हैं। कांग्रेस और राज्य विधानसभाओं में महत्वपूर्ण संख्या में भारतीय-अमेरिकी सांसद हैं। वे दोनों देशों की सरकारों के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। प्रवासी भारतीयों ने अमेरिका में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।**

अमेरिका में कल ही यानि 5 नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए मतदान होने जा रहा है। इसको लेकर सारी दुनिया के साथ भारत में भी गहरी दिलचस्पी ली जा रही है। हालांकि यह बात तो शीशे की तरह साफ है कि अमेरिका का अगला राष्ट्रपति चाहें भारतीय मूल की कमला हैरिस बने हैं या डोनाल्ड ट्रंप, दोनों देशों के संबंध बेहतर बने रहेंगे। भारत और अमेरिका के बीच संबंधों का एक लंबा इतिहास है, लेकिन 21वीं सदी में इन संबंधों ने एक नया आयाम ग्रहण किया है। आज यह दो लोकतांत्रिक महाशक्तियां एक दूसरे के महत्वपूर्ण भागीदार हैं, जो वैश्विक सुरक्षा, आर्थिक विकास और तकनीकी प्रगति में साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

भारत और अमेरिका के संबंधों का इतिहास वैसे कहें तो जटिल ही रहा है। 1947 में भारत की आजादी के बाद, अमेरिका ने भारत को शीत युद्ध के दौरान एक महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में देखा। हालाँकि, 1960 और 1970 के दशक में, भारत की गुटनिरपेक्ष नीति और अमेरिका की पाकिस्तान के साथ निकटता के कारण दोनों देशों के बीच कुछ तनाव भी देखने को मिले। 1990 के दशक में, शीत युद्ध के खत्म होने और वैश्वीकरण के उदय ने भारत-अमेरिका संबंधों में एक नया अध्याय शुरू किया। दोनों देशों ने एक दूसरे के साथ व्यापार और निवेश को बढ़ावा दिया, और सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग को मजबूत किया।

आज, भारत-अमेरिका संबंध विभिन्न क्षेत्रों में गहरे और मजबूत हैं। भारत अमेरिका के लिए एक प्रमुख व्यापारिक भागीदार है, और अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निवेशक है। दोनों देश एक दूसरे के बाजारों में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दोनों देशों ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, साइबर सुरक्षा और समुद्री सुरक्षा जैसे मुद्दों पर सहयोग को बढ़ावा दिया है।

भारत और अमेरिका एक दूसरे के साथ तकनीकी क्षेत्र में सहयोग कर रहे हैं। भारत में टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में विकास की गति तेज है, और अमेरिकी कंपनियां भारत के बाजार में निवेश करने में रुचि रखती हैं। इसके साथ ही, दोनों देशों के बीच शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में भी मजबूत संबंध हैं। कई भारतीय छात्र अमेरिका में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए जाते हैं, और अमेरिका में भारतीय संस्कृति की उपस्थिति बढ़ रही है। हालांकि भारत-अमेरिका संबंधों में प्रगति हुई है, लेकिन कुछ चुनौतियाँ अभी भी मौजूद हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों में कुछ असंतुलन है, जिसके कारण कुछ तनाव भी देखने को मिलता रहता है।




भारत-अमेरिका संबंधों में प्रवासी भारतीयों की भूमिका भी खासी अहम रही है। अमेरिका में बसे भारतीयों ने अपनी मेहनत, प्रतिभा और सांस्कृतिक समृद्धि से दोनों देशों के बीच एक मजबूत सेतु का निर्माण किया है। प्रवासी भारतीयों का अमेरिकी अर्थव्यवस्था में योगदान अविश्वसनीय है। वे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिनमें प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, वित्त और उद्यमिता शामिल हैं। ₹सिलिकॉन वैली₹ में भारतीय मूल के उद्यमी और कार्यकर्ता प्रौद्योगिकी क्रांति में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा, भारतीय-अमेरिकी व्यापारियों ने दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

प्रवासी भारतीयों का अमेरिका में राजनीति पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव है। वे विभिन्न राजनीतिक दलों में सक्रिय हैं और उच्च पदों पर पहुंचते हैं। कांग्रेस और राज्य विधानसभाओं में महत्वपूर्ण संख्या में भारतीय-अमेरिकी सांसद हैं। वे दोनों देशों की सरकारों के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। प्रवासी भारतीयों ने अमेरिका में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे भारतीय फिल्मों, संगीत, कला और साहित्य को लोकप्रिय बनाने में सफल रहे हैं। इसके अलावा, भारतीय समुदाय अमेरिका के सामाजिक और सांस्कृतिक ताने-बाने में योगदान दे रहा है, बहुसांस्कृतिक समाज को मजबूत कर रहा है।

बेशक, प्रवासी भारतीयों ने भारत और अमेरिका के बीच एक अद्वितीय पुल का निर्माण किया है। वे दोनों देशों की भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं को समझते हैं, जिससे दोनों देशों के बीच आपसी समझ और सहयोग बढ़ता है। वे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गए हैं।

हालांकि यह भी सच है कि प्रवासी भारतीयों को भी कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इनमें सांस्कृतिक अलगाव, भेदभाव और नस्लीय पूर्वाग्रह शामिल हैं। हालांकि, प्रवासी भारतीयों की मेहनत, प्रतिभा और सांस्कृतिक समृद्धि ने उन्हें अमेरिका में सफलता हासिल करने और दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने में सफल बनाया है। भविष्य में, प्रवासी भारतीयों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जाएगी, क्योंकि वे दोनों देशों के बीच व्यापार, शिक्षा, संस्कृति और राजनीति के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।

प्रवासी भारतीयों का भारत-अमेरिका संबंधों पर एक बहुआयामी और सकारात्मक प्रभाव है। वे दोनों देशों के बीच आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे दोनों देशों के बीच एक अद्वितीय पुल का निर्माण करते हैं, जिससे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलती है। प्रवासी भारतीयों की भूमिका भारत-अमेरिका संबंधों के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

इस बीच, अमेरिका में बसे भारतीयों की बात करते हुए हमें भारत में बस गए अमेरिकी नृत्यांगना शेरोन लोवेन की भी चर्चा कर लेना चाहिए। शेरोन लोवेन मूल रूप से अमेरिकी हैं और वो बीते पचास सालों से भी कुछ अधिक समय से भारत की हो गई हैं। शेरोन लोवेन भारत की चोटी की ओड़िसी नृत्य की नृत्यांगना हैं। उन्होंने अपना सारा जीवन ओड़िसी नृत्य सीखने और सिखाने में समर्पित कर दिया है। उन्होंने भारत और भारत से बाहर सैकड़ों कार्यक्रमों में अपने चमत्कारी नृत्य से दर्शकों का भरपूर प्यार पाया है। वो जन्म से यहूदी हैं। पर वो बुद्ध और सनातन परंपरा को गहराई से जानती हैं और उसका गहन अध्ययन भी करती हैं। शेरोन लोवेन से अब अमेरिका बहुत दूर छूट चुका है। वह भारतीय हो गई हैं। शेरोन लोवेन 1975 में मिशिगन विश्वविद्यालय से मानविकी, ललित कला, एशियाई अध्ययन और नृत्य में बीए और एमए करने के बाद दिल्ली में मणिपुरी नृत्य को सीखने के लिए भारत आईं थीं। उन्हें यहां गुरु केलुचरण महापात्रा के रूप में पहला गुरु मिला। तो कह सकते हैं कि भारत- अमेरिका संबंधों को सशक्त करने में शेरोन लोवेन जैसी विभूतियों का योगदान भी कोई कम नहीं रहा है।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## संपादकीय

### कनाडा की अपरिपक्वता

सरकार ने शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कनाड़ाई मंत्री के आरोपों को 'बेतुका और निराधार' करार देते हुए खारिज कर दिया। इससे पहले शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित कनाड़ाई उच्चायोग के प्रतिनिधि को तलब किया गया और उन्हें एक नोट सौंपा गया जिसमें कनाड़ाई मंत्री के आचरण पर नाराजगी जताई गई। शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि नोट में भारत सरकार ने कनाड़ा के उपमंत्री डेविड़ मॉरिसन के आरोप पर गहरी नाराजगी जताई। मॉरिसन ने मंगलवार को एक संसदीय पैनल के समक्ष कहा था कि कनाड़ा में सिख अलगाववादियों पर हमले की साजिश के पीछे पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के एक शीर्ष पदस्थ अधिकारी थे।



दरअसल, कनाड़ा पुलिस ने जब से खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच के दौरान मिले 'सबूतों' के आधार पर भारत सरकार के एजेंटों का नाम लिया है, तब से दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास उभर आई है। कनाड़ा पुलिस ने कहा है कि उसकी जांच में कनाड़ा में 'हत्याओं और हिंसक कृत्यों' और भारत सरकार के एजेंटों के बीच संबंधों का पता चलता है। दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के चलते दोनों ने एक दूसरे के राजनयिकों को वापस बुला लिया। कनाड़ा तनाव बनाए रखने का रवैया अपनाए हुए है, और बीते मंगलवार को कनाड़ाई मंत्री का बयान इसी सिलसिले का हिस्सा है। कनाड़ा आखिर, भारत के साथ संबंधों की कीमत पर इस प्रकार का रवैया क्यों अपनाए हुए है। दरअसल, कनाड़ा में निकट भविष्य में चुनाव होने हैं, और वहां सिखों की खासी आबादी है, जिस पर अलगाववादी खासा प्रभाव रखते हैं। इनके मतों पर प्रधानमंत्री जस्टिन टूड़ो की नजर है। इसलिए इन मतदाताओं के तुष्टिकरण की गरज से कनाड़ा गैर-जिम्मेदाराना हरकत किए जा रहा है। सबूत मांगे जाने की भी अनदेखी कर रहा है। राजनयिक परिपाटियों का 'घोर उल्लंघन' करने तक से नहीं चूक रहा। उसने भारत को साइबर खतरा पैदा करने वाले देशों की सूची तक में ड़ाल दिया है। कनाड़ा स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के कर्मचारियों को ऑड़ियो और वीड़ियो निगरानी में रखकर उनका 'उत्पीड़न' शुरू कर दिया है। वह हर वो कोशिश कर रहा है जिससे भारत के खिलाफ वैश्विक विमर्श को प्रभावित कर सके। जो भी आरोप लगा रहा है, उसके समर्थन में कोई प्रमाण भी पेश नहीं कर रहा। कहा जा सकता है कि कनाड़ा के व्यवहार में परिपक्वता का अभाव है।

## चिंतन-मनन

### जीवन का संघर्ष

एक दिन एक व्यक्ति बहुत परेशान लग रहा था। मित्र ने पूछा- क्या बात है? आज इतने परेशान क्यों हो?

उसने कहा- मैं बहुत मुसीबत में फंस गया हूं।

मित्र बोला- तुम्हारी क्या मुसीबत हो सकती है? तुम्हारे दोनों लड़के संपन्न हैं। खूब धन कमा रहे हैं। तुम्हें किस बात की कमी है?

तुम ठीक कहते हो। लड़के संपन्न हैं, पर मेरी मुसीबत उनके कारण ही है। ?सा क्या हुआ, जो मुसीबत आ गई? मुसीबत बहुत बड़ी है। मैंने लड़कों को पढ़ाया। एक डॉक्टर बन गया और एक वकील। उनका यह व्यवसाय ही मुसीबत का कारण है।

उनके व्यवसाय से आपकी मुसीबत का लेना-देना क्या है?

हुआ यह कि एक एक्सीडेंट में मेरे पैर में चोट लग गई, पैर में घाव हो गया। जो डॉक्टर है, वह कह रहा है, पिताजी! घाव को जल्दी ठीक कर लें अन्यथा इसमें रस्सी पड़ जाएगी। हो सकता है फिर पैर काटने के सिवाय कोई विकल्प न रहे। यह तो अच्छी बात है। इसमें मुसीबत का प्रश्न ही कहां है? लेकिन जो वकील है, वह कह रहा है पिताजी! अभी घाव को ठीक नहीं करना है। इसे बढ़ने दें। जब घाव गहरा हो जाएगा, तब मैं दावा करूंगा और पूरा हजार्ना वसूल करूंगा। यही मेरी मुसीबत है। यह जीवन का संघर्ष है, टकराहट है। व्यक्ति दोनों ओर से खिंचा जा रहा है। एक लड़का कहता ठीक कर लें और एक लड़का कह रहा - घाव को और गहरा होने दें। यह जीवन का विचित्र संघर्ष है। इसमें प्रत्येक व्यक्ति जी रहा है और संघर्षो को झेल रहा है।

# छठ व्रत की महिमा अपरम्पार

छठ व्रत की महिमा अपरम्पार है जिसकी ख्याति दिन दुनी रात चैगनी विश्व पैमाने पर फैलती जा रही है। इसकी अपार महिमा के चलते आज व्रत करने वालों की संख्या में भी अपार वृद्धि होती जा रही है। देश के पूर्वी भाग बिहार उ.प्र. से शुरू होने वाला यह व्रत आज देश के हर भाग सहित विश्व स्तर पर श्रद्धा एवं विश्वास के साथ मनाया जा रहा है। इस व्रत में मुख्य रूप से सूर्य की उपासना होती है। उगते सूर्य की उपासना तो सभी करते है पर विश्व स्तर पर यह अपने आप में अद्वितीय व्रत है जहां डूबते सूर्य की भी उपासना की जाती है। इस व्रत की शुरूआत हर वर्ष कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से होती है तथा षष्ठी तिथि की शाम को डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के उपरान्त समापन सप्तमी तिथि को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर किया जाता है। इस वर्ष यह व्रत 5 नवंबर से लेकर 8 नवम्बर तक मनाया जायेगा।

इस व्रत में व्रत करने वाला व्रती चतुर्थी तिथि से नहाय खाय, पंचमी को खरना, षष्ठी तिथि के प्रारम्भ से ही बिना अन्न जल ग्रहण किये व्रत करते हुये नदी, जलाशय, तलाब में जल में खड़े होकर डूबते सूर्य को अर्घ्य देने एवं सप्तमी तिथि को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ व्रत को पूरा करता है। इस व्रत में पवित्रता का विशेष ख्याल रखा जाता है। इस व्रत में प्रसाद में सारे मौसमी फल, गन्ना, ठेकुआ शामिल होता है। व्रत करने वाला परिवार इस व्रत को आस्था एवं पूर्ण विश्वास से करता है, मान्यता है कि इस व्रत को करने वाले की हर मनोकामना पूर्ण होती है। इस व्रत को अधिकांशंतः महिलाएं ही करती है। विशेष पुत्र प्राप्ति की कामना हेतु पुरूष भी इस व्रत को अपनी पत्नी के साथ करते देखे जा सकते है।



इस व्रत को करने की परमपरा अनादि काल से चली आ रही है। इस व्रत को प्राचीन काल से ही नाग, किन्नर, मानव में करने के प्रमाण मिलते है। संकट काल में द्वापर युग में दौपदी द्वारा इस व्रत को करने एवं पांडवों को अपना राज्य मिलने की भी बात प्रमुख रही है। यह व्रत विहार, झारखंड के हर परिवार में श्रद्धा के साथ प्रति वर्ष किया जाता है। इस प्रांत के निवासी देश, विदेश जहां भी रहते है, श्रद्धा के साथ वही इस व्रत को करते है। इसी करण यह व्रत आज अंतर्राष्टीय रुप ले चुका है। देश का हर कोना- कोना आज इस व्रत की गूंज से गुंजयमान तो हो ही रहा है, मारिशश, फीजी, सूरीनामी आदि देश में भी इस छठ पूजा की धूम मची हुई है।

षष्ठी तिथि को अस्थाचल होते हुए सूर्य को प्रथम अर्घ्य इस कामना एवं विश्वास के साथ कि उदय के समय हमारी झोली खुशियों से सूर्य देव की असीम कृपा से सदा के लिये भर जायेगी, दूसरे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत की समाप्ति होती है। इस अवसर पर घाट का दृश्य अति मनोरम होता है। ईख से अच्छादित वातावरण हर किसी को अपनी ओर खींच लेता है।

इस व्रत की महिमा अपरम्पार है। जिस किसी ने भी इस व्रत को विश्वास एवं श्रद्धा के साथ किया है। उसकी हर मनोकामना पूर्ण हुई है। पुत्र, यश, धन प्राप्ति के लिये किये इस व्रत के परिणाम सदैव ही सकरात्मक रहे है। तभी इस व्रत को करने वालों की संख्या में निरंतर वृद्धि ही होती जा रही है। आज यह व्रत केवल विहार, झारखंड प्रांत का ही नहीं होकर पूरे देश का हो चला है। जो भी इस व्रत की अपार महिमा से परिचित हुआ है, इस व्रत को करते मिलेगा। इस व्रत को हर जाति संप्रदाय के लोग करते मिलेगें। इसी कारण यह व्रत आपसी भाईचारा एव्र सद्भावना का प्रतीक बन चुका है। आज राज्य सरकार भी इस व्रत की महिमा, आस्था, विस्वास को देखते हुये राजकीय अवकाश घोषित कर रही है जिससे व्रत की गरिमा बढ़ने लगी है। इसी वर्ष दिल्ली की राज्य सरकार ने छठ पूजा को राजकीय अवकाश में शामिल कर लिया है। आगे अन्य सरकार भी इस दिशा में अपना कदम बढ़ायेगी।

**डॉ. भरत मिश्र प्राची (लेखक स्वतंत्र पत्रकार)**

# एमएसपी : किसानों को भरोसा देने की कोशिश



अमित बैजनाथ गर्ग



हाल में केंद्र सरकार ने छह रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि की है। यह वृद्धि न्यूनतम 130 रुपये और अधिकतम तीन सौ रुपये प्रति क्विंटल है। गेहूं के एमएसपी में 150 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई। रेपसीड और सरसों के दाम में प्रति क्विंटल तीन सौ रुपये बढ़ाया गया है। मसूर में 275 रुपये की वृद्धि की गई है। सरकारी दर पर रबी फसलों की खरीद-बिक्री का सत्र अप्रैल, 2024 से शुरू होगा।

खास बात यह है कि अधिकतर फसलों की एमएसपी अब लागत के लगभग डेढ़ गुना हो चुकी है, जिसकी मांग किसानों की ओर से लगातार हो रही थी। एमएसपी में 23 फसलों को शामिल किया जा चुका है। एमएसपी बढ़ाने को लेकर किसान आंदोलन करते रहे हैं। सवाल है कि क्या इस बार एमएसपी बढ़ने से अगली बार आंदोलन नहीं होगा! एमएसपी किसानों से तय दर पर फसल खरीदने की गारंटी है। इसकी वजह से किसानों को बाजार के उतार-चढ़ाव से सुरक्षा मिलती है। एमएसपी की शुरू आत 1967 में हुई थी। एमएसपी तय करने के लिए कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) की रिपोर्ट का इस्तेमाल किया जाता है। सीएसीपी उत्पादन लागत, बाजार के रुझान और मांग-आपूर्ति के हिसाब से एमएसपी तय करता है। एमएसपी की गणना के लिए सीएसीपी खेती की लागत को तीन हिस्सों में बांटता है। इसमें फसल उत्पादन के लिए किसानों के नकद खर्च के साथ-साथ पारिवारिक श्रम का भी हिसाब लगाया जाता है। एमएसपी बढ़ने से किसानों को लाभकारी मूल्य मिलता है, और फसल विविधीकरण में मदद मिलती है।

एमएसपी बढ़ाने को लेकर केंद्र सरकार का तर्क है कि इससे किसानों की आय बढ़ेगी। हालांकि किसान नेता सरकार के दावे से सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार के कई उपाय हो सकते हैं। इसमें एक है मूल्य स्थिरता कोष का गठन यानी जब फसल की बाजार कीमत एमएसपी से नीचे चली जाए तो सरकार इसकी भरपाई करे। किसानों को धानझ्रगेहूं की फसल की बजाय ज्यादा कीमत देने वाली फसल पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। फल, सब्जी, मवेशी, मछली पालन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उनका कहना है कि कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग की आड़ में किसानों को कंपनियों के भरोसे नहीं छोड़ा जाना चाहिए। ये कंपनियां कॉन्ट्रैक्ट तोड़ देती हैं, और किसानों को घाटा उठाना पड़ता है। कर्ज में डूब जाता है और आत्महत्या तक के लिए मजबूर हो जाता है।

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि एमएसपी व्यवस्था का दबदबा इस सेक्टर में इनोवेशन को हतोत्साहित करेगा। किसान सरकारी व्यवस्था पर निर्भर होकर रह जाएंगे और जोखिम लेने से डरेंगे। इसलिए किसानों को चावल-गेहूं की एमएसपी खरीद के चक्र से छुटकारा दिलाने की जरूरत है। एमएसपी की कानूनी गारंटी किसानों का अहित करेगी। उनका दावा है कि स्वामीनाथन आयोग के मुताबिक फसलों के दाम बढ़ेंगे तो खाद्य वस्तुओं के दाम 25 से 30 फीसद बढ़ जाएंगे और सरकार के लिए महंगाई नियंत्रण कठिन हो जाएगा। किसानों का कहना है कि उनकी फसल की पूरी खरीद की जिम्मेदारी सरकार को लेनी होगी। किसान जितनी फसल पैदा करेंगे, उसकी एमएसपी पर पूरी खरीद सरकार और उसकी एजेंसियों को करनी होगी। तभी किसानों का भला होगा और फसलों का विविधीकरण भी पूरा हो जाएगा।

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि खाद्य सुरक्षा आत्मनिर्भरता देश के स्थायित्व और सम्मान का विषय है। एमएसपी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ खुले बाजार में कीमतों को नियंत्रित करने के लिए हस्तक्षेप तंत्र भी साबित हुआ है। आयात द्वारा खाद्य सुरक्षा कतर, बहरीन आदि जैसे कम आबादी और मजबूत औद्योगिक-आर्थिक आधार वाले देशों के लिए व्यवहार्य मॉडल हो सकता है। उनका दावा है कि ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका प्रतिस्पर्धी कीमतों पर दुनिया के बाकी देशों के लिए गेहूं का उत्पादन और निर्यात कर सकते हैं, लेकिन तब कृषि गतिविधियों से जुड़े भारतीयों सहित दुनिया की आधी आबादी बेरोजगार हो जाएगी। उनका कहना है कि कुछ मामलों में आयात की पक्षपातपूर्ण सरकारी नीति ने देश में तिलहन किसानों और खाद्य तेलों के उद्योगों को हानि पहुंचाई है। ऐसे में कृषि क्षेत्र में ऐसी नीतियों से बचना चाहिए।

कृषि विशेषज्ञ डॉ. वीरेंद्र सिंह लाठर कहते हैं कि एमएसपी की कानूनी गारंटी देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ बाजारी मुद्रास्फीति को भी नियंत्रित करेगी जिससे किसानों को बिचौलियों के शोषण से बचाया जा सकेगा। एमएसपी की कानूनी गारंटी तिलहन-दालों सहित सभी कृषि वस्तुओं में आत्मनिर्भरता के माध्यम से खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करेगी जो ज्यादा पानी और संसाधनों की खपत वाली अनाज फसलों के उत्पादन की तुलना में किसानों के लिए अधिक लाभदायक होगी।



# फैशनेबल शॉपिंग के लिए

**आप अपने** बजट में अफोर्डेबल आइटम्स खरीदना चाहती हैं तो कुछ आपके काम के टिप्स हाजिर हैं।

- आप कोई भी चीज सिर्फ यह सोचकर ना खरीदें कि वह फैशन में इन है। उन्हीं चीजों को प्रिफरेंस दें, जो आप पर सूट करती हैं।
- यह जरूरी नहीं है कि जो चीजें मॉडल्स पर अच्छी लग रही हैं, वह आप पर भी फबेंगी। आप अपनी बॉडी के मुताबिक ही ड्रेसेज परचेज करें।
- आप ब्रैंडेड ड्रेसेज में ही स्टाइलिश लगेंगी, ऐसा सोचना बिल्कुल गलत है। आप छोटे स्टोर से भी कपड़े खरीद सकती हैं। यह आपको अपने बजट में भी मिल जाएंगी।
- दरअसल, शॉपकीपर्स इन प्रॉडक्ट्स पर डबल या ट्रिपल पैसा वसूलते हैं, इसलिए ऐसे आइटम्स को खरीदने से पहले एक-दो स्टोर पर प्राइज चेक कर लें। इसके बाद ही इन्हें खरीदें।
- अक्सर शॉपकीपर अपनी पुरानी चीज को भी ट्रेंडी कहकर बेचने की कोशिश करते हैं। आप उनकी चिकनी-चुपड़ी बातों में बिल्कुल ना आएं।
- फैशन हमेशा बदलता रहता है। इस कंडीशन में आप ऐसी चीजें बिल्कुल भी ना खरीदें, जो बहुत जल्दी फैशन से आउट हो जाती हैं।





**अगर आप सिंगल हैं और अपने लिए मिस्टर पर्फेक्ट की तलाश कर रही हैं, तो आपको इन फंडों पर जरूर गौर करना चाहिए। बेशक, ज्यादा दिनों तक आप चाहकर भी सिंगल नहीं रह पाएंगी।**

# फिर सिंगल नहीं रहेंगी आप

**अगर** आपको ऐसे साथी की तलाश है जो आपकी हर बात का ख्याल रखे और हमेशा खुश रखे। इसके लिए जरूरी है आप सुंदर, स्मार्ट तो दिखें ही साथ ही नए जमाने के साथ भी चलें।

## ब्लाइंड डेट का अलग मजा

ब्लाइंड डेट का अपना ही मजा है। किसी ऑनलाइन डेटिंग वेबसाइट पर जाएं और खुद को रजिस्टर करें। ब्लाइंड डेट पर जाकर आप जरूर सोचेंगी कि अब तक आपने इसका आनंद क्यों नहीं लिया! लेकिन एक वॉर्निन है कि अपनी वर्जिनिटी का खासा ख्याल रखें। ज्यादा लोगों के साथ डेट से आपको नए एक्सपीरियंस मिलेंगे और आपका कॉन्फिडेंस भी बढ़ेगा। यकीन मानिए, जब सही टाइम आएगा, तो आपको खुद ही पता लग जाएगा कि यह सही इंसान है और यही सही मौका है। एक बात और, वरायटी को ट्राई कीजिए, लेकिन स्मार्ट अंदाज में सिलेक्ट कीजिए।

## स्मार्ट ट्रैवल और फ्रेंड्स

अपनी फ्रेंड्स के साथ या फिर अकेले आप ऐसी जगहों पर बिंदास जाएं, जहां आप हमेशा से जाना चाहती हैं। हालांकि ध्यान रखें कि वह प्लेस टूरिस्ट फ्रेंड्ली होना चाहिए। साथ ही, वहां ऐसे पुरुषों के मिलने की संभावना भी होनी चाहिए, जो आपकी लैंग्वेज तो समझे ही, आप पर मर मिट भी सके। और हां, पुरुषों से मेल-जोल का बहाना भी तो आपको चाहिए। तो आपके द्वारा खींचे गए फोटोज और आपकी बुक इसके लिए बहाना मुहैया कराएंगे।

## शॉपिंग का अंदाज

तमाम सिंगल लड़कियां आमतौर पर कहीं भी बाहर जाकर अपनी जरूरत की या फिर काम की चीजें जैसे टॉवल या सोप खरीदती रहती हैं। आप ऐसा न करें। घूमने जाएं, तो कुछ अलग तरह की शॉपिंग करें। लॉन्जरी, साटन की नाइटीज, हॉट ड्रेसेज और हाई हील वाली सैंडल ... लाइफ को स्पाइसी बनाने वाली चीजें आपको खास बनाएंगी। अपने आपको सही मूड में लाने के लिए आपको इन चीजों को महसूस करने की जरूरत है। आपकी लाइफ में कोई नहीं है, तो क्या हुआ, रात को लॉन्जरी पहनिए और खुद को बेहतर महसूस कीजिए। बेहतर बनने के लिए सबसे पहले आपका खुद को अच्छा महसूस करना जरूरी है।

## लाइफ में थ्रिल

बोरिंग लड़की होने की बजाय इंट्रेस्टिंग बनिए। खतरों से डरना छोड़िए। अक्सर लड़कियां कमिटमेंट से बचना चाहती हैं और इसी फेर में सिंगल रह जाती हैं। बेहतर होगा अडवेंचर स्पोर्ट्स जैसे बंजी जंपिंग और रिवर राफ्टिंग ट्राई कीजिए। यकीनन, इस दौरान होने वाला डर और कॉन्फिडेंस आपको स्ट्रॉन्ग बनाएगा। इतना स्ट्रॉन्ग कि आप रिलेशनशिप से भागना छोड़ देंगी।

## ऑलवेज फ्रेश

ज्यादातर लोग अपनी लाइफ में बेसिक चीजें भूल जाते हैं। रोजाना अपने दांत साफ कीजिए। बढ़िया माउथ फ्रेशनर का यूज कीजिए। हमेशा आपकी सांस ताजा रहनी चाहिए। अगर आप स्मोक करती हैं और अपने दांतों को रोजाना साफ नहीं करतीं, तो आपको दांतों का मेकओवर करा लेना चाहिए। चमकीले सफेद दांत किसी को भी अट्रैक्ट कर सकते हैं। रोजाना नहाने और साफ कपड़े पहनने से आपकी पर्सनैलिटी में निखार आ जाता है।

## रोमांटिक टॉक

सुबह उठकर न्यूज पेपर पढ़ना, क्वॉन्टम फिजिक्स की प्रॉब्लम के लिए नेट सर्फ करना और समझदारी भरी बातें करना ही सब कुछ नहीं है। ध्यान रखिए कि अगर आप किसी विद्वान इंसान के साथ प्यार की पींगे बढ़ा रही हैं, तो भी आपको कुछ डिफरेंट टॉपिक्स पर डिस्कस करना चाहिए। आपको नैनो टेक्नोलॉजी के बारे में बात करने के साथ - साथ कभी यह भी पूछना चाहिए, क्या तुम रागिनी एमएमएस देखते वक्त डर गए थे।

## बेसिक एटिकेट्स सीखें

आपका फर्स्ट इम्प्रेशन दूसरे पर काफी इफेक्ट डालता है। इसलिए आपको सामने वाले से आई कॉन्टैक्ट बनाना, अपने बालों को स्टाइलिश बनाना, मुस्कराना और बैठते वक्त पैरों को सही तरीके से मोड़ना जैसे बेसिक एटिकेट्स सीखने चाहिए। भले ही,आज आपको ये चीजें महत्वपूर्ण न लगें, लेकिन कल जब आप किसी को पसंद करेंगी, तो ये चीजें उसे अट्रैक्ट करने में आपके काम आएंगी।

## पॉजिटिव बनिए

अगर आप प्यार की खुमारी में डूबना चाहती हैं, तो आपको पॉजिटिव बनने की सबसे ज्यादा जरूरत है। आपको जिंदगी में निराश रहने की बजाय उसे पॉजिटिव नजरिए से देखना चाहिए। बेहतर होगा कि आप दूसरों में कमी निकालने या फिर गॉसिप करने की बजाय अपने इम्प्रूवमेंट पर ध्यान दें। अगर आपका मूड बबली और चीयरफुल है, तो लोग खुद ब खुद आपके पास आना पसंद करेंगे। इसमें कोई शक नहीं कि पॉजिटिव लोग ही वास्तव में सेक्सी होते हैं। ऐसे में अगर आप पॉजिटिव बनने के बारे में सोचेंगी ,तो सेक्सी हो ही जाएंगी।

## नेटवर्किंग साइट्स से हट के

सोशल नेटवर्क की दुनिया से बाहर थोड़ा अपने आसपास मौजूद असल दुनिया के लोगों से भी बातचीत करना सीखिए। अगर आप बिना मोबाइल देखे अपने साथी के जोक पर नहीं हंस सकतीं या फिर आपको हर वक्त फेसबुक पर अपने फोटो अपलोड करने की ही पड़ी रहती है,तो आपको वाकई संभलने की जरूरत है। माना कि, आजकल जमाना टेक्नोलॉजी का है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि आप अपने आसपास मौजूद लोगों को इग्नोर करने लगें। यकीन मानिए किसी से ऑनलाइन मिलने की बजाय फेस टु फेस मिलना या फिर मोबाइल बात करना ज्यादा बेहतर है। साइकॉलजिस्ट्स मानते हैं कि, प्यार के शुरुआती दिनों में लवर्स एक - दूसरे को निहारते हुए काफी वक्त बिताते हैं और इसीसे उनके रिलेशन मजबूत होते हैं। इसलिए बेहतर होगा कि आप ट्विट छोड़कर लोगों से मिलना शुरू करें।

# क्या जरूरी है लिव इन रिलेशनशिप

**सहजीवन यानी लिव इन रिलेशनशिप पश्चिमी अवधारणा है, जिसके कारण वहां का सबसे ज्यादा सामाजिक विघटन हुआ है, परंतु धीरे-धीरे अपने देश में भी लोकप्रिय हो रही है। खासकर देश के मेट्रोपोलिटन शहरों में रहने वाले युवाओं के मध्य इस तरह के रिश्ते लोकप्रिय हो रहे हैं। क्या यह रिश्ते जरूरी हैं।**



**पहले इस तरह के** रिश्ते समाज में एक तरह के टैबू के रूप में देखे जाते थे, पर अब फैशन के तौर पर इन्हें अपनाया जा रहा है। हम सभी का अपना अतीत होता है, जिसमें गहरे जख्म होते हैं या मीठी यादें। जब हमारे अतीत के बारे में बात करते हैं, आप कैसे अपने पूर्व-रिश्ते को भूल सकते हैं, जिसे आप नफरत से याद करते हैं या प्यार करने में नफरत महसूस करते हैं।

## भावनात्मक आघात

ब्रेकअप होने से भावनात्मक आघात के कारण और एक असफल रिश्ते की वेदना के कारण क्या आप सिर्फ उन्हें अपने जीवन से अलग कर निकाल देते हैं? या यह संभव हो एक पूर्व के साथ सिर्फ दोस्त का रिश्ता रखा जा सकता है? किस प्रकार पूर्व प्रेमी के साथ एक रिश्ता बना सकते हैं? विशेषज्ञों का कहना है कि अपने पूर्व के साथ सिर्फ दोस्त होना यह अच्छा हो सकता है, लेकिन सिर्फ यदि आपको लगता है कि रोमांटिक रिश्ते वापस नहीं आएंगे। ऐसे बहुत से लोग जो अपना रिश्ता खत्म करते समय आखिरी कोशिश करते हुए अक्सर यह कहते हुए सुने जाते हैं कि अब हम अच्छे दोस्त बने रहेंगे, ताकि वह रिश्ता खत्म कर रहे व्यक्ति के संपर्क में रह सके। इसके पीछे वजह यह है कि वह अपने साथी के बिना जीने के बारे में सोचने की कल्पना भी नहीं करते। यह सब आपके अपने मन के विचारों पर निर्भर करता है। अपने मानसिक विचार और अपने पूर्व साथी के साथ डील करने की क्षमता के अतिरिक्त आपके पति या पत्नी, क्या मामला आपके लिए महत्वपूर्ण है ।

## क्या खोया प्यार मिलेगा

यह आपके भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए बहुत बुरा हो सकता है, क्योंकि यह आपको एक उम्मीद थमाकर अधर में लटका देता है कि आपका खोया हुआ प्यार आपको फिर से मिल जाएगा और दूसरे रिश्ते की भी आशा होती है। यदि आप उस प्रकार के व्यक्ति हैं, जो हमेशा अपने पूर्व से प्यार करते रहेंगे, है तो यह आपके लिए बेहतर होगा कि अब हम अच्छे दोस्त बनकर रहेंगे जैसे रिश्ते खत्म करने वाले रास्ते से दूरी बनाकर रखें या उसे अलविदा कहिये।

## नहीं है बुराई

पूर्व रिलेशनशिप को बना कर रखना कोई बुरी बात नही है, लेकिन रिलेशनशिप आपकी वर्तमान रिलेशनशिप में किसी भी तरह हस्तक्षेप नहीं है कि आप नहीं हो, यह निश्चित रूप से आपके वर्तमान रिलेशनशिप के लिए अच्छा नही होगा। पूर्व के साथ सिर्फ मित्र बनकर रहने की जरुरत आपकी वर्तमान रिलेशनशिप में आपके रिश्ते को बर्बाद कर सकता है। यह आप तीनों के लिए ही सही नहीं होगा। इस तरह आप तीनों ही दुखी रहेंगे। यह रिश्ते को अस्थिरता की ओर ले जाता है और यहां तक कि रिश्ते पूरी तरह बर्बाद कर सकते हैं।



## सुप्रीम कोर्ट का निर्णय

सुप्रीम कोर्ट के अनुसार मां-बाप का यह हक है कि उनके बच्चे बुढ़ापे में उनकी देखभाल करें। ऐसा न करने पर उन्हें कानूनन दंडित किया सकता है। अब यही पर कन्फ्यूजन क्रिएट होता है। सहजीवन भारतीय समाज द्वारा मान्य नहीं है, दूसरे ऐसे बच्चे जिनकी अपनी जीवन-धारा ही सुनिश्चित न हो, वे अपने मां-बाप को इसमें कैसे शामिल करेंगे? इस तरह के रिश्ते सिवाय सामाजिक विघटन के हमें और कुछ नहीं दे सकते।

## समय देना होगा

मई 2009 के एक न्यूकैसल, विश्वविद्यालय के काउंसिलिंग सेवा द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार, यह जरूरी है कि अपने पूर्व साथी के साथ नियमित संपर्क बनाए रखने से आप बचें या उससे किनारा कर लें। यह सिर्फ दीर्घकालीन पीड़ा दे सकता है और इस पीड़ा से उभरने में समय लगता है। यदि आप फिर से संपर्क बनाने का फैसला लेते हैं, पहले दर्दनाक भावनाओं से उभरने के लिए अपने आप को समय दें। बेशक, इसके कहने का अर्थ यह नहीं है कि आपको अपने पूर्व साथी के साथ बिल्कुल भी संपर्क में नहीं रखना चाहिए। ब्रेकअप के बाद घाव से उभरे और आप हैल्दी रिलेशनशिप की तरफ जा सकते हैं और इसके बाद आप अपने पूर्व से किसी भी तरह नफरत नहीं करेंगे, अपने पूर्व के साथ दोस्त बन कर रहने के लिए सक्षम होना, यह एक अद्भुत बात हो सकती है।

## यहां से हुई शुरुआत

लिव इन रिलेशनशिप यानी सहजीवन। आपको याद होगा कि अपने देश में इस विषय पर विवाद की शुरुआत दक्षिण भारतीय सिने जगत की सुपर स्टार खुशबू के उस बयान से शुरू हुई थी, जिसमें उन्होंने विवाह पूर्व सेक्स संबंधों को जायज ठहराया था और इसके फलस्वरूप तमिलनाडु में काफी हो-हल्ला हुआ था। अब कोर्ट ने उनके पक्ष में निर्णय देकर एकबार फिर उस विवाद को हवा दे दी है। पक्ष-विपक्ष में हर तरह के विचार आ रहे हैं। कुछ लोग विवाह नाम की संस्था को सामाजिक ढकोसला मानकर इसकी आवश्यकता पर ही प्रश्न चिह्न लगा रहे हैं।

## पहले नहीं था

प्रागैतिहासिक काल में विवाह नाम की संस्था नहीं थी, स्त्री-पुरुष आपस में सेक्स संबंध बनाने के लिए स्वतंत्र थे। समाज को सुचारु रूप से चलाने के लिए कुछ नियम बनाए गए और विवाह नाम की संस्था ने जन्म लिया। समय के साथ समाज की रीति नीति में काफी परिवर्तन आए हैं। इंसान की पैसे की हवस और अहम की भावना ने इस संस्था को काफी नुकसान पहुंचाया है, लेकिन मात्र इसके कारण इसकी आवश्यकता पर प्रश्नचिह्न नहीं लगाया जा सकता।

## परस्पर संबंध जरूरी

आज जरूरत है कि विवाह संस्था में आई कुरीतियों को दूर करने की, ताकि पारिवारिक संबंधों में पारस्परिक गरमाहट बढ़े। हमारा चिंतन परिवार नाम की संस्था को दृढ़ता बढ़ाने के लिए होना चाहिए।



**खट्टा मीठा अनुभव**

इस तरह के रिश्तों को युवाओं का समाज के रीति-रिवाजों के प्रति एक विद्रोह माना जाए या एक आसान जीवन शैली, जिसमें वे साथी की जिम्मेदारियों से मुक्त एक स्वतंत्र जीवन जीते हैं। यह एक तरह की ट्रायल एंड एरर जैसी स्थिति होती है, जिसमें यदि परिस्थितियां मनोकूल रही हैं तो साथ लंबा रहता है अन्यथा पहले साथी को छोड़ कर आगे बढ़ने में देर नहीं लगती। अगर आप भावुक हैं और रिश्तों में वचनबद्धता को महत्व देते हैं तो आपको सहजीवन की अवधारणा से दूर ही रहना चाहिए। यहां वचनबद्धता जैसे नियम लागू नहीं होते। यहां सामाजिक नियमों को दरकिनार कर साथ रहने का रोमांच जरूर होता है, लेकिन इस बात की गारंटी नहीं होती कि परिवार और समाज की अवहेलना कर यह रोमांच कितनी अवधि तक जीवित रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### नामांकन में प्रतिनियुक्त कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

**मढ़ौरा (सारण)।** प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति लिमिटेड ( पैक्स) चुनाव को संपन्न कराने के लिए निर्वाचन कराने में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों का प्रशिक्षण प्रखंड कार्यालय के सभागार में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों सहित बीडीओ सुधीर कुमार ने हिस्सा लिया। मालूम हो कि प्रखंड के सभी 21 पंचायतों में पैक्स चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की तिथि 11 नवम्बर से 19 नवम्बर तक निर्धारित की गई है। संवीक्षा की तिथि 14 से 16 तक अभ्यर्थी वापसी तथा 19 नवम्बर को प्रतीक चिह्न आवंटित किया जायेगा। मतदान की तिथि 26 नवम्बर निर्धारित की गई है। नामांकन हेतु चार टेबुल बनाये गये हैं।

### आपसी विवाद में मारपीट, दो महिला जख्मी

**मढ़ौरा ( सारण)।** थाना क्षेत्र के नरौनी टोला जमालपुर में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में दो महिला जख्मी हो गई । घटना को लेकर नरौनी टोला निवासी रोहित कुमार की पत्नी 22 वर्षीया सलोनी देवी ने एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में पटीदार मुकेश कुमार सिंह, विकास कुमार,राजेश्वर सिंह को आरोपित किया गया है। प्राथमिकी में कहा गया है कि सभी आरोपी एक राय होकर उसके दरवाजे पर आए और उसे गाली देने लगे। मना करने पर सभी ने फैट, मुक्का, लाठी, डंडा से मारपीट की जिससे वह जख्मी होकर जमीन पर गिर गई। उसके चिल्लाने पर उसकी गौतनी प्रीति कुमारी बीच बचाव करने आई तो सभी आरोपियों ने प्रीति देवी को भी मारपीट कर जख्मी कर दिया।

### मारपीट में दो जख्मी, एक पक्ष ने दर्ज कराया केस

**मढ़ौरा ( सारण)।** नगर पंचायत क्षेत्र के पकहां में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में दो लोग जख्मी हो गए। दोनों जख्मी का इलाज रेफरल अस्पताल मढ़ौरा में कराया गया। घटना को लेकर जख्मी बृज किशोर सिंह ने एक प्राथमिक की दर्ज कराई है। प्राथमिकी में निपानिया इशुआपुर निवासी कर्ण कुमार, मुन्ना कुमार, अंगद कुमार, अंवारी नया टोला निवासी जय नारायण सिंह और जय नारायण सिंह की पत्नी को आरोपित किया गया है। मामले में पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर अपनी कार्रवाई शुरु कर दी है।

# ट्रेन की चपेट में आने से गंगा स्नान कर लौट रहीं दो छठव्रतियों की मौत

**समस्तीपुर।** हाजीपुर-बछवाड़ा रेलखंड के स्थानीय स्टेशन पर सोमवार को ट्रेन की चपेट में आने से दो छठ व्रती महिलाओं की मौत हो गयी। उनकी पहचान कल्याणपुर बस्ती पश्चिम पंचायत के भट्टू राय की पत्नी सुदामा देवी (50) व विद्यापतिनगर थाने के बढ़ौना के मंटू साह की पत्नी मीना देवी (40) के रूप में की गयी है। परिजन दोनों का शव उठाकर घर ले गये। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुदामा देवी छठ पर्व को लेकर झमटिया गंगा तट से स्नान कर घर लौट रही थी। रेल ट्रैक पार करने के दौरान अरुणाचल एक्सप्रेस की चपेट में आ गयी। इससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। वह कान से कम सुनती थी। वहीं मीना देवी भी गंगा स्नान कर जनसेवा एक्सप्रेस से घर लौट रही थी। ट्रेन से उतरने में उसे देरी हुई। चलती ट्रेन से उतरने के क्रम में वह ट्रेन की चपेट आ गयी। बुरी तरह जख्मी हो गयी। स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था। रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। इधर, सूचना पर पहुंची रेलवे पुलिस शव को कब्जे में लेना चाहती थी, लेकिन परिजनों ने इनकार कर दिया। दोनों शवों को परिजन अपने-अपने घर लेकर चले गये। वहां दाह संस्कार की तैयारी में लग गये। दोनों की मौत की खबर सुनकर इलाके में छठ पर्व की खुशियां गम में बदल गयी है।



### ऑटो पलटने से गंगा स्नान करने जा रहीं दो महिलाओं की गयी जान

**भवानीपुर (पूर्णिया)।** ऑटो से गंगा स्नान करने भागलपुर जा रही दो महिलाओं की सड़क हादसे में मौत हो गयी। टीकापट्टी थानाक्षेत्र के तेलडीहा के नजदीक सोमवार की सुबह यह हादसा उस वक्त हुआ जब एक बाइक को बचाने के दौरान ऑटो पलट गया। मृतकों में भवानीपुर प्रखंड की सुपौली पंचायत के ब्रह्मज्ञानी कामत टोला अंजू देवी और सीता देवी शामिल हैं। परिजनों ने बताया कि दोनों सोमवार की सुबह गंगा नहाने के लिए ऑटो से भागलपुर जा रही थी। इस दौरान टीकापट्टी थाने के तेलडीहा के पास बाइक को बचाने के दौरान ऑटो सड़क किनारे पलट गया।

## दरभंगा एम्स का 13 नवंबर को पीएम मोदी करेंगे शिलान्यास

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 नवंबर को बिहार के दरभंगा एम्स का शिलान्यास करेंगे। दरभंगा के सोभन में 187 एकड़ जमीन पर राज्य का दूसरा एम्स बनेगा। 2019-20 में दरभंगा में एम्स की स्वीकृति प्रदान की गई थी। 750 बेड वाले इस अस्पताल के लिए 2020 में 1 हजार 264 करोड़ राशि की मंजूर की गई थी। संस्थान को नए स्वरुप में बनाने के लिए आईआईटी दिल्ली को जिम्मेदारी दी गई है। दरभंगा एम्स के शिलान्यास के मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मौजूद रहेंगे। दरभंगा एम्स से मिथिलावासियों सहित नेपाल और पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी।

## कचरा फेंकने के विवाद में खंती से प्रहार कर दिव्यांग की हत्या

एजेंसियां

**बेनीपुर (दरभंगा)।** धेरूख हनुमान मंदिर के निकट साफ-सफाई को लेकर हुए विवाद में धारदार हथियार से हमला कर एक अधेड़ दिव्यांग की सोमवार को हत्या कर दी गयी। इसके बाद आरोपित फरार हो गया। जानकारी के अनुसार मो। वाजित के पुत्र मो। जाकिर (50) की सफाई को लेकर गांव के ही मो। नाजिम से तू-तू, मैं-मैं होने लगी। जाकिर का कहना था कि हम यहां सफाई करते हैं और तुम कचरा फेंक देते हो। इससे गुस्से में आकर मो। नाजिम खंती लेकर आया। जाकिर के सिर पर प्रहार कर दिया। इससे वह अचेत होकर गिर गया। स्थानीय लोग उसको बेनीपुर अनुमंडलीय अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जाकिर दिव्यांग था। उसकी पत्नी गुलशन खातून आंख से दिव्यांग है। उसके दो पुत्रों में बड़ा अंजार शादीशुदा है। जानकारी मिलते ही बहेड़ा थानाध्यक्ष चन्द्रकान्त गौरी, दारोगा सीबीएन सिंह व रंजीत कुमार सदल-बल अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे। परिजनों से पूछताछ की। शव को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया। इधर, मो। जाकिर की मौत पर पत्नी गुलशन खातून का रो-रोकर बुरा हाल है।

## पेज एक का शेष

### पर्व- त्योहारों में पथराव...

**हरियाणा की जनता ने कांग्रेस को सबक सिखाया** : पीएम मोदी ने कहा- 'आजादी के बाद ही कांग्रेस की राजनीति का बहुत बड़ा आधार रहा है- जनता से झूठ बोलना, जनता को धोखा देना। ये झूठे वादे करके मतदाताओं को धोखा देते हैं। हमारे नागरिकों की आंख में धूल झोंक देते हैं। अभी हाल ही में हरियाणा ने इन्हें सबक सिखाया है।' उन्होंने कहा- 'आज कल अफवाहें फैलाने का बड़ा उद्योग चल पड़ा है। कुछ लोग भांति-भांति की दुकानें खोलकर बैठे हैं और अफवाह फैलाने का माल बेच रहे हैं। आपको ऐसी किसी भी अफवाह में नहीं आना है।' प्रधानमंत्री ने कहा- 'झारखंड की जनता इंडी अलायंस की सरकार को उखाड़कर कमल खिलाने को आतुर हैं। प्रधानमंत्री सोमवार को गढ़वा में पलामू प्रमंडल के बीजेपी प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।'

**झारखंड के मंत्री-विधायक-सांसद पर भ्रष्टाचार के संगीन आरोप** : पीएम मोदी ने कहा- 'भ्रष्टाचार दीमक की तरह देश को खोखला करता है। भ्रष्टाचार, गरीब, दलित, पिछड़े, आदिवासी को सबसे ज्यादा दुखी करता है, बर्बाद कर देता है। झारखंड ने तो बीते 5 सालों में देखा है कि कैसे जेएमएम-कांग्रेस-आरजेडी सरकार ने भ्रष्टाचार किया है। मुख्यमंत्री हो, मंत्री हो, विधायक हो, सांसद हो... ऐसा कोई बचा नहीं जिन पर भ्रष्टाचार के संगीन आरोप नहीं हैं।

**परिवारवादी पार्टी के लोग सत्ता की चाबी अपने पास रखना चाहते** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- 'झारखंड का एक और बहुत बड़ा दुश्मन है और वह है- परिवारवाद। जेएमएम-कांग्रेस और आरजेडी ये तीनों दल घोर परिवारवादी हैं। इनके लिए अपने परिवार से बड़ा कुछ नहीं है, वो आप लोगों की परवाह क्या ही करेंगे। ऐसे स्वार्थी दलों को अच्छे से सबक सिखाना है। ये लोग चाहते हैं कि सत्ता की चाबी केवल इन्हीं के परिवार के पास रहे। चंपाई सोरेन के साथ इन लोगों (जेएमएम) ने क्या किया। इन लोगों ने एक आदिवासी बेटे को अपमानित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

**जेएमएम-कांग्रेस और आरजेडी ने युवाओं के साथ धोखा किया** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि झारखंड के नौजवानों में टैलेंट की कमी नहीं है। ये हमारे झारखंड के बेटे और बेटियां खेल के मैदान में झारखंड का जज्बा दिखाते हैं। पीएम मोदी ने कहा- 'झारखंड के युवाओं का सामर्थ्य बढ़े, उन्हें नए अवसर मिलें ये सरकार की जिम्मेदारी होती है, लेकिन जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी ने झारखंड के युवाओं के साथ धोखा ही किया है।

इन्होंने (जेएमएम-कांग्रेस) झारखंड के नौजवानों को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था, लेकिन वादा पूरा नहीं किया। भर्तियों में धांधली, पेपर लीक जैसे यहां का उद्योग बन गया है। सिपाही भर्ती के दौरान जेएमएम सरकार की लापरवाही के कारण कई नौजवाओं की दुखद मृत्यु हो गई।'

**गोगो दीदी योजना के तहत 2100 और 500 रुपये में गैस सिलेंडर** : पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा- माताओं, बहनों, बेटियों के कल्याण के लिए झारखंड भाजपा के संकल्प पत्र में अनेक संकल्प लिए गए हैं। 'गोगो दीदी योजना' के तहत हर महीने माताओं-बहनों को 2,100 रुपये दिए जाएंगे। गरीब परिवार की माताओं-बहनों को उज्ज्वला योजना के तहत पहले गैस कनेक्शन दिए गए, अब झारखंड में बनने जा रही भाजपा सरकार 500 रुपये में गैस सिलेंडर देगी इसके साथ अगले साल दीपावली और रक्षाबंधन पर दो मुफ्त सिलेंडर भी देगी।

**संकल्प पत्र में रोटी-बेटी-माटी के सम्मान की बात** : भाजपा, झारखंड की सुविधा, सुरक्षा, स्थिरता और समृद्धि की गांरटी के साथ चुनावी मैदान में उतरी है। मैं झारखंड भाजपा को बहुत-बहुत बधाई देता हूं कि कल झारखंड भाजपा ने बहुत ही शानदार संकल्प पत्र जारी किया है। ये संकल्प पत्र रोटी-बेटी-माटी के सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि के लिए समर्पित है।

**भाजपा-एनडीए के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनेगी** : पीएम मोदी ने कहा- 'आपने कुछ महीने पहले दिल्ली में लगातार तीसरी बार बीजेपी-एनडीए सरकार बनाई। झारखंड में विधानसभा का चुनाव है, हम सभी को मिलकर यहां भाजपा-एनडीए के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार बनानी है। पक्का बनाएंगे, हर बूथ पर जाकर मेहनत करेंगे।'

**पलामू प्रमंडल के सभी बीजेपी प्रत्याशी मंच पर रहे मौजूद** : मंच पर डालटनगंज के बीजेपी प्रत्याशी आलोक चौरसिया, बिश्रामपुर के रामचंद्र चंद्रवंशी, भवनाथपुर के भानु प्रताप शाही, हुसैनाबाद के कमलेश कुमार, पांकी शशि भूषण मेहता, मनिका के हरे कृष्ण सिंह, गढ़वा के सत्येंद्र तिवारी, छतरपुर की पुष्पा देवी और लातेहार के प्रकाश राम मौजूद थे।

**नरेंद्र मोदी गढ़वा आने वाले पहले प्रधानमंत्रीः भानु**

भवनाथपुर विधानसभा सीट के बीजेपी प्रत्याशी भानु प्रताप शाही ने कहा कि नरेंद्र मोदी गढ़वा की धरती पर आने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि पलामू-गढ़वा और लातेहार जिले की सभी सीटों पर बीजेपी प्रत्याशियों को जीत मिलेगी।

### चाईबासा में...

झारखंड की पहचान को बदलने के लिए घुसपैठ करा रही है। आदिवासी की रोटी, बेटी, माटी को बचाना है।

**भाजपा यहां महिलाओं को नर्सिंग ट्रेनिंग मुफ्त देगी** : दुनियां में नर्सिंग की बड़ी मांग है, उसके लिए भाजपा नर्सिंग ट्रेनिंग मुफ्त देगी। झामुमो-कांग्रेस ने वादा पूरा नहीं किया। इसलिए दूसरे राज्य में युवाओं ने पलायन किया। 5 साल में झारखंड की हर परीक्षा में पेपर लीक हुई।

चंपाई के अपमान के लिए झामुमो को सजा देने का वक्त : भाजपा ने आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाया, तो कांग्रेस ने विरोध किया। चंपाई सोरेन का अपमान किया, सीएम से हटाकर कोल्हान का अपमान किया। इस अपमान के लिए झामुमो को सजा देने का वक्त है। सीता सोरेन के लिए कांग्रेस के नेता ने गंदी भाषा का इस्तेमाल कर अपमानित किया। उसके साथ झामुमो सत्ता चला रही है।

**कोल्हान ने अंग्रेजों को खदेड़ा अब जेएमएम-कांग्रेस की बारी** : पीएम मोदी ने कहा कि कोल्हान ने अंग्रेजों को खदेड़ा अब जेएमएम-कांग्रेस की बारी है। भारत के इतिहास में कांग्रेस, राजद ने आदिवासी को गुआ गोलीकांड कराया। इस घटना के बारे दादा दादी से पूछिए। जिसकी लाश पर झारखंड बना था, उसके साथ झामुमो सत्ता चला रही है। ये झारखंड के आदिवासियों का अपमान है।

**भाजपा ने ओडिशा व छत्तीसगढ़ में आदिवासी मुख्यमंत्री बनाया** : भाजपा ने ओडिशा में एक आदिवासी को सीएम बनाया। छत्तीसगढ़ में भी आदिवासी मुख्यमंत्री हैं। आदिवासी समाज के लोगों की भागीदारी हमारी सरकार में बहुत बड़ी है।

**भाजपा ने छत्तीसगढ़ और झारखंड राज्य बनाया** : पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा ने छत्तीसगढ़ और झारखंड राज्य बनाया। पीएम मोदी ने कहा कि 15 नवम्बर से भगवान बिरसा मुंडा के 150 वीं जयंती पर जनजाति कार्यक्रम चलेगा। हम 'हो' भाषा को सम्मान देने का वादा करते हैं। भारत के इतिहास में कांग्रेस, राजद ने आदिवासी को गुआ गोलीकांड कराया। भीड़ देखकर कह सकता हूं कि झारखंड में एनडीए की सरकार बनेगी। पीएम मोदी ने नारा देते हुए कहा कि रोटी बेटी माटी की पुकार अबकी बार भाजपा सरकार। पीएम मोदी ने कहा कि आदिवासी का स्वाभिमान सर्वोपरि रहा है।

### पीएम का मेरे...

एक्स पर पोस्ट किए गए वीडियो में सीजेआई और उनकी पत्नी कल्पना दास को पीएम मोदी का अपने घर पर स्वागत करते हुए देखा गया था। उस वीडियो को ऑनलाइन काफी पसंद किया गया था। हालांकि, कई यूजर्स ने इस पर गहरी चिंता जताई थी कि सीजेआई के घर पर प्रधानमंत्री के जाने के पीछे कोई छिपी मंशा हो सकती थी।

कई नेताओं ने भी इस पर सवाल उठाए थे और कहा था कि इससे न्यायपालिका की निष्पक्षता पर सवाल खड़े होते हैं। दोनों की मुलाकात पर विवाद उठ खड़ा हुआ था। जस्टिस चंद्रचूड़ 10 नवंबर को रिटायर हो रहे हैं। उनके बाद जस्टिस संजीव खन्ना देश के नए मुख्य न्यायाधीश बनेंगे। वह 11 नवंबर को शपथ लेंगे।

### अल्मोड़ा में खाई...

**बस में सवार थे 40 यात्री** : एजेंसी के मुताबिक, एक सीनियर अधिकारी ने यह जानकारी दी है। जिला मजिस्ट्रेट आलोक कुमार पांडे ने बताया कि बस गढ़वाल से कुमाऊं जा रही थी, तभी अल्मोड़ा के मर्चुला में यह हादसा हुआ। पांडे ने बताया कि बस में करीब 40 यात्री सवार थे। उन्होंने बताया कि पुलिस और SDRF के जवान तलाशी और बचाव अभियान शुरू करने के लिए मौके पर पहुंच गए हैं। वहीं, हादसे के बाद ही पहुंचे अल्मोड़ा के एसपी देवेंद्र पिंचा ने पहले ही कहा था कि हादसे में मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है, लोगों को बचाने के लिये प्रशासन जुटा हुआ है।

**राष्ट्रपति ने जताया दुख** : भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हादसे पर दुख जताते हुए कहा, ₹उत्तराखंड के अल्मोड़ा में एक सड़क दुर्घटना में महिलाओं और बच्चों सहित कई लोगों की मृत्यु का समाचार हृदय विदारक है। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहन संवेदनाएं व्यक्त करती हूं और घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

**प्रधानमंत्री ने किया एलान** : पीएम नरेंद्र मोदी ने अल्मोड़ा हादसे में मारे गए हर व्यक्ति के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। इसके साथ ही पीएम ऑफिस के हैंडल से किए गए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा गया है कि घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे।

**हादसे पर सीएम ने जताया दुख** : हादसे पर दुख जताते हुए सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, ₹जनपद अल्मोड़ा के मार्चुला में हुई दुर्भाग्यपूर्ण बस दुर्घटना में यात्रियों के हताहत होने का अत्यंत दुःखद समाचार प्राप्त हुआ, जिला प्रशासन को तेजी के साथ राहत एवं बचाव अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

### यूपी, पंजाब और...

**केरल और पंजाब के पीछे की वजह** : कांग्रेस ने कहा था कि केरल की पलक्कड़ विधानसभा सीट पर बड़ी संख्या में मतदाता 13 से 15 नवंबर तक कल्पती रथोत्सवम का त्योहार मनाएंगे। पार्टी ने कहा था कि पंजाब में श्री गुरु नानक देव का 555वां प्रकाश पर्व 15 नवंबर को मनाया जाएगा और 13 नवंबर से अखंड पाठ का आयोजन किया जाएगा।

**यूपी में इसलिए बदली तारीख** : भाजपा, बसपा और रालोद ने कहा था कि उत्तर प्रदेश में कार्तिक पूर्णिमा से तीन-चार दिन पहले लोग यात्रा करते हैं। कार्तिक पूर्णिमा 15 नवंबर को होगी।

**यहां-यहां बदली तारीखें** : जिन सीटों के उपचुनाव की तारीखों में बदलाव किया गया है, उनमें केरल की पलक्कड़ सीट शामिल है। इसके अलावा पंजाब की डेरा बाबा नानक, चब्बेवाल, गिद्दरबाहा और बरनाला विधानसभा सीट पर चुनाव की तारीख बदल दी गई है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश की मीरापुर, कुंडरकी, गाजियाबाद, खैर, करहल, सीशामऊ, फूलपुर, कटेहरी और मझगवां में मतदान की तारीख में बदलाव किया गया है।

### कनाडा में लगे...

खालिस्तानी हमले के बाद हिंदुओं ने ब्रैम्पटन में बंटोगे तो कटोगे के नारे लगाए हैं। ब्रैम्पटन मंदिर के पुजारी का कहना था कि अब सबको एक होना पड़ेगा। कनाडा में हिंदुओं को एकजुट होने की जरूरत है। आप एकजुट रहेंगे तो सुरक्षित बने रहेंगे। हिंदू सभा मंदिर के बाहर एकजुट हिंदुओं ने 'भारत माता की जय' के नारे भी लगाए। पुजारी का कहना था कि सिर्फ नारे नहीं लगाने हैं। ये हमला सिर्फ हिंदू सभा पर नहीं है, बल्कि पूरी दुनिया के हिंदुओं पर हुआ है। आज वो समय आ गया है, जब हम लोगों को एकजुट होने की जरूरत है। हमें अपने बारे में ही नहीं, बल्कि आने वाले समय के बारे में भी सोचना होगा। सबको एक होना पड़ेगा। हम किसी का भी विरोध नहीं करते हैं। लेकिन कोई अगर हमारा विरोध करेगा तो उसके बाद फिर नारेबाजी होने लगती है।

कनाडा में रविवार को क्या हुआ?

कनाडा में भारत विरोधी ताकतों को हवा दी जा रही है। रविवार को ब्रैम्पटन शहर में हिंदू सभा मंदिर पर खालिस्तान समर्थकों ने हमला कर दिया। मंदिर परिसर में हिंदू भक्तों से हाथपाई की गई। उन पर डंडे चलाए। महिलाओं और बच्चों की भी परवाह नहीं की। ब्रैम्पटन की दूरी कनाडा की राजधानी टोरेंटो से 80 किलोमीटर दूर है। यहां भारतीयों की अच्छी खासी संख्या है।

पुलिस का रवैया हैरान करने वाला : जानकारी के मुताबिक, 4 नवंबर को हिंदू सभा मंदिर के बाहर खालिस्तान समर्थकों ने प्रदर्शन किया। नारेबाजी की और जब इसका विरोध हुआ तो मंदिर परिसर में हिंदू कनाडाई भक्तों पर हमला कर दिया। इस पूरी घटना में लोकल पुलिस का रवैया सबसे हैरान करने वाला था। पुलिस ने खालिस्तान समर्थकों को ना तो नारेबाजी से रोका और ना ही हालात बिगड़ने से। जब हमला हो गया तो उलटे पुलिस ने 3 हिंदू समर्थकों को ही गिरफ्तार कर लिया। इस घटना से ये बात साफ हो गई कि कनाडा में खालिस्तानी ताकतों को मिटटी-पानी और खाद कहां से मिल रहा है।

कनाडाई सांसद ने सरकार को घेरा... : ब्रैम्पटन में जो कुछ हआ, उससे वहां के राजनीतिक गलियारे में भी खलबली है। कनाडाई सांसद चंद्र आर्य ने एक्स पर हमले का एक वीडियो साझा किया और लिखा- ₹आज कनाडाई खालिस्तानी चरमपंथियों ने रेड लाइन पार कर ली है। ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर के परिसर के अंदर हिंदू-कनाडाई भक्तों पर खालिस्तानियों की ओर से किया गया हमला दिखाता है कि कनाडा में खालिस्तानी उग्रवाद कितना हिंसक और बेशर्म हो गया है। निंदा के शब्द तो कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो की तरफ से भी आए हैं। लेकिन खालिस्तानी समर्थकों के प्रति उनकी सहानुभूति सबूत है कि आखिर उनकी सोच क्या है।

### झारखंड का पैसा...

झारखंड को अपने अधिकार से वंचित रखती है। श्रीमती सोरेन ने भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने अपने कार्यकाल में जो विकास का काम किया है, उसकी बदौलत हम आपके पास आशीर्वाद मांगने आए हैं। झारखंड की जनता जवाब देगी कि समाज को तोड़ने वालों की सरकार बनेगी या जोड़ने वाले की। भाजपा चाहती है कि हिंदू, मुस्लिम, अगड़ा-पिछड़ा कर जनता को दिगभ्रमित करते रहे।

श्रीमती सोरेन ने कहा कि आज मंईयां सम्मान योजना से 55 लाख महिलाओं के खाते में राशि भेजी जा रही है। दिसंबर महीने से इस राशि को बढ़ाकर 2500 कर दिया गया है। भाजपा ने झारखंड में 20 साल राज किया और राज्य को अपने हालत में छोड़ दिया था। हेमंत सोरेन पांच साल में झारखंड को विकास के रास्ते पर ले आए हैं। कल्पना सोरेन की ओजस्वी में भाषण में झारखंड के विकास का संकल्प साफ झलक रहा था। श्रीमती सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन झारखंड के विकास की कोई भी योजना लाते हैं, तो भाजपा उसे रोकने के लिए मुकदमा दर्ज करा देती है। भाजपा पिछड़ों का 27 प्रतिशत आरक्षण को समाप्त कर 14 प्रतिशत कर दी। झामुमो उसे बढ़ाने के लिए संकल्पित है। मौके पर पार्टी प्रत्याशी मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कल्पना सोरेन को झारखंड की शेरनी बताया।

मंत्री ने कहा कि चिनियां व मेराल की जनसभा में उमड़ा जनसैलाब यह बता रहा है कि विधानसभा का चुनाव परिणाम इंडिया गठबंधन के पक्ष में होगा। गढ़वा के लोगों ने मन बना लिया है कि इस बार विकास के नाम पर मतदान करना है। झूठे एवं फरेबियों को, समाज में जोड़ तोड़ करने वालों को सबक सिखलाना है गरीबों, आदिवासियों की सरकार को अपमानित करने वालों से बदला लेना है।

मंत्री ने अपने 5 वर्ष तक किए विकास कार्यां की बदौलत मजदूरी के तौर पर आगामी 13 नवंबर को अपने पक्ष में तीर धनुष छाप पर मतदान करने की अपील की। श्री ठाकुर ने गढ़वा के विकास कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि वे चिनियां के चिरका से सड़क मार्ग से चलकर हेलीकॉप्टर के साथ ही मेराल की सभा में शमिल हो गए। जबकि पूर्व में वहां से मेराल पहुंचने में 2 घंटे का समय लगता था।

मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, नितेश सिंह, फरीद खान, माले नेत्री सुषमा मेहता, अरविंद यादव, राजकिशोर यादव, बनारसी सिंह, सुनैना देवी, उमाषंकर गुप्ता, चंदू कोरवा, चरखु परहिया, चैतु सिंह, रामु भुईयां, फारूक, रामवृक्ष सिंह, गंगेश्वर सिंह, प्रमिला देवी, संपूर्णा तिवारी, जैनुल्लाह अंसारी, रामसागर यादव, जवाहर पासवान, संजय भगत, दीपमाला, अतहर अली, चंदन जायसवाल, मनीष कमलापुरी, सूर्य प्रकाष, दशरथ प्रसाद, अजय गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### आगरा में वायुसेना...

सीमावर्ती मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में वायुसेना की एक्सरसाइज चल रही है, वहीं से विमान ने उड़ान भरी थी। ग्वालियर एयरबेस से उड़ान भरने के बाद मिग-29 विमान कागारौल क्षेत्र में क्रैश हो गया। सायं करीब चार बजे विमान गांव के बाहर खेतों में विमान गिरा, जिसमें धमाके के साथ आग लग गई। वायुसेना का विमान को खेतों में गिरता हुआ देख आसपास के गांवों के सैकड़ों लोग वहां पहुंच गए। तब तक विमान से लपटें उठने लगीं। ग्रामीणों ने दो पायलट को पैराशूट से उतरते हुए भी देखा। ग्रामीणों ने जानकारी दी कि दोनों पायलट दुर्घटनास्थल से करीब तीन किलोमीटर की दूरी पर सुरक्षित उतर गए। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुट गई थीं। घटनास्थल के पास सड़क पर जाम लग गया। घटना के बाद पुलिस और वायुसेना की टीम मौके पर पहुंच गई।

### 21 दिन बाद...

इतना ही नहीं गरीब बहनों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जाएगा और साल में दो बार त्योहार पर सिलेंडर मुफ्त दिए जाएंगे। महिला सशक्तीकरण भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है।

**नौजवानों को पूरा न्याय** : शिवराज ने कहा कि जेएमएम सरकार ने 5 लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा किया था, लेकिन पिछले पांच सालों में एक भी नौकरी नहीं मिली। पांच से सात हजार रुपए बेरोजगारी भत्ता देने का वादा था, लेकिन भत्ता भी नहीं मिला। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही 2 लाख 87 हजार रिक्त पड़े पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। पहले ही साल में डेढ़ लाख नौकरियां दी जाएंगी। बाकायदा कैलेंडर बनाकर तय किया जाएगा कि किस तारीख को परीक्षा होगी, किस तारीख को रिजल्ट आएगा और किस तारीख को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। इतना ही नहीं 5 लाख नए स्वरोजगार उपलब्ध कराए जाएंगे।

शिवराज सिंह ने कहा कि ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट युवाओं को 2 साल तक 2 हजार रुपये प्रति माह दिए जाएंगे, ताकि वो अच्छी नौकरी की तैयारी कर सकें। उन्होंने कहा कि सोरेन सरकार ने उत्पाद सिपाही भर्ती के नाम पर युवाओं को ऐसा दौड़ाया कि वो जिंदगी की जंग हार गए। भाजपा सरकार के आते ही इस पूरे मामले की जांच कर दोषियो को जेल भेजा जाएगा। पेपर लीक कर युवा नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले भी बख्शे नहीं जाएंगे। झारखंड के युवाओं को पूरा न्याय मिलेगा।

**झारखंड की तस्वीर बदलना भाजपा का प्रण** : शिवराज ने कहा कि झारखंड में बालू भी बाल्टियों में किलो से बेची जा रही है लेकिन भाजपा की सरकार बनने के बाद झारखंड की धरती पर हर गरीब को पक्का मकान बनाने के लिए राशि दी जाएगी और बालू फ्री दी जाएगी। कोई भी कच्ची छत के नीचे नहीं रहेगा। प्रधानमंत्री ने पदभार संभालते ही दो करोड़ मकान ग्रामीण और एक करोड़ मकान शहरी क्षेत्रों में बनाने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि पांच एकड़ तक की जमीन वाले किसानों को प्रति एकड़ 5 हजार रुपये की राशि दी जाएगी। साथ ही 50 लाख रुपये की सम्पत्ति यदि बहन के नाम पर खरीदी जाएगी, तो रजिस्ट्री शुल्क केवल एक रुपये ही लगेगा। साथ ही कहा कि झारखंड की तस्वीर और जनता की तकदीर बदलना भाजपा का प्रण है।

### झारखंड में फिर...

मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि विकास की इतनी लंबी लकीर खींची गयी है कि भाजपा उस तक पहुंच भी नहीं सकती है। उन्होंने चुनाव बाद एक बार फिर राज्य में गठबंधन सरकार बनाने का दावा करते हुये श्री शाहदेव को क्रमांक-1 में बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। इससे पूर्व कांग्रेस, झामुमो व राजद कार्यकर्त्ता तथा ग्रामीणों की ओर से उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। संचालन सुशांत तिर्की ने किया।

**बदलाव चाहती है जनता : अजय नाथ**- अजय नाथ शाहदेव ने श्री सोरेन का आभार जताया और कहा कि हटिया विधान सभा क्षेत्र की जनता बदलाव चाहती है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि लोगों का फैसला गठबंधन के पक्ष में आयेगा। शाहदेव ने छात्र, युवा, खिलाड़ी और महिलाओं के लिये भावी योजनाओं की जानकारी दी।

**समाज में नफरत फैला रही भाजपा : सुबोधकांत**- पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत ने भाजपा पर समाज में नफरत फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पार्टी नेताओं के पास विकास का कोई एजेंडा ही नहीं है। वह सिर्फ धर्म की आड़ में सत्ता हथियाने की फिराक में हैं। लेकिन, उनके मंसूबे कभी पूरे नहीं होंगे। सभा में पद्म श्री मधु मंसुरी, अमर उरांव, रामनंदन महतो, महावीर विश्वकर्मा, बेलस तिर्की, अक्लिमा खातून व शमीम मंसुरी आदि ने भी अपनी बातें रखीं।

### योगी, राजनाथ...

वे जमशेदपुर के आम बागान ग्राउंड में दोपहर 1:30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रांची जिले के रातू स्थित सीएनराज छोटानागपुर हाई स्कूल मैदान में दोपहर 12:00 बजे से जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके अतिरिक्तर श्री सिंह दोपहर 1:30 बजे से लोहरदगा जिले के समाहरणालय मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान जामताड़ा जिले के सारठ स्थित तेतुलबांधा मिशन ग्राउंड में 11:00 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री सिंह दुमका जिले के आसनसोल में दोपहर 12:30 बजे से मुरहाबहाल मोतीपुर मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। देवघर जिले के मधुपुर स्थित करौन स्कूल मैदान में दोपहर 2 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

## धनबाद में जमीन फटने से बना गोफ, निकल रहीं आग की लपटें



**धनबाद।** धनबाद जिले के जोगता थाना क्षेत्र के 11 नम्बर हरिजन बस्ती में सोमवार की अहले सुबह दिल को दहला देने वाली घटना सामने आई। जब बस्ती के समीप अचानक जमीन फट गयी और उससे आग की लपटें अचानक से बाहर निकलने लगीं। पूरे इलाके के तापमान से बदलाव हो गया। जिसके बाद लोग गर्मी से परेशान हो गये और अपने घरों से बाहर निकल गये। इस दौरान पूरी बस्ती में अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। सुबह की धुंध में भी लोगों को दिन का नजारा दिखाई देने लगा। वहीं, भू-धंसान से निकली रही जहरीली गैस के कारण लोगों को सांस लेने में भी दिक्कत होने लगी। किसी को कुछ समझ में नहीं आ रहा था कि करें तो करें। सभी लोग सुरक्षित स्थान की तलाश में इधर-उधर भाग रहे थे।

जब सुबह की किरणें बाहर आयीं, तो लोगों ने देखा कि बस्ती के समीप भू-धंसान हुई, जिससे आग की तेज लपटें निकल रही हैं। जमीन से भारी मात्रा में गैस रिसाव हो रही है। आनन-फानन में लोगों ने इसकी सूचना बीसीसीएल प्रबंधन को दी। हालांकि सूचना के बाद भी खबर लिखने तक कंपनी का कोई अधिकारी घटनास्थल का जायजा लेने नहीं पहुंचे थे। जिससे लोगों में आक्रोश है।

# अगर कमला जीतीं चुनाव तो होंगी अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति

- हैरिस का भारत से गहरा रिश्ता, उनकी मां एक भारतीय शोधकर्ता थीं



**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की कमला हैरिस एक प्रमुख उम्मीदवार हैं। वह 5 नवंबर को होने वाले चुनाव में जीत हासिल करती हैं, तो वह अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति बन जाएंगी। उनके खिलाफ रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप हैं, जो लगातार चुनावी अभियान में उनके खिलाफ हमला बोल रहे हैं।

हैरिस का जन्म 20 अक्टूबर, 1964 को कैलिफोर्निया के ऑकलैंड में हुआ था। वह एक भारतीय मूल महिला हैं, जिनकी मां श्यामला गोपालन एक भारतीय शोधकर्ता थीं और पिता जमैकन हैरिस हैं। उनकी मां ने 1972 में तलाक के बाद कमला और उनकी बहन माया की परवरिश की, जिससे कमला हैरिस पर भारतीय संस्कृति का गहरा प्रभाव है। हैरिस ने अपने स्कूल के दिनों में रंगभेद का सामना किया और वे अपने अधिकारों के लिए हमेशा लड़ती रहीं। उनकी दोस्त ने बताया कि स्कूल में हैरिस की पर्सनालिटी काफी रौबदार थी, जिसके कारण वे स्कूल में सबसे अलग दिखती थीं।

कमला हैरिस ने अपने करियर की शुरुआत 1990 में स्टेट बार काउंसिल में असिस्टेंट के रूप में की। 1994 में उनकी मुलाकात 60 वर्षीय विली ब्राउन से हुई, जो तत्कालीन कैलिफोर्निया विधानसभा के अध्यक्ष थे। इस रिश्ते की वजह से कमला को आलोचना का सामना करना पड़ा और उन्हें विली की मिस्ट्रेस के रूप में भी संदर्भित किया गया।

जब हैरिस को 2020 में उपराष्ट्रपति उम्मीदवार चुना गया, तो उनके और विली ब्राउन के रिश्ते पर फिर से चर्चा हुई। उनके आलोचकों ने उन पर विली की राजनीतिक स्थिति का फायदा उठाने का आरोप लगाया। इसके बाद कमला हैरिस ने 2001 में सेलेब्रिटी एंकर मोंटेल विलियम्स को डेट किया, जो अमेरिका में प्रसिद्ध टीवी शो के होस्ट थे।

हैरिस ने अपने करियर में कई उपलब्धियां हासिल की। वे कैलिफोर्निया की अटॉर्नी जनरल रह चुकी हैं और अमेरिकी सीनेट में भी कार्य कर चुकी हैं। उनकी नीतियों में सामाजिक न्याय, स्वास्थ्य देखभाल और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दे शामिल हैं।

हैरिस यदि चुनाव जीतती हैं, तो यह अमेरिका में एक नया इतिहास रचेंगी। उनके नेतृत्व में यह संभव है कि अमेरिका में राजनीतिक और सामाजिक बदलाव आए। इस चुनाव में जीत न केवल उनके लिए, बल्कि अमेरिकी राजनीति के लिए भी एक महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। यदि हैरिस राष्ट्रपति बनती हैं, तो यह निश्चित रूप से एक ऐतिहासिक क्षण होगा, जो महिलाओं और अश्वेत समुदाय के लिए प्रेरणादायक बन सकता है।

## पाकिस्तान ने की होवित्जर तोप की टेस्टिंग

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में लाइन ऑफ कंट्रोल के पास 155 एमएम ट्रक-माउंटेड होवित्जर तोपों समेत दूसरे हथियारों की टेस्टिंग की है। हालांकि ये टेस्टिंग कब हुई इसकी जानकारी अभी नहीं मिली है। अधिकारियों ने कहा कि 155 एमएम तोप को चीनी की रक्षा कंपनी की देखरेख में एक खाड़ी देश की मदद से तैयार किया है। इसे हाल ही में एलओसी के पास देखा गया था। 155 एमएम तोप एसएच-15 होवित्जर का वर्जन है, जो शूट एंड स्कॉट (शूट करो और भागो) के लिए जानी जाती हैं। होवित्जर 155 एमएम तोप को लेकर जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक यह कई तरह के हथियारों से हमला करने में काबिल है। यह 30 किमी दूर तक हमला कर सकती है और एक मिनट में 6 गोले तक दाग सकती है।

## ईरानी पर्यटक ने मंदिर में नमाज पढ़ने पर मांगी माफी

### -ताजमहल देखने आया है ईरानी परिवार

आगरा। आगरा में ताजमहल घूमने आए एक ईरानी ने मंदिर में जाकर नमाज पढ़ी। यह मामला सामने आने और पकड़े जाने के बाद ईरानी परिवार ने माफी भी मांग ली है। ईरानी परिवार ने कहा कि मंदिर में साफ-सफाई देखकर नमाज पढ़ ली थी। बता दें कि ताजमहल के पूर्वी गेट के पास एक मंदिर बना हुआ है। मंदिर के अंदर एक ईरानी पर्यटक ने नमाज़ पढ़ ली। जिसके बाद वहां हंगामा हो गया था। सूचना पर ताज सुरक्षा पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच की तो ईरानी पर्यटक ने बताया कि उन्हें नहीं पता था कि यह मंदिर है। साफ-सफाई देखी तो उन्होंने नमाज पढ़ ली। ईरानी परिवार ने इसे लेकर माफी भी मांग ली है। मामला सोमवार का बताया जा रहा है। इस दौरान पुलिस ने पर्यटकों से बातचीत की और उनका पासपोर्ट चेक किया। पूछताछ में ईरानी परिवार ने बताया कि ताजमहल देखने के बाद बाहर आये तो काफी भीड़ जमा थी। ईरानी परिवार ने कहा कि मंदिर का दरवाजा खुला हुआ था और मंदिर में कोई भी नहीं था। बाद में पता लगा कि यह मंदिर है। पिता और बेटी ने माफी मांगी और कहा कि वह किसी की भी धार्मिक भावना को आहत नहीं करना चाहते हैं। ईरानी परिवार का माफी मागने का वीडियो भी वायरल हुआ है। एसीपी अरीब अहमद ने मौखिक तौर पर बताया कि ईरानी परिवार ताजमहल घूमने आया था। उन्होंने गलती से मंदिर में नमाज पढ़ ली थी। ईरानी परिवार ईरान में प्रोफेसर के पद पर है।

## लॉरेंस के भाई ने दी भीम सेना अध्यक्ष को धमकी, सलमान से पहले तुझे मारूंगा

गुरुग्राम। एनसीपी नेता की हत्या करवाने और सलमान खान को धमकी देने वाले गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई के खिलाफ सेक्टर-37 थाना पुलिस ने जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है। शिकायत भीम सेना के अध्यक्ष सतपाल तंवर ने दर्ज कराई है। तंवर का कहना है कि 30 अक्टूबर शाम छह बजकर 25 मिनट से लेकर रात नौ बजकर 37 मिनट पर उन्हें चार बार विदेशी नंबर से वाट्सएप कॉल आई। विदेशी नंबर होने की वजह से उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। रात नौ बजकर 48 मिनट पर जब फिर कॉल आई, तो उन्होंने उठाया। कॉल उठाते ही कहा फिल्म अभिनेता सलमान खान उसका दुश्मन है और उसको मारने से पहले सतपाल तंवर को मारेगा। उसने कहा कि वह कनाडा से अनमोल बिश्नोई बोल रहा है। इसके बाद भी कई बार फोन करके धमकी दी। शिकायत के मुताबिक अप्रैल में भी उनके पास लॉरेंस बिश्नोई के नाम से धमकी भरा पत्र आया था। पुलिस प्रवक्ता का कहना है कि शुरुआती छानबीन से पता चलता है कि कॉल करने वाले की आवाज अनमोल बिश्नोई से मेल नहीं खा रही है। मामले की छानबीन क्राइम ब्रांच व साइबर क्राइम ब्रांच की टीम कर रही है।

## गर्म लोहे से दागा, सिगरेट से जलाया, नाबालिग की हत्या कर टॉयलेट में फेंका

### -लड़की घर में करती थी नौकरानी का काम, पुलिस ने किया दंपति को गिरफ्तार

चेन्नई। चेन्नई में एक नाबालिग लड़की का शव घर के टॉयलेट में मिलने से सनसनी फैल गई थी। वह नाबालिग लड़की घर में नौकरानी का काम करती थी जिसको प्रताड़ित करने और उसकी हत्या करने के मामले में पुलिस ने एक दंपती को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में चार अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया है। जांचकर्ताओं के मुताबिक नाबालिग लड़की को चेन्नई के अमिनजिकराई क्षेत्र के मेहता नगर स्थित एक फ्लैट में गंभीर यातनाएं दी गईं। उसे गर्म लोहे से दागने, सिगरेट से जलाने और अन्य क्रूरता का सामना करना पड़ा, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। आरोपित दंपती निशाद और नासिया ने कथित तौर पर लड़की के शव को घर के टॉयलेट में छोड़ दिया और फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए दोनों को गिरफ्तार किया और अन्य चार लोगों को भी हिरासत में लिया है। यह घटना समाज में घरेलू कामकाजी लोगों के प्रति बढ़ते हिंसा और शोषण के मामलों को उजागर करती है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और पीड़िता को न्याय दिलाने ठोस कदम उठा रही है।

## एआई में वृद्धि होने के कारण 2032 तक कई गुना बढ़ेगा ई कचरा

नई दिल्ली। भारत में जिस तरह से एआई मॉडल का तेजी से विकास हो रहा है। उसको देखते हुए रिपोर्ट में कहा गया है। 2030 तक 10 अरब आईफोन के बराबर ई कचरा भारत में एकत्रित होगा। यह कचरा भारत के लिए बड़ी समस्या खड़ा करेगा। कैंब्रिज यूनिवर्सिटी और चीन की चाइनीज एकैडमी आफ साइंसेज के शोधकर्ताओं ने नेचर जर्नल में एक रिपोर्ट प्रकाशित की है। उस रिपोर्ट में एआई सर्वर की वजह से जो ई कचरा बढ़ेगा। उसकी संभावनाओं पर काम किया गया है। शोधकर्ताओं के अनुसार 2023 तक 2.6 किलो टन प्रतिवर्ष ई कचरा था। जो 2030 तक लगभग 2.5 मिलियन टन प्रतिवर्ष हो जाएगा।

## जम्मू में फारुख अब्दुल्ला की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बजरंग दल ने किया प्रदर्शन



जम्मू। आतंकवादी हमलों में बढ़ोतरी पर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला की टिप्पणी के खिलाफ सोमवार को जम्मू में बजरंग दल ने प्रदर्शन किया। इस दौरान बजरंग दल वालों ने कहा कि फारूक अब्दुल्ला का बयान सशस्त्र बलों और लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। इसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। बजरंग दल के कार्यकर्ता जम्मू के जनरल बस स्टैंड के बाहर जमा हुए और फारूक अब्दुल्ला और नेशनल कॉन्फ्रेंस के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष का पुतला भी जलाया तथा मांग की कि फारूक अब्दुल्ला को गिरफ्तार किया जाए। इस मौके पर बजरंग दल जम्मू-कश्मीर के अध्यक्ष राकेश बजरंग ने कहा कि फारूक अब्दुल्ला ने यह कहकर पाकिस्तान के पक्ष में बयान दिया है कि आतंकवादियों को नहीं मारा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, जैसा कि आप जानते हैं कि फारूक अब्दुल्ला आमतौर पर देश के खिलाफ बोलते हैं। राकेश ने कहा कि फारूक अब्दुल्ला को सेना और भारत के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। हम ऐसे बयानों को बर्दाश्त नहीं कर सकते, जब हमारे सैनिक देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे रहे हैं, वह अपनी सेना विरोधी और सरकार विरोधी बयानबाजी के लिए भी जाने जाते हैं। हम उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

## पुराने वादे पूरे नहीं किए, नये वादों की बौछार कर रही कांग्रेस और भाजपा : मायावती



**लखनऊ (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सीएम मायावती ने भाजपा और कांग्रेस के घोषणा पत्रों पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि इन पार्टियों ने चुनाव में मिथ्या प्रचार और वादों की भरमार लगा रखी है। मायावती ने कहा कि देश में व्यापक स्तर पर गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, साफ पानी और कानून व्यवस्था जैसी बुनियादी जरूरतों का अभाव है, इससे करोड़ों लोग त्रस्त और परेशान हैं।

मायावती ने भाजपा और कांग्रेस की सरकारों पर आरोप लगाकर कहा कि वे आरोप-प्रत्यारोप की नकारात्मक राजनीति में व्यस्त हैं, खासकर महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर। उन्होंने कहा, जनता देख रही है कि इनके पिछले वादों का क्या हाल हुआ है। बहनजी ने बताया कि कांग्रेस और भाजपा, दोनों ने अपने चुनावी वादों को पूरा नहीं किया है। इन पार्टियों के वादे होते ही हैं, लोगों को गुमराह करने के लिए, और सरकार बनने के बाद उन्हें भुला दिया जाता है। इसकारण हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक की कांग्रेसी सरकारें पर वादाखिलाफी का आरोप लग रहा हैं।

मायावती ने उपचुनाव के दौरान भाजपा और कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वे जनहित और जनकल्याण से ज्यादा धर्म के कार्यक्रमों में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा, बसपा चुनाव में जनता को गुमराह करने वाला कोई घोषणा पत्र जारी नहीं करती है। हमारा उद्देश्य करोड़ों गरीबों, मजलूमों और बेरोजगारों के प्रति ईमानदारी से काम करना है।

मायावती ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा के पिछले अनुभवों के मद्देनजर, यह स्वाभाविक है कि जनता उनसे पूछे कि वे अपने वादों को क्यों नहीं निभाते।

## कर्नाटक में ऐतिहासिक स्मारकों पर वक्फ बोर्ड ने ठोका दावा, एएसआई ने दिखाया आईना

**मुंबई (एजेंसी)।** बेंगलुरु (ईएमएस)। वक्फ बोर्ड इन दिनों काफी चर्चा में है। वक्फ की संपत्ति को लेकर राजनीतिक गलियारों में जमकर विवाद दिख रहा है। इसी कड़ी में अब वक्फ बोर्ड ने विश्व विरासत घोषित हो चुके ऐतिहासिक स्मारकों पर भी अपना दावा ठोक दिया है। वक्फ बोर्ड ने कर्नाटक के 43 ऐतिहासिक स्मारकों पर दावा ठोका है। इसमें गोल गुम्बज, इब्राहिम रौजा, बारा कमान और बीदर व कलबुर्गी शामिल हैं। इन 53 स्मारकों में से 43 विजयपुरा में हैं। विजयपुरा वक्फ बोर्ड ने 2005 में 43 स्मारकों पर अपना दावा ठोक दिया था। इन ऐतिहासिक स्मारकों का मालिकाना हक वक्फ बोर्ड के पास नहीं है।



नियमों के मुताबिक, एक बार जब किसी ऐतिहासिक स्मारक का मालिकाना हक एएसआई अपने अधिकार क्षेत्र में ले लेता है, तब उस किसी को दूसरे को नहीं भेजा जा सकता है। ऐसी स्थिति में सवाल पैदा होता है, कि आखिर किस आधार पर वक्फ बोर्ड इन संपत्तियों पर अपना दावा ठोक रहा है। एएसआई के अधिकारी के मुताबिक, इन ऐतिहासिक स्मारकों के साथ छेड़छाड़ हो रहा है। इसके लिए सीमेंट और अन्य सामग्री का इस्तेमाल हो रहा है, ताकि उसकी मूल पहचान को बदला जा सके। लेकिन, एएसआई ने स्पष्ट कर दिया है कि इस छेड़छाड़ को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

एएसआई अधिकारियों के मुताबिक, इन ऐतिहासिक स्मारकों में पंखे, एसी, ट्यूबलाइट और टॉयलेट जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं, ताकि इसकी मूल पहचान को बदल सके। इसमें से कुछ ऐतिहासिक स्मारकों में दुकानें भी बन चुकी है। इससे यहां आने वाले पर्यटकों को भी खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके पहले वक्फ बोर्ड ने किसानों की जमीन पर भी दावा ठोका था, जिसे देखकर किसानों ने वक्फ बोर्ड संशोधन बिल के संबंध में बनाई गई संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल को पत्र लिखा था। इस पत्र में किसानों ने बैठक में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की थी, ताकि वे भी अपना मत खुले दिल से रख सके।

## 10 नवंबर को सेवानिवृत होंगे चीफ जस्टिस चंद्रचूड़, अयोध्या पर दिया था फैसला

नई दिल्ली, (ईएमएस)। भारत की सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, अगले सप्ताह रिटायर हो रहे हैं। जस्टिस चंद्रचूड़ 10 नवंबर को सेवानिवृत होंगे और यह संयोग है कि नौ नवंबर को अयोध्या मामले में आए फैसले को पांच साल पूरे हो रहे हैं। जस्टिस चंद्रचूड़ गत जुलाई में अयोध्या गए थे और रामलला के दर्शन किए थे। वह संभवत: पहले सीजेआई हैं, जो रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या गए। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने 9 नवंबर 2019 को अयोध्या राम जन्मभूमि मामले में अपना फैसला सुनाया था। इस फैसले में जस्टिस चंद्रचूड़ के अलावा पूर्व प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई, पूर्व प्रधान न्यायाधीश एसए बोबड़े, जस्टिस अशोक भूषण और जस्टिस एस अब्दुल नजीर शामिल थे। पीठ के अन्य चार न्यायाधीश पहले ही रिटायर हो चुके हैं। चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने हाल ही में अक्टूबर में सुप्रीम कोर्ट की दशहरे की छुट्टियों के दौरान अपने पैतृक गांव के दौरे के दौरान कहा था कि अयोध्या विवाद के समाधान के लिए उन्होंने भगवान से प्रार्थना की थी, जो कि उनके इस बयान की चर्चा का विषय बना। चंद्रचूड़ का कार्यकाल महत्वपूर्ण निर्णयों से भरा है और उनके रिटायर होने के बाद देश के न्यायिक इतिहास में उनके योगदान को याद किया जाएगा।

## अखिलेश ने भाजपा पर कसा तंज, कहा : चुनाव टालेंगे तो और भी बुरा हारेंगे



**लखनऊ (एजेंसी)।** त्योहारों को देखते हुए चुनाव आयोग ने वोटिंग को एक हफ्ते तक टालने का फैसला किया है। अब उत्तर प्रदेश, केरल और पंजाब में 13 नवंबर की जगह उपचुनाव 20 नवंबर को होंगे। चुनाव आयोग के इस फैसले के बाद समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा कि टालेंगे तो और भी बुरा हारेंगे। उनके इस पोस्ट को सीएम योगी आदित्यनाथ के बंटेंगे तो कटेंगे के जवाब के रूप में देखा जा रहा है। बता दें कि 13 नवंबर को होने वाली उपचुनाव की वोटिंग को टालने के लिए कांग्रेस, बीजेपी समेत कई दलों ने चुनाव आयोग से अपील की थी। पार्टियों का कहना था कि कई त्योहारों के चलते 13 नवंबर को वोटिंग कम हो सकती है। हालांकि, चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को ही आएंगे। अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा- टालेंगे तो और भी बुरा हारेंगे! पहले मिल्कीपुर का उपचुनाव टाला, अब बाकी सीटों के उपचुनाव की तारीख, बीजेपी इतनी कमजोर कभी न थी। दरअसल बात ये है कि यूपी में महा-बेरोजगारी की वजह से जो लोग पूरे देश में काम-रोजगार के लिए जाते हैं, वो दिवाली और छठ की छुट्टी लेकर प्रदेश आए हुए हैं, और उपचुनाव में बीजेपी को हराने के लिए वोट डालने वाले थे। जैसे ही बीजेपी को इसकी भनक लगी, उसने उपचुनावों को आगे खिसका दिया, जिससे लोगों की छुट्टी खत्म हो जाए और वो बिना वोट डाले ही वापस चले जाएं। ये बीजेपी की पुरानी चाल है- हारेंगे तो टालेंगे।

### बीजेपी ने तारीखों में बदलाव के लिए दिया था ज्ञापन

बता दें कि बीजेपी ने उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा उप-चुनाव की तारीखों में बदलाव की मांग को लेकर चुनाव आयोग को ज्ञापन दिया था। बीजेपी प्रतिनिधिमंडल ने कहा था कि 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा होने की वजह से कुंदरकी, मीरापुर, गाजियाबाद और प्रयागराज में लोग तीन चार दिन पहले इकट्ठे जो जाते हैं। ऐसे में चुनाव आयोग को कार्तिक पूर्णिमा को ध्यान में रखते हुए तारीखों में बदलाव करना चाहिए। बीजेपी की मांग थी कि 13 नवंबर की जगह 20 नवंबर को चुनाव कराए जाएं।

## रायबरेली दौरे पर रहेंगे राहुल गांधी, विकास परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास

### -उपचुनाव में राहुल प्रचार करेंगे या नहीं चर्चाओं का दौर शुरु

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** यूपी में विधानसभा की 9 सीटों होने वाले उपचुनाव के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को रायबरेली का दौरा करेंगे। इस दौरे में राहुल गांधी कई महत्वपूर्ण बैठकों और उद्घाटन कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। वह जिला समन्वय की बैठक और दिशा की बैठक में शामिल होंगे, जहां अमेठी के सांसद केएल शर्मा भी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा राहुल रायबरेली के शहीद चौक का उद्घाटन करेंगे और कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। सांसद राहुल का यह दौरा सुबह 10:30 बजे फुरसतगंज एयरपोर्ट से शुरू होगा, जहां से वह सड़क मार्ग से डिग्री कॉलेज चौराहा पहुंचेंगे और शहीद चौक का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह कलेक्ट्रेट परिसर स्थित बचत भवन में दिशा की बैठक में हिस्सा लेंगे। इस बैठक का उद्देश्य विकास परियोजनाओं की समीक्षा और समन्वय में सुधार करना है। राहुल गांधी का यह दौरा यूपी उपचुनाव के बीच हो रहा है, जिससे यह सवाल उठ रहे हैं कि क्या वे उपचुनाव में प्रचार करेंगे। हालांकि कांग्रेस ने इस पर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव से जब कांग्रेस से सीट शेयरिंग पर पूछा तो उन्होंने पुष्टि की कि उनकी कांग्रेस नेताओं से बातचीत हुई थी। यह उपचुनाव विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि अखिलेश भी इस बार व्यक्तिगत रूप से प्रचार करने उतरने वाले हैं। आमतौर पर सपा के उम्मीदवार स्थानीय नेताओं के नेतृत्व में ही चुनावी मुकाबला करते रहे हैं, लेकिन इस बार अखिलेश खुद मैदान में होंगे। इस बदलाव को 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले इंडिया गठबंधन को मजबूत बनाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि अखिलेश और राहुल गांधी का एक साथ उपचुनाव में प्रचार करना कांग्रेस और सपा के गठबंधन को जनता के सामने एक मजबूत विकल्प के रूप में पेश कर सकता है। इंडिया गठबंधन के चलते दोनों पार्टियों का साथ आना, खासतौर पर यूपी जैसे बड़े राज्य में, विपक्ष को एक नई ऊर्जा दे सकता है। हालांकि, राहुल गांधी के प्रचार में शामिल होने की पुष्टि अभी नहीं हुई है, लेकिन इसे लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चा शुरु हो गई है। राहुल गांधी का रायबरेली दौरा सिर्फ एक विकास कार्यों की समीक्षा के लिए नहीं है बल्कि कांग्रेस के लिए यूपी में अपना आधार मजबूत करने की दिशा में एक कदम भी माना जा रहा है। यह दौरा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उत्साह और नई दिशा देने का अवसर है, खास कर तब जब यूपी उपचुनाव में पार्टी की स्थिति महत्वपूर्ण मानी जा रही है। उनके दौरे से जहां रायबरेली में कांग्रेस की सक्रियता दिखाई देगी, वहीं उपचुनाव में उनकी उपस्थिति या प्रचार की संभावना विपक्षी गठबंधन के बीच नए समीकरण बनाने में मददगार साबित हो सकती है। ऐसे में आने वाले दिनों में देखना होगा कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव एक साथ प्रचार अभियान में उतरते हैं या नहीं।

## दुबई में करोड़पति इंसान की बीवी के राजकुमारी जैसे ठाठ, फिर भी नियमों में है बंधी

- इंस्टाग्राम पर पति द्वारा लगाई पाबंदियों को किया शेयर, वीडियो बना चर्चा का विषय

**दुबई।** एक महिला ने इंस्टाग्राम वीडियो के जरिए अपने करोड़पति पति द्वारा लगाई गई पाबंदियों को शेयर किया है, जो लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। महिला का नाम सौदी अल नादक है उसने वीडियो में बताया कि उसके पति ने उसे कई शर्तों के तहत घर में रखा है, जिनमें मैचिंग कपड़े पहनना, पुरुषों से दोस्ती न करना और काम करने की इजाजत न होना शामिल हैं। इस वीडियो को कुछ दिन पहले अपलोड किया गया है, जो अब तेजी से वायरल हो रहा है और इसे 52 हजार से ज्यादा लाइक्स मिले जबकि 3.5 मिलियन लोगों ने इसे देखा। सौदी ने खुलासा किया कि उसके करोड़पति पति ने उसके लिए कई नियम बनाए हैं, जैसे कि उसे अपने जूतों से मिलते-जुलते बैग का चुनाव करना और प्रोफेशनल से अपने बाल और मेकअप करवाना। महिला सौदी ने कहा कि उसका पति उसका पूरा खर्च उठाता है और उसे खाना भी बनाने नहीं देता। वे रोज बाहर ही खाना खाते हैं लेकिन एक खास नियम यह है कि उसे पुरुषों के साथ किसी भी तरह की दोस्ती पसंद नहीं है। उसने अपने पति को राजा और खुद को राजकुमारी कहते हुए बताया कि लोग उसे सॉड्रिला कह सकते हैं। वीडियो को देखने वाले यूजर्स ने अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दी हैं। एक यूजर ने लिखा- पैसे से खुशी नहीं खरीदी जा सकती लेकिन अगर आप पैसे के साथ खुश हैं, तो आपको बधाई। वहीं, एक अन्य ने चिंता जताई कि उसका पति उसे खुलकर जीने नहीं दे रहा है। कुछ यूजर्स ने यह भी पूछा कि क्या उसे अपनी जिंदगी में कुछ प्रोडक्टिव करने की आजादी है या नहीं, और तलाक के बाद उसे कुछ मिलेगा या नहीं। सौदी ने बताया कि उसने 6 साल की उम्र में अपने परिवार के साथ दुबई में आकर अपने पति जमाल अल नदाक से आठ साल पहले यूनिवर्सिटी में मुलाकात हुई थी। उनकी शादी तीन साल पहले हुई है और इस दौरान उन्होंने एक-दूसरे से पासवर्ड साझा करने और लोकेशन शेयर करने की भी शर्तें रखी थीं। इस घटना ने सोशल मीडिया पर लोगों के बीच चर्चा का एक नया विषय उत्पन्न कर दिया है, जहां लोग इस तरह के रिश्तों और व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर विचार कर रहे हैं। वैसे तो सउदी अरब में अब महिलाओं को काफी आजादी मिल चुकी है। वह नौकरी के साथ-साथ घूम, गाड़ी चलाने पूरी तरह स्वतंत्र हैं।



# रणजी ट्रॉफी के बाद भारतीय विकेटकीपर रिद्धिमान साहा लेंगे क्रिकेट से संन्यास



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के विकेटकीपर रिद्धिमान साहा ने घोषणा की है कि वे इस साल 2024-25 रणजी ट्रॉफी सीजन के बाद क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे, जिससे उनके 17 साल लंबे करियर का समापन हो जाएगा। साहा फिलहाल बेंगलुरु में कर्नाटक के खिलाफ बंगाल के चौथी राउंड मैच की तैयारी में जुटे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, क्रिकेट में एक यादगार सफर के बाद, यह मेरा आखिरी सीजन होगा। बंगाल की ओर से रणजी ट्रॉफी में खेलते हुए संन्यास लेना मेरे लिए सम्मान की बात है। आइए इस सीजन को खास बनाएं। 39 साल के साहा ने 2022-23 में बंगाल टीम के साथ विवाद के कारण टीम से दूरी बना ली थी। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के सचिव देबब्रत दास ने उन पर खेलने से बचने के बहाने बनाने का आरोप लगाया था। लेकिन इस सीजन में साहा ने टीम में वापसी की और रणजी ट्रॉफी के पहले दो मैचों में खेला। साहा ने भारत के लिए 40 टेस्ट खेले हैं, जिनमें उन्होंने 1353 रन बनाए, जिसमें तीन शतक और छह अर्धशतक शामिल हैं। लंबे समय तक वह टीम इंडिया के साथ जुड़े रहे, लेकिन ऋषभ पंत के आने से टीम में उनकी जगह बनाना मुश्किल हो गया, हालांकि वह कई बार दूसरे विकेटकीपर के रूप में शामिल होते रहे। साहा ने दिसंबर 2021 में आखिरी बार भारत के लिए खेला था और 2023 में उन्हें सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से रिलीज कर दिया गया था। आईपीएल 2025 की नीलामी से पहले, गुजरात टाइटंस ने उन्हें रिटेन नहीं किया। साहा उन चुनिंदा खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने 2008 से हर सीजन आईपीएल में खेला है। उन्होंने पहले सनराइजर्स हैदराबाद, चेन्नई सुपर किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के लिए भी खेला है। 2014 के फाइनल में, जब पंजाब किंग्स उपविजेता बनी थी, साहा ने 55 गेंदों पर नाबाद 115 रन बनाकर ऐतिहासिक शतक बनाया था।

सुनील गावस्कर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से पहले

# अभ्यास मैच खेलने की दी सलाह



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने टीम इंडिया से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले अभ्यास मैच खेलने का आग्रह किया है। भारत को इंडिया ए के साथ एक इंट्रा-स्क्वाड अभ्यास मैच खेलना था, जिसे उन्होंने रद्द कर दिया है। हालांकि गावस्कर ने टीम को मैचों के बीच अभ्यास मैच खेलने की सलाह दी है। पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि जो युवा खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया में कभी नहीं खेले हैं, उन्हें खुद को परिस्थितियों के अनुकूल ढाल लेना चाहिए। ध्रुव जुरेल, सरफराज खान और यशस्वी जायसवाल जैसे भारतीय युवा खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया में अपना पहला टेस्ट खेलेंगे और इसलिए उन्हें गति और उछाल के अभ्यस्त होने में कुछ समय लग सकता है। गावस्कर ने कहा, मुझे सच में लगता है कि उन्हें अभ्यास मैच खेलना चाहिए। टेस्ट मैचों के बीच के अंतराल में उन्हें वास्तव में अभ्यास मैच खेलने चाहिए। जरूरी नहीं कि सीनियर खिलाड़ियों के लिए। लेकिन जूनियर खिलाड़ियों के लिए भी जिन्होंने पहले कभी ऑस्ट्रेलिया में नहीं खेला है। यशस्वी जायसवाल, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल्स ये सभी युवा बल्लेबाज हैं। यहां तक कि ऑस्ट्रेलिया ए टीम या क्वींसलैंड जैसी स्टेट टीम के खिलाफ भी। जूनियर खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया में उछाल और पिचों के अभ्यस्त होने का अवसर दिया जाना चाहिए। गावस्कर ने आगे भारत को सलाह दी कि वे जितना हो सके उतना अभ्यास करें और थ्रो डाउन के बजाय नियमित गेंदबाजी खेलने पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने कहा, बस खुद पर भरोसा रखें। जितना हो सके उतना अभ्यास करें। मुझे लगता है कि थ्रोडाउन का सामना करना कुछ हद तक फायदेमंद है। लेकिन नियमित गेंदबाजी का सामना करना ज़्यादा जरूरी है।

# यह देखना दिलचस्प होगा कि भारत किस तरह वापसी करता है: गिलक्रिस्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट ने कहा है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 3-0 की हार के बाद भारत जिस तरह वापसी करेगा, उसे देखना दिलचस्प होगा, जब वे आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में ऑस्ट्रेलिया



का सामना करेंगे। भारत न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर 3-0 की अभूतपूर्व हार झेलने के बाद इस महत्वपूर्ण सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगा जो 12 वर्षों में घरेलू मैदान पर उसकी पहली टेस्ट सीरीज हार है। गिलक्रिस्ट ने कहा, मैं उनसे आसानी से हारने की उम्मीद नहीं कर रहा हूं, लेकिन मुझे लगता है कि उस हार और इस तथ्य के बाद कि यह एक क्लीन स्वीप था - मुझे याद नहीं है कि उनके साथ ऐसा कब हुआ है, सिर्फ एक सीरीज हारना, क्लीन स्वीप की तो बात ही छोड़िए। मुझे लगता है कि इससे आंतरिक रूप से कुछ सवाल उठेंगे और एक जुनूनी क्रिकेट राष्ट्र से उस बदलाव को देखने का दबाव, अपेक्षा और इच्छा, उन सभी खिलाड़ियों के कंधों पर भारी पड़ेगी। गिलक्रिस्ट ने कहा, वहां (टीम में) कुछ उम्रदराज खिलाड़ी हैं जो शायद खुद पर थोड़ा संदेह करना शुरू कर दें।

# अगर मैं उनके बल्लेबाजी क्रम में होता तो मैं नर्वस होता

नई दिल्ली, एजेंसी। इस साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले डेविड वार्नर ने कहा कि अगर वह आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया का सामना करने वाली भारतीय टीम में बल्लेबाज होते तो नर्वस होते। उन्होंने यह बयान भारत के हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ 3-0 की सीरीज में खराब प्रदर्शन के बाद दिया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की आगामी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 22 नवंबर को पर्थ में शुरू होगी।

वॉर्नर ने कहा, न्यूजीलैंड की ओर से यह बिल्कुल उल्लेखनीय था। टॉम (लैथम) और वहां के खिलाड़ियों को बधाई। मैं उस पहले टेस्ट को याद करता हूं जो उन्होंने खेला था और उन्होंने कुछ बेहतरीन कैच लिए थे और इससे माहौल तैयार हो गया था। अगर आप इस तरह के कैच लेते हैं और आप बढ़त हासिल करते हैं और सीरीज में एक-शून्य से आगे रहते हैं, तो यह बहुत बड़ी बात है। मुझे पता है कि वहां जीतना कितना मुश्किल है। उन्होंने अभी जो किया है, वह बिल्कुल शानदार है और इसका श्रेय उन्हें जाता है।



वार्नर ने कहा, इससे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को मदद मिलती है। वे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों में तीन-शून्य से हारने के बाद यहां आ रहे हैं, (जिनके पास) तीन विश्व स्तरीय तेज गेंदबाज और एक विश्व स्तरीय स्पिन गेंदबाज है और अगर मैं उनके बल्लेबाजी क्रम में होता तो मैं नर्वस होता। उन्हें यह भी लगता है कि ऑस्ट्रेलियाई शीर्ष क्रम को जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज का मुकाबला करने का तरीका खोजने की जरूरत है जबकि उनका मानना है कि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अपने टखने की चोट से उबरने के कारण शुरुआती टीम में शामिल नहीं होने के बावजूद किसी समय सीरीज़ में खेल सकते हैं। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलियाई शीर्ष क्रम को रन बनाने की जरूरत है। उनके पास मोहम्मद शमी हैं, जो वर्तमान में घुटने की चोट से उबरने की राह पर हैं - वे संभावित रूप से टीम के साथ यहां खेल सकते हैं - (और) आपके पास बुमराह और सिराज हैं जो उनके अगुआ हैं।

पूर्व ओपनर ने कहा, मुझे लगता है कि अगर ऑस्ट्रेलिया इन दो सज्जनों को मात दे सकता है, तो बोर्ड पर कुछ बड़े रन बनाए जा सकते हैं। लेकिन... हमें भारत के खिलाफ पूरी ताकत से खेलना होगा। हमने भारत के खिलाफ यहां अपनी पिछली दो सीरीज गंवा दी हैं (और) उनके पास खेलने के लिए बहुत कुछ है। वार्नर ने कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा की चौकड़ी को आगाह करते हुए कहा कि वे ऑस्ट्रेलिया में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए बेताब होंगे क्योंकि वे अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर हैं।

# घर पर 3-0 से हारना बहुत मुश्किल है और इसके लिए आत्मनिरीक्षण की जरूरत है: सचिन तेंदुलकर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में तीसरा मैच 25 रन से हारने के बाद न्यूजीलैंड के हाथों टेस्ट सीरीज में 0-3 से मिली हार पर आत्मनिरीक्षण की जरूरत बताई है। मुंबई में हार के परिणामस्वरूप, रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारत ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप स्टैंडिंग में अपना शीर्ष स्थान भी खो दिया और नए टेबल-टॉपर्स ऑस्ट्रेलिया के पीछे दूसरे स्थान पर आ गई। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, घर पर 3-0 से हारना बहुत मुश्किल है और इसके लिए आत्मनिरीक्षण की जरूरत है। क्या यह तैयारी की कमी थी, क्या यह खराब शॉट चयन था, या मैच अभ्यास की कमी थी? शुभमन गिल ने पहली पारी में लचीलापन दिखाया, और ऋषभ पंत ने दोनों पारियों में शानदार प्रदर्शन किया - उनके फुटवर्क ने चुनौतीपूर्ण सतह को पूरी तरह से अलग बना दिया।वह बस शानदार था। पूरी श्रृंखला में लगातार प्रदर्शन के लिए न्यूजीलैंड को पूरा श्रेय जाता है। भारत में 3-0 से जीतना सबसे अच्छा परिणाम है। न्यूजीलैंड से हार के बाद पहली बार भारत को घरेलू टेस्ट श्रृंखला में क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा, 1999/2000 में दक्षिण अफ्रीका की 2-0 की जीत के बाद। यह तीन मैचों की श्रृंखला और उसके बाद घरेलू मैदान पर भारत की पहली 3-0 की क्लीन स्वीप हार भी है। भारत की श्रृंखला हार का एक बड़ा कारण यह भी रहा कि न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के हाथों गंवाए गए 57 विकेटों में से 37 विकेट स्पिनरों के हाथों गंवाए, जिसकी वजह से मेजबान टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने आलोचना की।



सहवाग ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर लिखा, समर्थकों के तौर पर टीम का समर्थन करना जरूरी है, लेकिन हमारी टीम का प्रदर्शन बहुत खराब रहा। स्पिन खेलने के कौशल में निश्चित रूप से सुधार की जरूरत है और कुछ प्रयोग छोटे प्रारूप के लिए अच्छे हैं, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में सिर्फ दिखावे के लिए कुछ अनावश्यक प्रयोग करना वास्तव में खराब था।टॉम लैथम और उनके खिलाड़ियों को वह करने के लिए बधाई जो हर मेहमान टीम का सपना होता है और कोई भी टीम इस तरह से जीत नहीं सकती। भारत के पूर्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज इरफान पठान ने अपने बड़े भाई और पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान के साथ हुई बातचीत का हवाला देते हुए घरेलू क्रिकेट में लाल गेंद वाले बल्लेबाजों की कमी पर बात की। इरफ़ान ने एक्स पर लिखा, कल मेरी युसूफ पठान भाई के साथ अच्छी बातचीत हुई।

उन्होंने घरेलू क्रिकेट के बारे में एक सही बात कही - हम या तो घास वाली पिचों पर या सपाट ट्रैक पर खेल रहे हैं, लेकिन अब शायद ही कभी टर्निंग सरफेस पर खेलते हैं। साथ ही, शीर्ष खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं। यह हमें लंबे समय में नुकसान पहुंचा सकता है।

भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने टेस्ट टीम से घरेलू मैदान पर बेहतर पिचों पर बल्लेबाजी करने का आह्वान किया और उनसे टर्निंग पिचों पर नहीं खेलने का आग्रह किया। टर्निंग पिचें आपकी अपनी दुश्मन बन रही हैं। न्यूज़ीलैंड को बधाई हो। आपने हमें मात दी। कई सालों से कह रहा हूं। टीम इंडिया को बेहतर पिचों पर खेलने की जरूरत है। ये टर्निंग पिचें हर बल्लेबाज को बहुत साधारण बना रही हैं।

उन्होंने एक्स पर लिखा, पहले की पीढ़ी के बल्लेबाज इस तरह की पिचों पर कभी नहीं खेले। ये पिचें 2/3 दिन के टेस्ट मैचों के लिए तैयार की गई हैं। टीमों को आउट करने के लिए आपको इन पिचों पर मुरली, वॉर्न या साकी की जरूरत नहीं है। कोई भी किसी को भी आउट कर सकता है। भारत के पास 2023-2025 डब्ल्यूटीसी चक्र असाइनमेंट में ऑस्ट्रेलिया में केवल सबसे महत्वपूर्ण बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी बची है।

डब्ल्यूटीए फाईनल्स

# कोको गॉफ ने डब्ल्यूटीए फाइनल में पेगुला को हराया, स्वियातेक की संघर्षपूर्ण जीत



**रियाद, एजेंसी।** इस टूर्नामेंट में विश्व की चोटी की आठ खिलाड़ी भाग ले रही हैं। नए कोच के साथ डब्ल्यूटीए फाइनल में पहुंची स्वियातेक ने सितंबर में अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में पेगुला से सीधे सेटों में हारने के बाद से कोई मैच नहीं खेला था। अमेरिका की कोको गॉफ ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स में हम वतन जेसिका पेगुला को 6-3, 6-2 से हराकर साल के इस अंतिम टेनिस टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत की। दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने अपने पहले मैच में बारबोरा क्रेजिसिकोवा को 4-6, 7-5, 6-2 से हराया। यह उनकी पिछले दो महीने में पहली जीत है। इस टूर्नामेंट में विश्व की चोटी की आठ खिलाड़ी भाग ले रही हैं। नए कोच के साथ डब्ल्यूटीए फाइनल में पहुंची स्वियातेक ने सितंबर में अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में पेगुला से सीधे सेटों में हारने के बाद से कोई मैच नहीं खेला था। शनिवार को शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने अपने शुरुआती मैच में झेंग किनवेन पर सीधे सेटों में जीत दर्ज की। एक अन्य मैच में चौथी वरीयता प्राप्त इटली की जैस्मीन पाओलिनी ने पांचवीं वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना को हराया।

ला लिगा

# बार्सिलोना की एक और जीत, रियाल मैड्रिड पर नौ अंक की बढ़त बनाई, जानें मैच में क्या हुआ



**मैड्रिड, एजेंसी।** बार्सिलोना अब मैड्रिड से नौ अंक आगे हो गया है, जिसका वालेंसिया में शनिवार को होने वाला मैच बाढ़ के कारण स्थगित कर दिया गया था। बाढ़ के कारण विलारियाल और रेयो वैलेकैनो के बीच होने वाला मैच भी स्थगित कर दिया गया। दानी ओल्मो के दो गोल की मदद से बार्सिलोना ने एस्पेनयोल पर 3-1 से जीत दर्ज करके स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के वर्तमान सत्र में अपना दबदबा बरकरार रखा। एक सप्ताह पहले सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम में रियाल मैड्रिड को 4-0 से हराने वाले बार्सिलोना की तरफ से राफिन्हा ने भी गोल किया। बार्सिलोना अब मैड्रिड से नौ अंक आगे हो गया है, जिसका वालेंसिया में शनिवार को होने वाला मैच बाढ़ के कारण स्थगित कर दिया गया था। बाढ़ के कारण विलारियाल और रेयो वैलेकैनो के बीच होने वाला मैच भी स्थगित कर दिया गया। दक्षिणी स्पेन में बाढ़ के कारण अभी तक 200 से अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। इस क्षेत्र में होने वाले सेकंड डिवीजन के तीन मैचों को भी स्थगित कर दिया गया है। बार्सिलोना ने इस जीत से एस्पेनयोल के खिलाफ अपना अजेय अभियान 27 में तक बढ़ा दिया है। लीग तालिका में 17वें स्थान पर मौजूद एस्पेनयोल अपने पिछले सात लीग मैचों में से छह हार चुका है। इस बीच एटलेटिको मैड्रिड के कोच डिएगो शिमोन के बेटे गिउलिआनो शिमोन ने लास पालमास के खिलाफ टीम की 2-0 की जीत में क्लब के लिए अपना पहला गोल किया।

# ऑक्शन से पहले बटलर ने छोड़ा राजस्थान का साथ

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज और इंग्लैंड के टी20 कप्तान जोस बटलर ने रविवार को सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट लिखा। बटलर आईपीएल में सालों से राजस्थान रॉयल्स के लिए खेल रहे हैं लेकिन इस टीम ने उन्हें मेगा ऑक्शन 2024 के लिए रिटेन नहीं किया। बटलर को शायद अब ऐसा लग रहा है कि ऑक्शन में भी हो सकता है टीम उनपर दांव न लगाए। इसी कारण उन्होंने इस फ्रेंचाइजी के लिए फेयरवेल पोस्ट लिखा।

**जोस बटलर ने लिखी पोस्ट-** जोस बटलर ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'ऐसा लग रहा है कि यह एक अंत है। शुक्रिया राजस्थान रॉयल्स और उन सभी लोगों को शुक्रिया जो इन सात बेहतरीन सालों में साथ रहे। 2018 में मेरे क्रिकेट करियर के सबसे शानदार सालों की शुरुआत रही और मुझे पिंक जर्सी में कई यादगार पल मिले। मेरा और मेरे परिवार का खुली बांहों से स्वागत करने के लिए शुक्रिया। मैं बहुत कुछ लिखना चाहता हूं लेकिन यहीं रहने देता हूं।'

**बटलर का राजस्थान रॉयल्स के लिए शानदार रिकॉर्ड-** बटलर ने राजस्थान रॉयल्स के लिए 3055 रन बनाए हैं। साल 2022 के सीजन में उनके बल्ले से 863 रन बनाए थे। बटलर



राजस्थान रॉयल्स के लिए सात शतक और 18 अर्धशतक भी लगा चुके हैं। बटलर ने कई अहम मौकों पर अपने दम पर टीम को जीत दिलाई और बड़े मैच विनर साबित हुए।

राजस्थान ने 2018 से बटलर को अपने साथ बनाए रखा है। हालांकि इस बार टीम ने उन्हें रिटेन किया है। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन, युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल, ऑलराउंडर रियान पराग, विकेटकीपर ध्रुव जुरेल, वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायर और गेंदबाज संदीप शर्मा को अपने साथ बनाए रखा है। राजस्थान ने 6 खिलाड़ियों को रिटेन करने के लिए कुल 79 करोड़ रुपये खर्च कर दिए। अब टीम के पास मेगा ऑक्शन के लिए पर्स वैल्यू में 41 करोड़ रुपये बाकी रह गए हैं।

ब्रिज ओलंपियाड

# भारत की सीनियर ब्रिज टीम का शानदार प्रदर्शन, ओलंपियाड में रजत पदक जीता



**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** भारतीय टीम ने 96 बोर्ड के फाइनल में शुरू में अमेरिका की टीम के सामने कड़ी चुनौती पेश की। अमेरिका की टीम ने हालांकि दो दिन तक चल फाइनल में आखिर तक अपनी लय बनाए रखी। अपने पिछले मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करने वाली भारत की सीनियर टीम को 16वें विश्व ब्रिज ओलंपियाड के फाइनल में अमेरिका से 165-258 से हारने के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय टीम में कमल मुखर्जी, विभास टोडी, बादल दास, प्रणब बर्धन, अरुण बापट, रवि गोयनका और गैर खिलाड़ी कप्तान गिरीश बिजूर शामिल थे। भारतीय टीम ने 96 बोर्ड के फाइनल में शुरू में अमेरिका की टीम के सामने कड़ी चुनौती पेश की। अमेरिका की टीम ने हालांकि दो दिन तक चल फाइनल में आखिर तक अपनी लय बनाए रखी। इस बीच इसी प्रतियोगिता के साथ खेली गई युगल स्पर्धा में संजीत डे और बिनोद साव की युवा भारतीय जोड़ी ने भी अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया।

# अक्टूबर में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर बढ़कर 57.5 हुई: पीएमआई

**तेजी से बढ़ते नए ऑर्डर तथा अंतरराष्ट्रीय बिक्री भारत के विनिर्माण क्षेत्र के लिए मजबूत मांग वृद्धि दिखाती है**

**नई दिल्ली ।**

भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर सितंबर के आठ महीने के निचले स्तर से अक्टूबर में बढ़कर 57.5 हो गई। सोमवार को एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) सितंबर में आठ महीने के निम्नतम स्तर 56.5 से बढ़कर अक्टूबर में 57.5 हो गया, जो परिचालन स्थितियों में पर्याप्त तथा त्वरित सुधार का संकेत है। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। एचएसबीसी के एक अर्थशास्त्री ने कहा कि भारत के मुख्य विनिर्माण पीएमआई में अक्टूबर में काफी वृद्धि हुई है, क्योंकि अर्थव्यवस्था की परिचालन स्थितियों में व्यापक रूप से सुधार जारी है। तेजी से बढ़ते नए ऑर्डर तथा अंतरराष्ट्रीय बिक्री भारत के विनिर्माण क्षेत्र के लिए मजबूत मांग वृद्धि को दर्शाती है। भारतीय वस्तुओं की मजबूत मांग से प्रदर्शन में तेजी आई। इसके अलावा, नए उत्पादों पेश किए जाने और सफल विपणन पहलों ने बिक्री प्रदर्शन को बढ़ाने में मदद की। सितंबर में डेढ़ साल में सबसे कम वृद्धि के बाद नए निर्यात ऑर्डर में भी मजबूत वृद्धि देखी गई। समिति के सदस्यों ने एशिया, यूरोप, लैटिन अमेरिका और अमेरिका से नए ऑर्डर में वृद्धि की सूचना दी। कीमतों के मोर्चे पर अक्टूबर के आंकड़ों ने भारत के विनिर्माण क्षेत्र में मजबूत मुद्रास्फीति दबाव का संकेत दिया। वहीं भारतीय विनिर्माता भविष्य की उत्पादन मात्रा के संबंध में अधिक आशावादी हैं। भंडारी ने कहा कि तीसरी वित्तीय तिमाही की शुरूआत में मजबूत उपभोक्ता मांग, नए उत्पाद जारी होने से कारोबारी विश्वास भी बढ़ा है। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने करीब 400 कंपनियों के एक समूह में क्रय प्रबंधकों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

# ट्रेन में गंदगी फैलाने वाले 12609 लोगों पर लगाया गया जुर्माना

**रेलवे ने सफाई को लेकर नया अभियान शुरू किया, यात्रियों को कचरा न फैलाने की दे रहा सलाह**

**नई दिल्ली।**



भारतीय रेलवे ने सफाई को लेकर एक नया अभियान शुरू किया है, जिसके तहत ट्रेनों और स्टेशनों को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए यात्रियों पर नजर रखी जा रही है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करना और सफाई के प्रति जागरूक करना है। हाल ही में रेलवे ने गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है, जिसमें 12,609 लोगों पर जुर्माना लगाया गया है। अभियान के तहत 2259 ऑपरेशन्स चलाए गए, जिनमें यात्रियों को रेलवे परिसर में कूड़ा-कचरा न फैलाने के लिए सलाह दी गई। हालांकि कई यात्री घर से बना खाना लेकर आते हैं और खाने के बाद बचे हुए खाद्य पदार्थ और पैकिंग का सामान ट्रेनों या स्टेशनों पर छोड़ देते हैं। ऐसे यात्रियों को अभियान के दौरान पकड़ा गया और जुर्माना लगाया गया। इस कार्रवाई के दौरान कई यात्री अपनी गलती स्वीकारने के बजाय तरह-तरह के तर्क देकर बचने की कोशिश करते रहे। कुछ ने कहा कि ट्रेन आने वाली थी, इसलिए गंदगी वहीं छोड़ दी, जबकि दूसरों ने दावा किया कि वे डस्टबिन में फेंकना भूल गए लेकिन ट्रेनों के टिकट निरीक्षक (टीटी) ने किसी भी दलील को नहीं माना और सभी पर जुर्माना लगाया। इस स्थिति पर यात्रियों ने कहा कि यदि उन्हें पता होता कि जुर्माना लगाया जाएगा, तो वे बेहतर होता कि खाना बाहर से ही खरीदते, जिससे गंदगी फैलाने का सवाल ही नहीं उठता। रेलवे के इस प्रयास से उम्मीद की जा रही है कि यात्री सफाई के प्रति अधिक जागरूक होंगे और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने से बचेंगे। भारतीय रेलवे का यह अभियान न केवल ट्रेनों और स्टेशनों की स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए है, बल्कि यात्रियों के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए भी महत्वपूर्ण है।

# इस वर्ष 500 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगा वैश्विक सौर निवेश : जोशी

**- वैश्विक सौर निवेश 2018 में 144 अरब डॉलर से बढ़कर 2023 में 393 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया**

**नई दिल्ली ।**

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) की 7वीं आम सभा के उद्घाटन सत्र में कहा कि वैश्विक सौर निवेश इस साल 500 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा जो 2023 में 393 अरब डॉलर था। उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रों में यह कोयले तथा गैस से भी अधिक किफायती ऊर्जा स्रोत है। उन्होंने कहा` कि` निवेशों से न केवल नई क्षमता जुड़ रही है, बल्कि दुनिया भर में सौर ऊर्जा की लागत भी कम हो रही है। उन्होंने कहा` कि यह तीव्र वृद्धि रिकॉर्ड-तोड़ निवेशों से प्रेरित है। वैश्विक सौर निवेश 2018 में 144 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023 में 393 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है और 2024 के अंत तक इसके 500 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि आज सौर ऊर्जा कई क्षेत्रों में कोयले और गैस से आगे निकलकर बिजली का सबसे किफायती स्रोत बन गई है। मंत्री ने बताया कि आईएसए 'टुवाड्र्स 1000' (1000 की ओर) रणनीति से आगे बढ़ रहा है जिसका लक्ष्य 2030 तक सौर ऊर्जा समाधानों में 1,000 अरब डॉलर का निवेश जुटाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार के शासन में भारत ने महत्वाकांक्षी अक्षय ऊर्जा लक्ष्य निर्धारित किए हैं और उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने बताया कि भारत ने पिछले महीने 90 गीगावाट की स्थापित सौर क्षमता हासिल कर ली और 2030 तक 500 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता के अपने व्यापक लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। जोशी ने कहा कि भारत नए क्षितिज पर भी अपनी नजरें स्थापित कर रहा है, जिसका लक्ष्य 2030 तक 50 लाख टन हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करना है, जिसे 125 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता से समर्थन मिलेगा। उन्होंने कहा ` कि हमने करीब 37.5 गीगावाट की कुल क्षमता वाले 50 सौर पार्क को मंजूरी दी है। 2030 तक 30 गीगावाट के अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए संभावित अपतटीय पवन ऊर्जा स्थलों की पहचान की है।

# शेयर धारकों को जोरदार रिटर्न दे रहा मल्टीबगैर आईपीओ, शेयर 10 महीने में 400 फीसदी चढ़ा

**नई दिल्ली ।**

पिछले एक साल में शेयर बाजार में कई आईपीओ ने दस्तक दी और लिस्टिंग पर निवेशकों की खूब कमाई कराई लेकिन एक इश्यू ऐसा है जो लगातार अपने शेयरधारकों को जबरदस्त रिटर्न दे रहा है। लिस्टिंग के बाद से अब तक यह शेयर 400 फीसदी से ज्यादा चढ़ गया है। हैरानी की बात है कि इस शेयर की लिस्टिंग को एक साल से भी कम समय हुआ है। दरअसल बीएसई और एनएसई पर लिस्टेड मोतीसंस ज्वैलर्स एक मल्टीबैगर आईपीओ साबित हुआ है। यह शेयर दिसंबर 2023 में एनएसई पर 98 फीसदी के प्रीमियम के साथ लिस्ट हुआ था। शेयर अपने आईपीओ प्राइस 55 रुपए से बढ़कर 291 रुपए के स्तर पर पहुंच गया है। इस अवधि में शेयरों ने 400 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न दे दिया है। मोतीसन्स ज्वैलर्स के शेयरों ने 1 अक्टूबर, 2024 को 329.90 रुपए का रिकॉर्ड उच्च स्तर हासिल किया था। 2024 में अब तक यह स्टॉक 191 प्रतिशत से अधिक चढ़ गया है और लगातार 10 महीनों में से पॉजिटिव रिटर्न दे रहा है। हालांकि, अक्टूबर महीने में इस शेयर में 6 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई है, जबकि सितंबर में यह शेयर 77 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ गया था। मोतीसंस ज्वैलर्स लिमिटेड भारत में आभूषणों के निर्माण और खुदरा बिक्री करती है। कंपनी सोने, हीरे, कुंदन, मोती, चांदी, प्लैटिनम, कीमती पत्थरों और अन्य धातुओं से बनी चूड़ियां, हार, झुमके, पेंडेंट, कंगन, अंगूठियां, नाक पिन, चेन और मंगलसूत्र बनाती है। मोतीसंस ज्वैलर्स लिमिटेड अपने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए ग्राहकों को सर्विस मुहैया कराती है. कंपनी की स्थापना 1997 में हुई थी और यह जयपुर में स्थित कंपनी है।

# दीपावली के बाद अब छठ पूजा के लिए ट्रेन में टिकट नहीं, फ्लाइट में बढ़ा किराया

**- दिल्ली से पटना या दुबई जाना एक बराबर**

**नई दिल्ली।**

दिवाली के बाद अब छठ पूजा के लिए ट्रेन और फ्लाइट में टिकटों की मारामारी चल रही है। देशभर से बिहार और झारखंड जाने वाली फ्लाइट्स में टिकट के दाम कई गुना बढ़ गए हैं। आलम यह है कि पटना और दरभंगा के लिए फ्लाइट का किराया दुबई, मलेशिया, बैंकॉक और सिंगापुर जाने से ज्यादा महंगा हो गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद और सूरत समेत कई शहरों से बिहार की ओर जाने वाली फ्लाइट्स के किराये में जबरदस्त उछाल आया है। हवाई किराये में आए इस तगड़े उछाल पर एक ट्रैवल एजेंट ने कहा है कि त्योहारी सीजन में एयर फेयर में उछाल देखने को मिलता है, लेकिन इस साल किराये में बहुत ज्यादा बढ़ोतरी देखने को मिला है। हैरान की बात है कि इतने महंगे किराये के बावजूद फ्लाइट्स में टिकट नहीं मिल पा रही है। दिल्ली-मुंबई से पटना और दरभंगा का फ्लाइट किराया 13000 से 18000 रुपये पहुंच गया है। वहीं सूरत से पटना का एयर फेयर भी 4 से 6 नवंबर के बीच 13 से 18 हजार रुपये पहुंच चुका है। उधर, दिल्ली से दुबई, मलेशिया, बैंकॉक और सिंगापुर का एयर फेयर 10000 से 20000 रुपये है। छठ पूजा के मौके पर देशभर से लाखों लोग यूपी, बिहार और झारखंड की ओर जाते हैं इसलिए इस सीजन में ट्रेनें पूरी तरह से पैक रहती है। ट्रैवल एजेंट ज्यादा पैसे लेने के बावजूद टिकट नहीं दे पा रहे हैं। फ्लाइट्स के किराये में यह बढ़ोतरी सिर्फ छठ पूजा के दौरान है। इसके बाद की तारीखों में किराया सामान्य नजर आ रहा है।

## रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई ।**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया चार पैसे की गिरावट के साथ ही 84.11 रुपये पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारीविदेशी पूंजी की सतत निकासी तथा घरेलू शेयर बाजारों में नरम रुख के बीच रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में महज एक पैसे की बढ़त के साथ 84.06 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि मजबूत डॉलर स्थानीय इकाई पर दबाव बना रहा है जिससे दिन में रुपया के सीमित दायरे में कारोबार करने का अनुमान है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने भी स्थानीय इकाई को प्रभावित किया जबकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा किसी भी हस्तक्षेप से स्थानीय मुद्रा को निचले स्तर पर समर्थन मिल सकता है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.07 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद यह 84.06 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से एक पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.07 पर बंद हुआ था।

## एफकॉन्स इन्फ्रा का शेयर निर्गम मूल्य से 10 फीसदी गिरकर सूचीबद्ध

**कंपनी का बाजार मूल्यांकन 16,680.87 करोड़ रुपये रहा**

**नई दिल्ली ।** शापूरजी पालोनजी समूह की प्रमुख बुनियादी ढांचा इंजीनियरिंग व निर्माण कंपनी एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का शेयर निर्गम मूल्य 463 रुपये से आठ प्रतिशत की गिरावट के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 7.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 430.05 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। इसके बाद यह 9.31 प्रतिशत लुढ़कर 419.85 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर इसने 7.99 प्रतिशत की गिरावट के साथ 426 रुपये पर शुरुआत की। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 16,680.87 करोड़ रुपये रहा। एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के अंतिम दिन गत मंगलवार को 2.63 गुना अभिदान मिला था। एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एआईएल) ने एंकर या बड़े निवेशकों से 1,621 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी ने 5,430 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 440-463 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया था। महाराष्ट्र स्थित एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर में वर्तमान में प्रवर्तक तथा प्रवर्तक समूह की इकाइयों की 99 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कंपनी नए निर्गम से प्राप्त राशि में से 80 करोड़ रुपये का इस्तेमाल निर्माण उपकरण खरीदने, 320 करोड़ रुपये दीर्घकालिक कार्यशील पूंजी के लिए, 600 करोड़ रुपये कर्ज चुकाने और शेष राशि सामान्य कंपनी उद्देश्यों के लिए रखेगी।

## बजाज ऑटो की अक्टूबर में वाहन बिक्री दो फीसदी बढ़कर 4,79,707 इकाई हुई

**- वर्ष 2023 के अक्टूबर महीने में वाहन बिक्री 4,71,188 इकाई थी**

**मुंबई ।** वाहन बनाने वाली कंपनी बजाज ऑटो की वाणिज्यिक वाहनों तथा निर्यात सहित कुल वाहन बिक्री अक्टूबर में दो प्रतिशत बढ़कर 4,79,707 इकाई हो गई, जो 2023 के इसी महीने में 4,71,188 इकाई थी। बजाज ऑटो लिमिटेड ने कहा कि समीक्षाधीन महीने में कुल घरेलू बिक्री आठ प्रतिशत घटकर 3,03,831 इकाई रह गई, जबकि 2023 के इसी महीने में 3,29,618 वाहन बिके थे। निर्यात 24 प्रतिशत बढ़कर 1,75,876 इकाई रहा, जो एक साल पहले समान अवधि 1,41,570 इकाई था। हालांकि समीक्षाधीन महीने में कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 4,14,372 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में 4,08,144 दोपहिया वाहन बिके थे। कंपनी ने कहा कि इसमें से घरेलू दोपहिया वाहनों की बिक्री 2,55,909 इकाई रही जो अक्टूबर 2023 में बेची गई 2,78,468 इकाइयों से आठ प्रतिशत कम है। वहीं पिछले महीने दोपहिया वाहनों का निर्यात सालाना आधार पर 22 प्रतिशत बढ़कर 1,58,462 इकाई हो गया। वाणिज्यिक वाहनों की कुल बिक्री पिछले महीने चार प्रतिशत बढ़कर 65,335 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में 63,044 वाणिज्यिक वाहन बिके थे।

# शेयर बाजार में भारी गिरावट

**सेंसेक्स 942 , निफ़्टी 309 अंक नीचे आया**

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को भारी गिरावट रही। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई हैं। आज कारोबार के दौरान 30 शेयरों वाला बीएई सेंसेक्स जहां 79 हजार , वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 24 हजार के नीचे खिसक गया। बाजार में गिरावट का एक और कारण अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले बाजार में संशय के हालात बनना भी है। जिससे निवेशकों ने बाजार से दूरी बनायी। दिन भर के कारोबार के बाद बीएसई सेंसेक्स 1.18 फीसदी करीब 941.88 अंक नीचे आकर र 78,782.24 पर बंद हुआ।

वहीं इसी प्रकार निफ्टी भी 1.27 फीसदी तकरीबन 309 अंक नीचे आकर 23,995.35 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी की 50 कंपनियों में से 42 के शेयर गिरावट पर बंद हुए।

वहीं सेंसेक्स की 30 कंपनियों में अदाणी पोर्ट्स का शेयर सबसे ज्यादा 3.23 फीसदी नीचे आकर बंद हुआ। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज, सनफार्मा, एनटीपीसी, बजाज फिनसर्व, टाटा मोटर्स, एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड, टाइटन, टाटा स्टील, नेस्ले इंडिया के शेयर भी गिरावट पर बंद हुए।

दूसरी ओर महिन्द्रा एंड महिंद्रा का शेयर 2त्न फीसदी ऊपर आकर बंद हुआ। इसके अलावा टेक महिंद्रा, स्टेट बैंक, एचसीएल टेक, इन्फोसिस के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए।

बाजार में गिरावट का मुख्य कारण रिलायंस इंडस्ट्रीज और बैंकिंग शेयरों का नीचे आना रहा है। जानकारों के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले बाजार में संशय है उससे भी विदेशी निवेशकों की बिकवाली से भारतीय बाजार पर दबाव आया है।

विदेशी निवेशकों की रिकॉर्ड मासिक बिकवाली और कंपनियों के दूसरी तिमाही के परिणाम उम्मीद से कम रहने से भी अक्टूबर में बेंचमार्क लगभग 6 फीसदी नीचे आया। जानकारों के अनुसार पिछले चार महीनों में बेंचमार्क में 15 फीसदी की बढ़त रही थी।

बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि सेंसेक्स में अभी और गिरावट हो सकती है और यह 72,000 के स्तर तक भी फिसल सकता है। ऐसे में 2024 में अब तक की गई सारी बढ़त समाप्त हो जाएगी। । बाजार जानकारों के अनुसार किसी भी रिकवरी की कोशिश में बिकवाली का दबाव झेलना पड़ सकता है, जिससे बड़ी वापसी की उम्मीद कम ही नजर आ रही है।

अभी निवेशकों की नजर अमेरिकी चुनावों और फेड रिजर्व के परिणामों पर लगी हुई हैं। इसके अलावा विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियों और घरेलू कंपनियों के तिमाही परिणाम इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगे।

इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजार से मिले मिश्रित रुझानों के बीच ही बाजार की शुरुआत लाल निशान पर हुई। बेंचमार्क इंडेक्स, सेंसेक्स और निफ्टी शुरुआती कारोबार में नीचे आये । सेंसेक्स 150 अंक की गिरावट के साथ 79,573 पर खुला, जबकि निफ्टी 50 100 अंक की गिरावट के साथ 24,204 पर कारोबार कर रहा था। वहीं पिछले कारोबारी सत्र शुक्रवार को जब देश भर ने दीवाली मनाई गई तब शेयर बाजारों ने शाम को एक घंटे के लिए मुहूर्त ट्रेडिंग सत्र आयोजित किया। मुहूर्त ट्रेडिंग में सेंसेक्स 335.06 अंक बढ़कर 79,724.12 पर बंद हुआ और निफ्टी 50 94.20 अंक बढ़त लेकर 24,299.55 पर बंद हुआ। वहीं चुनाव से पहले शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट उच्च स्तर पर बंद हुआ।

## त्योहारी सीजन में ईवी वाहन बाजार में रिकॉर्ड बिक्री हुई

**- ईवी का कुल पंजीकरण 2,17,716 वाहनों तक पहुंच गया**



**नई दिल्ली ।** त्योहारी सीजन ने अक्टूबर में भारत के इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार को जबरदस्त रफ्तार दी। इससे इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में पिछले दो महीनों से जारी गिरावट का रुख पलट गया। महीने के दौरान ईवी का कुल पंजीकरण 2,17,716 वाहनों तक पहुंच गया जो सितंबर में हुई 1,60,237 वाहनों की बिक्री के मुकाबले 35 फीसदी अधिक है। यह इलेक्ट्रिक वाहनों की अब तक की सर्वाधिक मासिक बिक्री भी है। इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री का यह आंकड़ा मार्च के मुकाबले भी अधिक है जब 2,13,063 वाहनों की बिक्री हुई थी। मार्च में फेम-2 योजना के अंतिम दिनों की बिक्री से भी ईवी को रफ्तार मिली थी। मगर अक्टूबर के आंकड़ों से पता चलता है कि इस साल मांग में कितनी तेजी आई है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के वाहन पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार इलेक्ट्रिक वाहनों की मासिक बिक्री 2024 में दूसरी बार 2 लाख वाहनों के पार पहुंच गई। इससे इलेक्ट्रिक वाहनों का कुल पंजीकरण बढ़कर 16 लाख के पार पहुंच गया। इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में दोपहिया सबसे बड़ी श्रेणी रही जहां कुल 9,54,241 वाहनों की बिक्री हुई। यह इलेक्ट्रिक वाहनों की कुल बिक्री का करीब 59 फीसदी है। उसके बाद 5,68,419 वाहनों यानी 35 फीसदी बिक्री के साथ इलेक्ट्रिक तिपहिया का स्थान रहा। इलेक्ट्रिक कार 83,802 वाहनों की बिक्री के साथ काफी पीछे रही, जबकि बस, ट्रक एवं निर्माण वाहनों की हिस्सेदारी 1 फीसदी रही। इस साल ईवी श्रेणी में जबरदस्त तेजी दर्ज की गई, क्योंकि 15 लाख का आंकड़ा छूने में उसे महज 10 महीने लगे। इस उपलब्धि को हासिल करने में पिछले साल पूरे 12 महीने लगे थे। इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री के लिए अक्टूबर जबरदस्त महीना साबित हुआ। इस दौरान त्योहारी मांग के दौरान ग्राहकों ने नए वाहन खरीदने की होड़ लगा दी। अक्टूबर में न केवल मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) ने भारी छूट के साथ खरीदारी को बेहतर बना दिया बल्कि केंद्र की पीएम-ई ड्राइव योजना से भी बिक्री को बढ़ावा मिला। सरकार ने दो वर्षों के लिए 10,900 करोड़ रुपये के साथ यह योजना 1 अक्टूबर को शुरू की थी। इसने विभिन्न इलेक्ट्रिक वाहन श्रेणियों में सब्सिडी को लक्षित करते हुए बिक्री को बढ़ावा दिया। एनआरआई कंसल्टिंग ऐंड सॉल्यूशंस के एक विशेषज्ञ ने कहा कि प्रोत्साहन, त्योहारी उत्साह और शुभ मुहूर्त ने कुल मिलाकर ईवी बाजार को रफ्तार दी। महीने के दौरान खास तौर पर इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री में जबरदस्त तेजी दर्ज की गई। अक्टूबर में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री सितंबर के मुकाबले 50 फीसदी बढ़कर 1,39,097 वाहन हो गई। सितंबर में 90,372 ई-दोपहिया की बिक्री हुई थी। इस बीच इलेक्ट्रिक तिपहिया की बिक्री में भी 7 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई और वह सितंबर में 62,901 वाहनों के मुकाबले बढ़कर अक्टूबर में 67,170 वाहन हो गई।

# आरबीआई के डिप्टी गवर्नर पद के लिए वित्त मंत्रालय ने आमंत्रित किये आवेदन

**नई दिल्ली ।**



वित्त मंत्रालय ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह नियुक्ति डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा के स्थान पर होगी जिनका विस्तारित कार्यकाल 14 जनवरी 2025 को समाप्त हो रहा है।` आरबीआई के डिप्टी गवर्नर का यह पद अर्थशास्त्रियों के लिए है। चयनित उम्मीदवार मौद्रिक नीति विभाग की देखरेख करेगा और दर निर्धारण समिति मौद्रिक नीति समिति का सदस्य भी होगा। सार्वजनिक घोषणा में उल्लिखित पात्रता मानदंडों के अनुसार आवेदकों के पास भारत सरकार में सचिव या समकक्ष स्तर पर अनुभव सहित लोक प्रशासन में कम से कम 25 वर्ष का कार्य अनुभव या किसी भारतीय या अंतरराष्ट्रीय सार्वजनिक वित्तीय संस्थान में कम से कम 25 वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिए। 15 जनवरी 2025 तक उम्मीदवारों की आयु 60 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग में आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख 30 नवंबर है। केंद्रीय बैंक में चार डिप्टी गवर्नर होते हैं। मौद्रिक नीति विभाग की देखरेख के लिए एक अर्थशास्त्री, एक वाणिज्यिक बैंकर, तथा दो बैंक से लिए जाते हैं। नोटिस में कहा गया` कि यह ध्यान देने योग्य है कि वित्तीय क्षेत्र नियामक नियुक्ति खोज समिति (एफएसआरएएससी) योग्यता के आधार पर किसी अन्य व्यक्ति की भी पहचान करने और सिफारिश करने के लिए स्वतंत्र है, जिसने पद के लिए आवेदन नहीं किया है। समिति उत्कृष्ट उम्मीदवारों के संबंध में पात्रता और योग्यता/अनुभव मानदंड में छूट की भी सिफारिश कर सकती है। एफएसआरएएससी की अध्यक्षता मंत्रिमंडल सचिव करते हैं। समिति के अन्य सदस्यों में वित्तीय सेवा विभाग के सचिव, आरबीआई गवर्नर और तीन बाहरी विशेषज्ञ शामिल हैं। पात्रा को पहली बार जनवरी 2020 में तीन साल के कार्यकाल के लिए डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया गया था। बाद में उन्हें दो बार एक साल का विस्तार दिया गया था।

## मैजिकपिन ने डिलीवरी चार्ज घटाया, 5 रुपए में घर आ जाएगा सामान

**मैजिकपिन के प्लेटफॉर्म शुल्क में 50 प्रतिशत की कटौती की गई**

**नई दिल्ली ।**

ई-कॉमर्स ऐप मैजिकपिन ने प्लेटफॉर्म शुल्क घटाकर 5 रुपये प्रति डिलीवरी कर दिया है। कंपनी के एक वे रिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह राशि इसके प्रतिस्पर्धियों के शुल्क के मुकाबले आधी है। जोमैटो और स्विगी ने लगभग दो सप्ताह पहले प्रति आपूर्ति प्लेटफॉर्म शुल्क में लगभग 42-67 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। मैजिकपिन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर मौजूदा कैलेंडर वर्ष के लिए प्लेटफॉर्म शुल्क में कमी की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हम त्योहारी सत्र के दौरान अपने आपूर्ति नायकों और अपने ग्राहकों की भलाई के लिए एक संतुलन बना सकते हैं। इसलिए मैजिकपिन का वादा है कि अधिक से अधिक लोग त्योहारी सत्र का आनंद उठा सकें। मैजिकपिन के प्लेटफॉर्म शुल्क में 50 प्रतिशत की कटौती की गई है। यह साल के बाकी हिस्से के लिए केवल पांच रुपये है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 के बाकी समय में खाद्य वितरण पर कोई शुल्क वृद्धि नहीं की जाएगी। जोमैटो ने प्लेटफॉर्म शुल्क सात रुपये से बढ़ाकर 10 रुपये कर दिया है। यह राशि ग्राहकों से प्रति ऑर्डर आपूर्ति शुल्क के अलावा ली जाएगी। स्विगी ने भी प्लेटफॉर्म शुल्क छह रुपये से बढ़ाकर 10 रुपये कर दिया है।









## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संकल्प सभा के करलयं संबोधित, देखू तस्बीर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को गढ़वा और चाईबासा में संकल्प सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपा कर गारंटी पूरा करेक कर ट्रैक रिकॉर्ड हय। हुवें दूसर दने जेएमएम, कांग्रेस, आरजेडी कर झूठा वायदा। ईमन 5 बछर तक मायं बहिनमन ले कुछ नई करलयं। अब जखन भाजपा कर जोजनामन सामने आय हे तब ऊमन महिलामन कर आंइख में धूल झोंकेक ले नकल करेक कर नवा-नवा घोसना कइर हे। ई मन नकल कइर सकयंना मकिल भाजपा कर जगन जे नेक नीयत हेके ऊ नेक नीयत कहां से लानबयं। ई अवसर में भाजपा कर बहुते बरिसठ नेता भी मउजूद रहयं।

# सीसीएल के कोल इंडिया कर इस्थापना दिवस में मिललक कतई कॉर्पोरेट अवाड्र्स

**रांची।** कोल इंडिया लिमिटेड/सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड कर 50वां इस्थापना दिवस कर अवसर में कोल इंडिया मुख्यालय में समारोह आयोजित करल गेलक। इकर में सीसीएल के हाईएस्ट डिपार्टमेंटल कैपेसिटी यूटीलाइजेशन, एम्पलॉई वेलफेयर, सीएसआर आउर क्लीनलीनेस ऑफ़ कॉलोनी मेंटेनेंस आउर सीएसआर एक्सपेंडिचर में दूसर पुरस्कार मिललक।

इकर अलावा बेक्तिगत केटेगरी में विजिलेंस एक्सीलेंस अवार्ड बिमल कुमार के, इंडिविजुअल एक्सीलेंस अवार्ड एस.के. सिंह के, बेस्ट एचओडी कर अवार्ड अजय सिंह के आउर बेस्ट एरिया जीएम कर अवार्ड अजय सिंह के द्वल गेलक।




ई अवसर में केंद्रीय कोयला आउर खान मंत्री जी. किशन रेड्डी; केंद्रीय कोयला सचिव विक्रम देव दत्त, अपर कोयला सचिव श्रीमती रूपिंदर बरार, अपर कोयला सचिव श्रीमती विस्मिता तेज, कोल इंडिया कर अध्यछ पी.एम. प्रसाद; निदेसक (पी एंड आईआर) विनय रंजन; निदेसक (बेवसाय बिकास), देबाशीष नंदा, निदेसक (विपनन) मुकेश चौधरी, निदेसक (बित्त) मुकेश अग्रवाल, कोल इंडिया कर मुख्य सतर्कता अधिकारी ब्रजेश कुमार त्रिपाठी, सीसीएल कर सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह आउर बिभिन्न कंपनी कर सीएमडी संगे कोल इंडिया आउर सीसीएल प्रबंधन कर बरिसठ अधिकारी उपस्थित रहयं।

## निर्वाचन काम में छोट लापरवाही भी बरदास निहीं

- जिला निर्वाचन पदाधिकारी कोसांगमन कर काम कर समीछा करलयं



**पलामू।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन कर अध्यछता में सोमार के पांचो बिधानसभा कर निर्वाची पदाधिकारी, बिभिन्न कोसांग आउर उनकर परभारी पदाधिकारीमन कर बैठकी होलक। मउका में उपायुक्त एक-एक कइर के सउब कोसांग कर द्वारा करल जायेक वाला काम से अवगत होलयं।

इकर में मुध रूप से ईवीएम/वीवीपैट कोसांग, सामग्री कोसांग, वाहन कोसांग, एमसीसी सेल, निर्वाचन कोसांग, पोस्टल बैलेट सेल, सेवा मतपत्र, मीडिया कोसांग आदि कर समीछा करलयं। ई दउरान ऊ 3 नवंबर के होम भोटिंग आउर सुबिधा केंद्र में होवल मतदान से संबंधित गोटा जानकारी लेलयं। पांचो बिधानसभा में भोटर इनफार्मेसन सिलिप कर बितरन कर भी जानकारी लेलयं।

उपायुक्त सउब से इस्पस्ट रूप से कहलयं कि निर्वाचन जइसन महतपूर्न काम में छोट लापरवाही के भी बरदास नई करल जाई। ई दिसा में जरुरी होए जायेला कि गोटा चुनाव परक्रिया में निर्वाचन आयोग कर दिसानिरदेस कर अनिवार्ज रूप से पालन होवे। बैठकी में ऊ सेक्टर पदाधिकारी कर तामिला, स्वीप गतिबिधि कर भी जानकारी लेलयं।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी बीएलओ के असिस्ट करेक के लेइ के रहेक वाला भोलेनटियर के परसिछित करेक उपरे जोर देलयं। एहे लखे जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन आउर कतई बिंदुमन उपरे भी समीछा करते बहुते निरदेस देलयं।

# चैनपुर में मतदातामन होम भोटिंग कइर करलयं मतदान

**चैनपुर।** बिधानसभा चुनाव में होम भोटिंग कर बेवस्था करल गेलक। चैनपुर में 85 साल आउर उकर से बेसी उमर कर बुजुर्गमन आउर दिब्यांगमन कर घर में मतदान दल पहुंइच के मतदान करालयं। सोमार के परसासन कर द्वारा चिन्हित दिब्यांग आउर बुजुर्गमन मतदान करलयं। इकर में अगुस्टिंग मिंज आउर मरियम मिंज 85 बछर से बेसी बुजुर्ग आउर पोल पीटर कुजूर दिब्यांग रहयं।

ई मतदातामन कर लोकतंत्र में भागीदारी सुनिस्चित करेक कर जिम्मेदारी बीएलओ ममता गुप्ता आउर रजनी एक्का कर संगे एगो टीम के देवल जाए रहे। इकर में कुल नौ गो आधिकारी रहयं। जिनके निर्धारित रूट मैप आउर निर्वाचन आयोग कर दिसा निरदेस कर पालन करते बुजुर्ग आउर दिब्यांग मतदातामन कर घर-घर जाए के मतदान प्रक्रिया संपन्न करालयं।

चैनपुर कर निवासी अगस्टिन मिंज आउर मरियम मिंज बुजुर्ग बतालयं कि पहिले ऊमन आपन मतदान करेक ले घर वाला कर भरोसा रहत रहयं। अब चुनाव आयोग घर बैठले मतदान कइर देलयं, इकर से उनके बहुते खुसी हय।



## हेमंत आउर कल्पना सोरेन करलयं जगह-जगह सभा, देखू फोटो







मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेश प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक** : रतन लाल अग्रवाल। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com